वर्ष- 11 अंक-299
लखनऊ, बुधवार 19 जून 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही न बरतें अधिकारी : उप मुख्यमंत्री 03
बहादुर हिमवीरों पर हमें है गर्व : अमित शाह 12

## संक्षिप्त समाचार

### पटना एयरपोर्ट को बम से उड़ने की धमकी, बढ़ी सुरक्षा

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना स्थित लोकनायक जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मंगलवार को ईमेल से दी गयी। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। धमकी भरे ईमेल के मिलने की पुष्टि पटना एयरपोर्ट के डायरेक्टर ने की है। धमकी देने वाले ने मेल के माध्यम से पटना समेत देश के 40 एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी है। पटना एयरपोर्ट के निदेशक को दोपहर 01:10 बजे धमकी भरा ईमेल आया। इसके बाद पटना एयरपोर्ट की सुरक्षा बढ़ा दी गई। पटना पुलिस, डॉग स्क्वायड और बम स्क्वॉड की टीम पटना एयरपोर्ट पर पहुंची और चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। तलाशी के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु एयरपोर्ट परिसर में बरामद नहीं हुआ। डीएसपी सचिवालय ने बताया कि मेल पर एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली थी। पुलिस सहित अन्य तमाम जांच एजेंसियां जांच में जुट गईं लेकिन कुछ भी संदेहास्पद वस्तु नहीं मिला।

### महाराष्ट्र वि. परिषद की 11 सीटों पर मतदान 12 जुलाई को

**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद की 11 सीटों के द्विवार्षिक चुनाव के लिए मतदान 12 जुलाई को होगा। इस तरह की घोषणा मंगलवार को चुनाव आयोग ने की है। जानकारी के अनुसार, महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्यों द्वारा चुने गए विधान परिषद के 11 सदस्यों का कार्यकाल 27 जुलाई को समाप्त हो जाएगा। इन 11 सदस्यों में डॉ मनीषा श्यामसुंदर कायंदे, विजय गिरकर, अब्दुल्ला खान ए. लतीफ खान दुर्रानी, निलय मधुकर नाइक, अनिल दत्तात्रेय परब, रमेश नारायण पाटिल, रामराव बालाजीराव पाटिल, डॉ वजाहत मिर्जा अतहर मिर्जा, डॉ प्रज्ञा राजीव सातव, महादेव जगन्नाथ जानकर और जयंत प्रभाकर पाटिल हैं। इस चुनाव के लिए अधिसूचना मंगलवार 25 जून को जारी की जाएगी। उम्मीदवार 02 जुलाई तक नामांकन कर सकते हैं। उम्मीदवारों द्वारा दाखिल नामाकंनों की जांच 03 जुलाई को होगी और उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 05 जुलाई है। इस चुनाव के लिए मतदान शुक्रवार 12 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। इसके बाद फिर उसी दिन शाम 5 बजे के बाद वोटों की गिनती की जाएगी। चुनाव की पूरी प्रक्रिया 16 जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी।

### मुख्यमंत्री योगी ने किया लोकाभिरामम् का लोकार्पण

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम पर केन्द्रित लोक संस्कृति शोध संस्थान की स्मारिका लोकाभिरामम् का लोकार्पण किया। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर संस्थान के शिष्टमण्डल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की तथा स्मारिका की प्रतियां भेंट की। शिष्टमण्डल में संस्थान के संरक्षक एवं विधायक डा. नीरज बोरा, पद्मश्री डा. विद्याविन्दु सिंह, सचिव सुधा द्विवेदी, अर्चना गुप्ता, नीरा मिश्रा, निवेदिता भट्टाचार्य एवं डा. एस.के.गोपाल सम्मिलित रहे। स्मारिका में भगवान राम के जीवन प्रसंगों पर आधारित विविध आलेखों, कविताओं के साथ ही जन्मभूमि आन्दोलन से सम्बन्धित साध्वी ऋतम्भरा के विचार प्रकाशित हैं।

# सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करके डॉक्टर बना व्यक्ति समाज के लिए खतरनाक

## सुप्रीम कोर्ट में नीट विवाद पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर सुनवाई, नीट यूजी को रद्द करने की मांग वाली याचिका पर केंद्र और एनटीए को नोटिस

▸ किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उससे निपटें : कोर्ट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में नीट विवाद पर ग्रेस मार्क्स से जुड़ी याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। अदालत ने कहा, अगर किसी की ओर से 0.001 प्रतिशत भी लापरवाही हुई है तो उससे पूरी तरह निपटा जाना चाहिए।

बच्चों ने परीक्षा की तैयारी की है, हम उनकी मेहनत को नहीं भूल सकते हैं। बेंच ने सरकार और एनटीए से यह भी कहा कि कल्पना कीजिए कि सिस्टम के साथ धोखाधड़ी करने वाला व्यक्ति डॉक्टर बन जाता है, वह समाज के लिए और भी ज्यादा खतरनाक है। इससे पहले 2015 में सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की टिप्पणी कर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट की परीक्षा रद्द की थी। तब कोर्ट का कहना था, एक भी फर्जी डॉक्टर बनता है तो पूरी परीक्षा रद्द होनी चाहिए। इस बात के सबूत हैं कि परीक्षा में इलेक्ट्रानिक डिवाइसेज का इस्तेमाल हुआ है, लेकिन कितने स्टूडेंट्स ने इसका इस्तेमाल किया, ये नहीं कहा जा सकता। ऐसे में परीक्षा रद्द करना जरूरी है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से आगे कहा, ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। शीर्ष अदालत ने पांच मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर चार जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा, एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हाँ कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई के दौरान केंद्र और एनटीए से कहा कि वे निष्पक्षता से काम करें और अगर नीट यूजी 2024 में कोई गलती हुई है तो उसे स्वीकार करें और छात्रों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित कार्रवाई करें। पीठ ने कथित तौर पर परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र सार्वजनिक होने और परीक्षा की तैयारियों में अन्य अनियमितताओं के कारण नीट यूजी 2024 को रद्द करने की मांग वाली इस याचिका पर केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा। शीर्ष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई अन्य संबंधित याचिकाओं के साथ आठ जुलाई को करेगी।

### नीट पेपर लीक मामले पर हैरान करती है मोदी की चुप्पी



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और श्री मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं। श्री गांधी ने मंगलवार को कहा, नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक छात्रों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। इसको लेकर बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य पेपर लीक का एपिसेंटर बन चुके हैं।

### एनटीए व भाजपा ने बच्चों के भविष्य से किया खिलवाड़



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की परीक्षा में हुए घोटाले को लेकर केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि एजेंसी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं के साथ मिलकर लाखों बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया है। आप ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 में हुए घोटाले के खिलाफ मंगलवार को यहाँ जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान आप नेता सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह नीट का इम्तिहान मोदी सरकार का भ्रष्टाचार है। शिक्षा मंत्रालय और उसके अधीन आने वाले एनटीए ने भाजपा शासित राज्यों में उसके नेताओं के साथ मिलकर देश के लाखों बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। हमारी मांग है कि यह परीक्षा रद्द कर दोबारा हो।

## पीएम मोदी ने सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 17वीं किस्त जारी करते हुए कहा

# लोगों के सपनों को पूरा करना हमारा लक्ष्य

▸ काशी की जनता ने मुझे जिताकर किया धन्य : नरेन्द्र मोदी

समृद्धि न्यूज



**वाराणसी।** वाराणसी से तीसरी बार लोकसभा चुनाव जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को काशी पहुंचे। उन्होंने देशभर के किसानों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। इसके बाद काशी की जनता का धन्यवाद किया। प्रधानमंत्री मंगलवार को वाराणसी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पहली बार मैं काशी आया हूं। बाबा विश्वनाथ, मां गंगा और काशी की जनता के आशीर्वाद से मुझे तीसरी बार देश का प्रधानसेवक बनने का मौका मिला है। काशी की जनता ने मुझे जिताकर धन्य कर दिया।

ऐसा लगता है कि अब तो माता गंगा ने भी मुझे गोद ले लिया और मैं यहीं का हो गया हूं। मैं आपका आभारी हूं। उन्होंने कहा कि इस बार देश के चुनावों ने नया इतिहास रच दिया है। दुनिया के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सरकार को लगातार तीसरी बार चुना गया हो। भारत की जनता ने यह कर दिखाया है। उन्होंने देशवासियों को विश्वास दिलाया कि वे दिन-रात ऐसे ही मेहनत करेंगे और लोगों के सपनों और संकल्पों को पूरा करने के लिए हर प्रयास करेंगे।

तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अपने पहले सार्वजनिक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) के अंतर्गत लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी की। अब तक 11 करोड़ से अधिक पात्र किसान परिवारों को पीएम-किसान योजना के अंतर्गत 3.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजना बन गई है। उन्होंने कहा कि हम पैकेज्ड फूड के वैश्विक बाजार में देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहे हैं। उनका सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कुछ अनाज या फल उत्पाद होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक कृषि सखी महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### काशी की भव्य गंगा आरती में शामिल हुए प्रधानमंत्री

मां गंगा का आचमन कर दिखाई श्रद्धा, उतारी मां गंगा की आरती

**वाराणसी।** केन्द्र में लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दशाश्वमेध घाट पर मां गंगा के तट पर पहुंचे। दुल्हन की तरह फूलों से सजे घाट पर गंगा सेवा निधि के विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती में शामिल होने के पूर्व प्रधानमंत्री ने घाट पर बने जेटी से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां गंगा का आचमन किया। विधि विधान से मां गंगा का पूजन कर उनकी आरती उतारी और पूरे देश को जल सरंक्षण का बड़ा संदेश दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री गंगा सेवा निधि के गंगा आरती में शामिल हुए। डमरू और घंटियों की धुन के बीच पांचवीं बार गंगा आरती में शामिल प्रधानमंत्री ने मां गंगा के प्रति अपार श्रद्धा दिखाई। मां गंगा की विशेष महाआरती, लयबद्ध भजन गायन के बीच परंपरागत वेशभूषा में नौ अर्चकों को मां गंगा की आरती और 18 कन्याओं को ऋद्धि-सिद्धि के रूप में मां को चवंर डुलाते देख प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आह्लादित नजर आये।

# लखीमपुर हादसे में अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई निलंबित

समृद्धि न्यूज

▸ बाइक सवार तीन लोगों की मौत पर ऊर्जा मंत्री ने की कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर जिले के थाना हैदराबाद अन्तर्गत 11 केवी गोला-मोहम्मदी फीडर की विघुत लाइन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत पर ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने दु:ख व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त करवाई के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई को निलंबित कर दिया है। अन्य के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

लखीमपुर जिले के थाना हैदराबाद क्षेत्र में 17 जून को अपराह्न 16 बजे 11 केवी गोला-मोहम्मदी फीडर की विघुत लाइन की चपेट में आने से मोटर साइकिल पर सवार होकर पीलीभीत जा रहे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष एवं एमवीवीएनएल के एमडी को निर्देशित किया कि पुलिस तथा जिला प्रशासन के साथ ऊर्जा विभाग की टीम स्थल पर पहुंच कर मदद करे और घायलों का उपचार कराये।

घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गोला भेजा गया। ऊर्जा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, ईश्वर से प्रार्थना है कि मृतकों की आत्मा को शांति दें और उनके परिजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति दें। ईश्वर घायलों को पूर्ण रूप से तुरंत स्वस्थ करें।

### जम्मू कश्मीर की अधिकतर विधानसभा सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी बसपा

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर तथा हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव पर समीक्षा करने के मकसद से बहुजन समाज पार्टी की तरफ से मंगलवार को एक बैठक का आयोजन सतवारी स्थित पार्टी कार्यालय में किया गया जिसमें बहुजन समाज पार्टी के जम्मू कश्मीर कोऑर्डिनेटर एवं पूर्व सांसद राजा राम तथा डॉ. अवतार सिंह करीमपुरिया मुख्य तौर पर मौजूद रहे। बहुजन समाज पार्टी के जम्मू कश्मीर अध्यक्ष दर्शन राणा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक के दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता दौरान मौजूद रहे। जम्मू कश्मीर में बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे और पार्टी को आम लोगों का भरपूर सहयोग मिला।

## मोबिल से भरा ड्रम फटने से कार गैराज में लगी भीषण आग

समृद्धि न्यूज

▸ फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने मशक्कत से आग पर पाया काबू

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में एक कार गैराज में भीषण आग लग गई। मोबिल ऑयल से भरे ड्रम में तेज ब्लास्ट हुआ, जिससे पूरा इलाका दहल गया। दूर से आग की लपटें दिखाई दीं। आग लगने की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की 4 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

चिनहट देवा रोड पर बाबा हॉस्पिटल के पास यूनिक मोटर नाम से कार गैराज है। मंगलवार सुबह 9 बजे के करीब अचानक एक कार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कई गाड़ियों को चपेट में ले लिया। गैराज में करीब 20 से ज्यादा लग्जरी कारें खड़ी थीं। इसमें से 10 गाड़ियां पूरी तरह से जल गईं।

धमाके का वीडियो भी सामने आया है। लोगों ने बताया कि आग पहले गैराज में रखे मोबिल ऑयल के ड्रम में लगी। बम फटने जैसा तेज धमाका हुआ। गैराज के पास मौजूद लोग भाग खड़े हुए। आग इतनी तेज फैली की कोई भी बुझाने की हिम्मत नहीं जुटा सका। गैराज मालिक असनैन रजा ने बताया, दो दिन से गैराज बंद था। यहां काम करने वाले लड़के भी घर चले गए थे।

### यूपी विधान परिषद के सदस्य पद के उप निर्वाचन का कार्यक्रम जारी

**लखनऊ।** यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने यूपी विधानसभा सदस्यों द्वारा निर्वाचित यूपी विधान परिषद के सदस्य स्वामी प्रसाद मौर्य का कार्यकाल 06 जुलाई 2028 तक था, जिनके द्वारा 20 फरवरी 2024 को त्यागपत्र दिये जाने के कारण रिक्त सीट को भरने के लिए उप निर्वाचन कराये जाने का कार्यक्रम जारी किया है। 25 जून को नाम निर्देशन की अधिसूचना जारी की जायेगी। 02 जुलाई को नाम निर्देशन की अंतिम तिथि है। 03 जुलाई को नाम निर्देशनों की जांच की जायेगी। 05 जुलाई को नाम वापसी की अंतिम तिथि होगी। 12 को मतदान पूर्वाहन 09 बजे से 04 बजे तक कराया जायेगा। इसके उपरान्त सायं 05 बजे से मतगणना की जायेगी।

## उत्तर प्रदेश के 15 जिलों में होगा गो संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास

समृद्धि न्यूज

▸ 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण को यूपी सरकार ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा पशुधन विभाग को आदेश जारी किया गया है तथा 5.28 लाख रुपए की धनराशि व्यय से 15 जिलों में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास को सुनिश्चित किया जाएगा।

अधिकृत सूत्रों ने बताया कि इस प्रक्रिया के अंतर्गत प्रत्येक गौ संरक्षण केंद्रों को 12 हजार रुपए की धनराशि व्यय से निर्मित व विकसित किया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इस क्रम में बरेली के अनिरुद्धपुर, मउचंदपुर, सिकोड़ा, अंबरपुर, करतौली, मानपुर अहियापुर, चुरई दलपतपुर, बांसबोझ, महेशपुर शिव सिंह और शेखापुर में गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास किया जाएगा।

इसी प्रकार, उन्नाव के तौरा, टिकरा सामद, छूलामऊ, कोंथा व देवमई में गौ संरक्षण केंद्रों का निर्माण व विकास किया जाएगा। वहीं, शाहजहांपुर के शहबाजनगर, धुसगवां, बागपत के बिजवाड़ा, काकौर, अगला अगरी, लखीमपुर खीरी के कादीपुर, जालौन के नुनबई व गुजराजपुर में भी गौ संरक्षण केंद्रों का विकास किया जाएगा।

### डोडा आतंकी हमलों में सुरक्षाकर्मियों ने तीन लोगों को हिरासत में लिया

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों की गतिविधि के संबंध में सुरक्षाकर्मियों ने एक जोड़े सहित तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अधिकारियों का मानना है कि जिले के ऊपरी इलाकों में तीन से चार आतंकवादियों का एक समूह मौजूद है। भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर 11 जून की रात को चटरगल्ला के ऊपरी इलाकों में एक संयुक्त जांच चौकी पर आतंकवादियों के हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे। इसके बाद बुधवार शाम को जिले के गंदोह इलाके के कोटा टॉप गांव में एक तलाशी दल पर आतंकवादियों की गोलीबारी में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया।

## मालगाड़ी के लोको पायलट की लापरवाही से हुआ हादसा : रेलवे

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के रानीडांगा में जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी के लोको पायलट ने सिग्नल को पार करते समय ट्रेनों के लिए निर्धारित गति के नियमों का पालन नहीं किया, जिसके कारण रेल हादसा हुआ।

रेलवे के सूत्रों ने मंगलवार को यहां बताया कि ऐसा लगता है कि जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी के लोको पायलट (ट्रेन चालक) ने लाल सिग्नल से पहले रुकने के लिए निर्धारित शर्तों और 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति सीमा का पालन नहीं किया और बहुत अधिक गति से आगे बढ़ रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। सूत्रों ने बताया कि संयोग से जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी से पहले छह अन्य ट्रेनें भी रंगापानी स्टेशन से गुजरीं और इन सभी ट्रेनों के ट्रेन चालकों ने सुरक्षा नियमों का पालन किया। जीएफसीजे कंटेनर मालगाड़ी से टक्कर होने के समय कंचनजंघा एक्सप्रेस ट्रेन लाल सिग्नल से पहले रूक गयी थी। सूत्रों के मुताबिक स्वचालित सिग्नलिंग की विफलता के दौरान ट्रेन की आवाजाही हो रही थी।

### कंचनजंघा दुर्घटना मामले में जीआरपी ने दर्ज किया केस

**कोलकाता।** कंचनजंघा एक्सप्रेस दुर्घटना को लेकर न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन (एनजेपी) के रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एक यात्री ने यह शिकायत दर्ज कराई है। सोमवार रात जीआरपी को लिखित शिकायत दी गई, जिसके बाद मामला दर्ज किया गया। सोमवार सुबह फांसीदेवा में एक मालगाड़ी ने कंचनजंगा एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी। जिसके चलते एक्सप्रेस के पिछले हिस्से की बोगियां पटरी से उतर गई। हादसे में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। कई अन्य घायल हो गये हैं।

### वित्त वर्ष 2024-25 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में 17 जून 2024 शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4,62,664 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 382414 करोड़ रुपये की तुलना में 20.99 प्रतिशत अधिक है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आज यहां आंकड़े जारी करते हुये कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का कार्पोरेट कर (सीआईटी) (रिफंड के बाद शुद्ध) और 2,81,013 करोड़ रुपये का प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) सहित व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) (रिफंड के बाद शुद्ध) शामिल है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए प्रत्यक्ष करों के सकल संग्रह (रिफंड के लिए समायोजन से पहले) के अनंतिम आंकड़े पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 4,22,295 करोड़ रुपये की तुलना में 5,15,986 करोड़ रुपये हैं, जो वित्त वर्ष 2023-24 के संग्रह की तुलना में 22.19 प्रतिशत अधिक है।

उम्मीद

### मौसम विभाग ने प्रदेश में मौसम बदलने की जताई संभावना

# यूपी में 20 से 25 जून के बीच दस्तक देगा मानसून

सीएम के निर्देश पर बाढ़ से निपटने की तैयारियां शुरू : जीएस नवीन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। इसी बीच मौसम विभाग ने प्रदेश में मौसम बदलने की संभावना जताई है। वैज्ञानिकों के अनुसार प्रदेश में 20 से 25 जून के बीच मानसून आने की संभावना है। ऐसे में योगी सरकार मानसून को लेकर अलर्ट हो गयी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च स्तरीय बैठक कर मानसून की सक्रियता के बाद बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए अधिकारियों को खाका तैयार करने का आदेश दिया था ताकि प्रदेशवासियों और उनके मवेशियों को समय रहते सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी की मंशा के अनुरूप बाढ़ की स्थिति से निपटने की तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं।

बाढ़ से निपटने के लिए प्रदेश को तीन भागों में बांटा गया है। इसमें अतिसंवेदनशील श्रेणी में 29, संवेदनशील श्रेणी में 11 और सामान्य श्रेणी में 35 जनपद शामिल हैं। इन जिलों में विशेष निगरानी के लिए टीमों का गठन कर अलर्ट कर दिया गया है, जिसमें सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और पशुपालन विभाग के अधिकारी के साथ कर्मचारी शामिल हैं।

इसके अलावा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पीएसी और मौसम विभाग भी अलर्ट मोड पर है। राहत आयुक्त ने बताया कि बाढ़ से निपटने के लिए एनडीआरएफ की सात टीमें, एसडीआरएफ की 18 टीमें और पीएसी की 17 टीमों की प्रीपोजीशनिंग की जा चुकी है। इसके साथ ही राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा बाढ़ की अवधि में मौसम विभाग, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग और केंद्रीय जल आयोग से रिपोर्ट प्राप्त कर दैनिक समीक्षा का रोस्टर तैयार कर लिया गया है ताकि बाढ़ प्रबंधन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा सके। बाढ़ से निपटने के लिए राज्य स्तरीय इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर को भी एक्टिव कर दिया गया है, जहां चौबीसों घंटे राहत हेल्पलाइन 1070 के लिए 20 सीटर कॉल सेंटर संचालित कर दिया गया है। इमरजेंसी सेंटर के माध्यम से प्रदेश के बाढ़ प्रभावित जिलों में फील्ड में तैनात अधिकारियों को एसएमएस और वॉयस कॉल के माध्यम से वास्तविक स्थिति से अपडेट किया जाएगा ताकि समय रहते स्थिति से निपटा जा सके। इतना ही नहीं सभी जिलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा समेत 24 घंटे डिस्ट्रिक्ट इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर स्थापित कर दिये गये हैं।

साथ ही इन्हे राज्य स्तरीय राहत कंट्रोल रूम से जोड़ दिया गया है। वहीं बाढ़ की तैयारी के लिए सभी जनपदों को बाढ़ पूर्व तैयारी चेक लिस्ट भेजी जा चुकी है। योगी सरकार ने प्रदेश में बाढ़ समेत अन्य आपदा से निपटने के लिए 400 आपदा मित्रों की तैनाती की है। इन्हे 15 दिन की ट्रेनिंग के साथ यूनीफार्म, आईडी कार्ड, सर्टिफिकेट तथा इमरजेंसी रिस्पांडर किट उपलब्ध करायी गयी है। इसके अलावा 10,500 वालंटियर्स को प्रशिक्षण दिया गया है।

# छल्ले से लटकता मिला विवाहिता का शव, पांच पर मुकदमा दर्ज

▸ विवाहिता के पति व ससुर को पुलिस की गिरफ्तारी के बाद मायके पक्ष ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**सिंगाही खीरी। समृद्धि न्यूज**

थाना क्षेत्र के एक गांव में नव विवाहिता का शव छत के छल्ले में लटकता हुआ मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सिंगाही पुलिस ने मृतिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे नायाब तहसीलदार हरिराम ने मृतिका के परिजनों के बयान दर्ज किए हैं। पुलिस ने पिता की तहरीर पर ससुराल पक्ष के पति ,ससुर ,देवर, नन्द ,और सास पर विवाहिता के साथ मारपीट क्रूरता कर दहेज हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया है।

मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव सिन्हौना मे शिल्पी उम्र 18 वर्ष पत्नी लवकुश निवासी सिधौना की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर में चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर वहां मचे कोहराम में ग्रामीणो का जमावड़ा लग गया। नव विवाहिता के मौत की खबर सुनकर उसके पिता सोबरन व मायके पक्ष के लोग आ गए और वहां हंगामा करना शुरू कर दिया और ससुराल पक्ष के पति ,ससुर के साथ नन्द ,देवर और सास पर दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव को फांसी पर लटका देने का आरोप लगा कर पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि शिल्पी की शादी एक वर्ष पूर्व हिंदू रीति रिवाज के साथ की गई थी शादी में मायके पक्ष ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार मोटरसाइकिल और दहेज का सामान भी दिया था लेकिन शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोगों ने दहेज में सोने की चैन और दो लाख रूपये की अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे जो बस की बात नहीं थी इसी बात पर पुत्री को तरह-तरह के ताने देकर मारते पीटते थे और घर से भगा देते थे मंगलवार की रात भी मेरी पुत्री का मोबाइल तोड़ दिया गया और उसकी लाठी डंडों से लहू लोहान किया गया। पुत्री के कपड़ों पर खून के धब्बे भी मिले हैं।

पुलिस ने लोगों का आक्रोश देखकर पीड़ित लोगों की मांग पर आरोपी पति व ससुर को अपनी हिरासत में ले लिया तब जाकर मायके पक्ष के लोग शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। विवाहिता के पति व ससुर को पुलिस की गिरफ्तारी के बाद मायके पक्ष के लोगों ने मृतिका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने नव विवाहिता के पिता सोबरन की तहरीर पर पति लवकुश ,ससुर लल्लू, देवर अखिलेश, नन्द काजल, सास गुढा देवी पर विवाहिता के साथ मारपीट प्रताड़ित कर कुरूरता करने के साथ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। सिंगाही थाना प्रभारी अमित सिंह भदोरिया ने बताया कि पति व ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है और मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

> शादी के बाद से ही पति और पत्नी के संबंध ठीक नहीं थे आए दिन लड़ाई वह झगड़ा दोनों के बीच हुआ करता था पति-पत्नी के बिगड़े संबंध को सुधारने के लिए गांव में कई बार पंचायतें भी बैठी बताया जाता है कि शादी के 2 माह के बाद ही पति और पत्नी में अनबन हो गई थी तो वह अपने मायके ढखेरवा खालसा थाना निघासन में जाकर अपने पिता के घर लखीमपुर के न्यायालय मे ससुराल सिधौना गांव पहुंची थी और रहने लगी थी।

# कपिल गुर्जर ने की अग्नि प्रभावित ग्रामीण रामपाल की मदद

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**



मोहम्मदी तहसील के ग्राम बिचपरी मे अग्नि प्रभावित ग्रामीण रामपाल की मदद समाज सेवी कपिल गुर्जर द्वारा की गई। ज्ञात हो की बिचपरी गांव मे कूड़े के ढेर से निकली चिंगारी से ग्रामीण रामपाल के घर मे आग लग गई। आग लगने से ग्रामीण के घर पर रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। काफ़ी मेहनत मसक्कत के बाद जब तक ग्रामीण आग पर काबू पाते तब तक दस हजार नगदी समेत जेवर कपड़ा सहित घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। खबर लगते क्षेत्र मे एक लम्बे समय से समाज सेवा मे अपनी पहचान बना चुके कपिल गुर्जर अपनी टीम के साथ पहुँच कर अग्नि पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री तथा पहनने को कपडे आदि की व्यवस्था कराई गई साथ ही परिवार को यथा संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया। आवश्यक उपभोगी वस्तुए पाकर अग्नि प्रभावित परिवार की आँखों मे खुशी की झलक दिखाई दी।

# 83 गांवों को जोड़ने वाला रामनगर फीडर ठप्प, ग्रामीण परेशान

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ पूर्व में अवर अभियंता के कार्य काल मे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से हो रहती थी संचालित

बिजली विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते मितौली विद्युत उपकेंद्र द्वारा संचालित कस्ता एवं रामनगर फीडर की बिजली आपूर्ति बद से बत्तर बनी हुई है ।

रविवार रात 12 बजे से रामनगर फीडर की बिजली गुल हो गई, उक्त फीडर की बिजली आपूर्ति 83 गांवों से जोड़ती है। चार दिनों से उक्त गांवों की बिजली गुल होने पर झल्लाये दर्जनों गांवो के क्षेत्रीय उपभोक्ता विधुत उपकेंद्र मितौली पर जा धमके और धरने पर बैठने के लिए तैयार हो गए। उपभोक्ताओं की समस्या को देखते हुए एस डी ओ एजाज अहमद रिजवी ने तत्काल प्रभाव से रामनगर फीडर पर प्राइवेट कर्मी लगाकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया गया। ज्ञात हो कि पूर्व में अवर अभियंता देवता दीन के कार्य काल मे बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो रही थी और उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही होने के उपरान्त वर्तमान अवर अभियंता दिवाकर को विधुत उपकेंद्र मितौली का जार्ज मिलते ही कस्ता एवं रामनगर फीडर की बिजली आपूर्ति मे अघोषित बिजली कटौती एवं लाइन फाल्ट की समस्या बनी हुई है। जिससे उपभोक्ताओ मे रोष व्याप्त है।

# तहसीलदार की होती रही जांच, देते रहे आश्वासन



**गौरीफंटा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

▸ नहीं रुका गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर अवैध निर्माण
▸ बसी अवैध बनगवां मंडी में लगातार हो रहा अवैध निर्माण कार्य, तहसील प्रशासन खामोश

> तहसीलदार आरती यादव से फोन पर बात करने पर उन्होंने बताया कि गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करना पूर्णता अवैध है मैं जांच करवाती हूं। एक सप्ताह पूर्व भी तहसीलदार ने कार्रवाई का आश्वासन दिया था लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई थी।

जहां एक तरफ योगी सरकार भू माफियाओं पर कहर बनकर टूट रही है और जगह-जगह भू माफियाओं पर प्रशासन द्वारा लगातार बुलडोजर एक्शन जारी है तो वही जनपद लखीमपुर खीरी की पलिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत इंडो नेपाल बॉर्डर के गौरीफंटा थाना क्षेत्र के बनगवां मंडी में लगातार अवैध निर्माण कार्य प्रशासन की अनदेखी के चलते जारी है। बता दे कि बनगवां मंडी आए दिन अखबारों की सुर्खियों में छाई रहती है नित नए-नए कारनामे मंडी के उजागर होते रहते हैं बावजूद उसके तहसील प्रशासन द्वारा कोई कार्रवाई न करना कोई और ही संकेत देता है लगभग एक सप्ताह पूर्व भी बनगवां मंडी में अवैध निर्माण कार्य चल रहा था जिसकी खबरें भी अन्य अखबारो में प्रमुखता से प्रकाशित भी हुई थी।

जिसमें तहसीलदार आरती यादव द्वारा फोन पर बात करने पर उन्होंने बताया था कि गवर्नमेंट ग्रांट एक्ट की भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण करना पूर्णता अवैध है, मैं जांच कर उक्त प्रकरण को दिखवाती हूं। बावजूद उसके पुनः बनगवां मंडी में बिना किसी भय के निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

# संपत्ति के बंटवारे को लेकर छोटे भाई ने बड़े भाई पर चढ़ाया ट्रैक्टर

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

कलयुगी भाई ने घर की संपत्ति के बंटवारे को लेकर भाई के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ाकर की जान से मार डालने की कोशिश की। पुलिस ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर घायल व्यक्ति को निघासन सीएससी इलाज के लिए भेज दिया है वहां से डॉक्टर ने उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

मंगलवार को थाना सिंगाही क्षेत्र की ग्राम पंचायत लालापुर में सुबह विनय वर्मा व संतोष वर्मा पुत्र जगमोहन लाल वर्मा निवासी लालापुर के बीच काफ़ी समय से जमीनी विवाद चल रहा था जिसको लेकर घर पर ही कुछ कहा सुनी हो गई जिससे विनय वर्मा ने संतोष वर्मा को ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी तेज मारी की संतोष गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी पत्नी बाल - बाल बची घायल संतोष वर्मा को परिवार वालों ने तत्काल इलाज हेतु अस्पताल भेजा है।

बता दे कि प्राप्त विवरण के अनुसार खेत के बटवारे को लेकर काफ़ी समय से अनबन थी परिवार के सभी लोगों के समझाने पर अभी तक मामला शांत रहा आखि़रकार आक्रोश फूट ही पड़ा जिससे विनय वर्मा ने ट्रैक्टर से टक्कर मार ही दी और संतोष वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए जिससे परिवार जन सिंगाही थाने में जाकर न्याय की गुहार लगाई है।

# विधायक ने एक्सरे मशीन का किया उद्घाटन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में आज एक्सरे मशीन का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत और पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा की अस्पताल में डिजिटल एक्सरे मशीन लग जाने से मरीजों को इसका लाभ मिलेगा पहले अस्पताल में एक्सरे मशीन नहीं होने से मरीज को परेशानी होती थी और उन्हें निजी एक्सरे लैब पर जाना पड़ता था या फिर इलाज के लिए जिला अस्पताल भागना पड़ता था। उद्घाटन अवसर पर प्रमुख रूप से अधीक्षक डॉ प्रणव श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## खबरें एक नजर में

### आओ धरा सजाएं इसे हरा भरा बनाएं अभियान को लेकर पर्यावरण मित्र समूह के प्रयास जारी




**लखीमपुर खीरी।** पर्यावरण मित्र समूह के प्रतिनिधि मंडल ने जनपद के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज से मिलकर, पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण की दिशा में संस्था द्वारा कराए जाने वाले कार्यों की योजना की जानकारी देते हुए अपेक्षित सहयोग की कामना की। संस्था की टैग लाईन आओ धरा सजाएं इसे हरा भरा बनाएं तथा पर्यावरण मित्र समूह की अद्यतन गतिविधियों, प्रयासों एवं आगामी योजनाओं से अवगत होते हुए सभी द्वारा यथोचित सहयोग के आश्वासन के साथ इस कार्य में सम्पूर्ण समाज के सक्रिय सहयोग, जुड़ाव और भागीदारी तथा पौधों की देखभाल हेतु विशेष ध्यान देने के सुझाव भी प्राप्त हुए। पर्यावरण मित्र समूह के प्रतिनिधि मंडल में समूह की संरक्षक एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, विशाल सेठ, मयूरी नागर, प्रिया दीक्षित, कुमकुम गुप्ता, सीमा गुप्ता, मीडिया प्रभारी राम मोहन गुप्त आदि सम्मिलित रहे।

### नई पानी टंकी प्रांगण में भंडारे का आयोजन



**पलियाकलां खीरी।** ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगलवार पर पलिया नगर के नए पानी टंकी प्रांगण में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पलिया नगर सहित आस पड़ोस क्षेत्र के भक्त जनों ने प्रसाद ग्रहण किया, भंडारे का आयोजन विपनेश कुमार गुप्ता व उनके सहयोगियों के सहयोग से किया गया।

### सगे भाई के हत्याकांड में तीन गिरफ्तार

**रामनगर, बाराबंकी।** मेड को लेकर हुये विवाद में सगे भाई हत्याकांड के तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।मालूम हो कि ब्थाना रामनगर के अन्तर्गत विगत रविवार को ग्राम कटियारा में खेत की मेड़ को लेकर दो सगे भाई सहजराम व कीढ़ीलाल में जमकर मारपीट हो गई थी।जिसके चलते बड़े भाई सहजराम की मौके पर मौत हो गई थी।दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हुए थे।मृतक की पत्नी के द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस ने छोटे भाई के परिवार के तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था।मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने कीढ़ीलाल व उनके दो पुत्र भूपेंद्र व हरिश्चंद्र को आलाकत्ल हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ईदगाहों में अकीदत से पढ़ी गई नमाज, पुलिस रही मुस्तैद

**मसौली बाराबंकी।** कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा (बकरीद) सोमवार को इलाके भर में अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ईदगाहो और मस्जिदों में ईद उल अजहा की खास नमाज अता की गई। और खुदा की बारगाह में नमाजियों ने मुल्क की तरक्की, अमन-चैन के साथ बरकत और खुशहाली के लिए दुआ मांगी।



# अकीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-अजहा बकरीद की नमाज

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** मुस्लिम धर्म के प्रमुख त्योहारों में बकरीद का पर्व भी बेहद विशेष है. इसे ईद-अल-अज़्हा भी कहा जाता है सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ के निकट स्थित ईदगाह में ईद-उल-अजहा (बकरीद) के अवसर पर सुबह नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मौजूद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस त्योहार की मान्यता यह है कि हजरत इब्राहिम (अब्राहम) द्वारा अपने बेटे हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने की इच्छा की याद में मनाया जाता है।मुस्लिम समुदाय के लोग इस दिन अपनी हैसियत के अनुसार कुर्बानी देते हैं और जरूरतमंदों और गरीबों में बांटते हैं यह त्योहार गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने और समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देने की प्रेरणा देता है।

# बिजली लाइन की चपेट में आया परिवार, तीन की मौत



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना हैदराबाद क्षेत्र के बड़ी नहर पर टूटी पड़ी 11 हजार लाइन की चपेट में एक परिवार चपेट में आया जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई। बताया जाता हैं कि बाइक से परिवार जा रहा था तभी हाई टेंशन तार की चपेट में आ गया जिससे बाइक में आग लग गई।

बाइक सवार एक महिला एक बच्चे समेत तीन लोगों की झुलस कर मौत हो है। मृतक पीलीभीत जिले के रहने वाले थे। दर्दनाक हादसे में बाइक सवार बबलू (17) पुत्र अमरीश, मंजू (40) पुत्री अमरीश, अनमोल (4) पुत्र सोनेलाल की मौत हो गई।जबकि बिंदिया (55) पत्नी अमरीश और खुशी (6) पुत्री सोनेलाल झुलस गई। ये नीमगांव से शादी का निमंत्रण देकर अपने घर वापस बहादुरपुर, थाना सेहरामऊ, जिला पीलीभीत के लिए लौट रहे थे। लखीमपुर खीरी में बाइक पर बिजली का हाईटेंशन तार गिरने से बड़ा हादसा हो गया।

### घटनास्थल व जिला अस्पताल पहुंचे डीएम-एसपी

हादसे की सूचना मिलते ही डीएम महेंद्र बहादुर सिंह और एसपी गणेश प्रसाद साहा मौके के लिए फ़ोरन रवाना हुए। दुर्घटना स्थल पहुंचकर जायजा लिया, संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। इस हादसे पर डीएम-एसपी ने शोक जताया। दुर्घटना में झुलसी महिला और बच्ची का चिकित्सकों की निगरानी में जिलाचिकित्सालय में उपचार चल रहा है। विद्युत विभाग को दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजन को 05-05 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा, सीओ, तहसीलदार सुखबीर सिंह सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे घटनास्थल के उपरांत डीएम-एसपी सीधे जिला चिकित्सालय ओयल पहुंचे, जहां उन्होंने चिकित्सकों से भर्ती महिला और बच्ची की कुशलता जानी। उन्होंने अधिकारियों को घायलों की हर संभव मदद के निर्देश दिए हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि हैदराबाद थाना क्षेत्र में हृदय विदारक दुर्घटना हुई है, जिसमें 03 लोगों की मृत्यु हो गई है। वही महिला और बच्ची झुलसे हैं, जिनका चिकित्सकों की निगरानी में उपचार चल रहा है। डीएम ने कहा कि तार टूटा नहीं बल्कि पोल से नीचे गिरा है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए विद्युत महकमें के चीफ इंजीनियर मौके पर पहुंच रहे है।

# जगह-जगह लगे भंडारे, भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



ज्येष्ठ माह के चतुर्थ बड़े मंगलवार के शुभ अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमत भक्तों द्वारा जगह-जगह पर स्टाल लगाकर पूरी सब्जी छोले चावल हलवा चना बूंदी आदि का वितरण किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में आज अतुल सिंह हर्षित सिंह रमेश सिंह अनूप सिंह एडवोकेट नितेश कुमार सिंह द्वारा भटखेड़ा वार्ड स्थित श्री राम जानकी मंदिर पर सुंदरकांड के पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। युवा भाजपा नेता गोविंद पाठक द्वारा बीजापुर स्थित पाठक ब्रिक फील्ड पर भंडारे का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रामदेव सिंह द्वारा हनुमान जी की पूजा अर्चना के बाद किया नगर में राजू लस्सी के मालिक प्रिंस एवं सचिन गिरी द्वारा पूरी सब्जी छोले चावल हलवा बछरावां चौराहा पर युवा नेता प्रथमेश मिश्रा द्वारा पूरी सब्जी बूंदी आइस्क्रीम कोल्डड्रिंक रायबरेली मार्ग पर युवा नेता रोहित मिश्रा एवं सभासद शिवा वर्मा द्वारा छोले चावल बूंदी बाबा प्रेमदास कुटी के निकट मौर्य इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक शुभम मौर्य द्वारा छोले चावल बूंदी काशीराम कॉलोनी के गेट पर विक्की सैनी द्वारा छोले चावल का प्रसाद वितरण किया गया। भंडारों में प्रमुख रूप से क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह अरुण शुक्ला दीपू तिवारी बैजनाथ मौर्य नितिन मौर्य सोनू प्रधान आसाराम वर्मा समाजसेवी शक्ति सिंह प्रधान अभय प्रताप सिंह सोमिल शुक्ला अनुपम अवस्थी पूर्व उप बेसिक शिक्षा अधिकारी माता प्रसाद अवस्थी पवन अवस्थी समाजसेवी विष्णु शुक्ला शिवम सिंह मुन्ना त्रिवेदी पुजारी सिंह मंडल अध्यक्ष सहित हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# कुर्बानी को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट, छह घायल

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

त्योहार के मौके पर कुर्बानी को लेकर विशेष समुदाय के दो पक्षो में मारपीट हो जाने के साथ लाठी डंडे और ईट गुम्मा चलने लगे।

आधा दर्जन लोगों के चोटिल हो जाने के बाद देर शाम तक दोनों पक्ष थाने पर मौजूद रहे। मालूम हो कि नगर पंचायत रामनगर में बनाये गये कुर्बानी स्थल पर सोमवार को बकरीद के दिन मुस्लिम समुदाय के लोग कुर्बानी देने के लिए एकत्रित हुए थे।पर्ची के अनुसार नम्बर आने पर कुर्बानी हों रही थी।पहले कुर्बानी देने को लेकर दो पक्षों में कहां सुनी हो गई।कुछ देर बाद दोनों पक्षों में जबरदस्त मारपीट शुरू हो गई।लाठी डंडा ईट गुम्मा चलने लगे। एक दूसरे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया। एक पक्ष के दाऊद समीर दूसरे पक्ष के खालिद सहित लगभग आधा दर्जन लोग घायल हो गये।जल्द ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।यह मामला जब थाने पर पहुंचा तो घटना की सूचना पर उप जिलाधिकारी पवन कुमार और पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार पाठक भी थाने पहुंच गये।थाने पर जुटी भारी भीड़ को दोनों अधिकारियों ने पुलिस बल के द्वारा हटवाया। काफी देर तक गहमागहमी के बाद दोनों पक्ष आपस में सुलह समझौता कर अपने-अपने घर वापस चले गये। गौरतलब बात यह है की मारपीट के चलते बकरीद की खुशियां तार तार हो गई।

# मेंथा की टंकी में हुआ विस्फोट, वृद्ध किसान झुलसा

**रामनगर,बाराबंकी।** मेंथा की पेराई करते समय टंकी में विस्फोट हो जाने से एक वृद्ध झुलस गया।जिसका इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है।प्राप्त विवरण के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम मलिहामऊ निवासी 60 वर्षीय महावीर अपने भाई हरि नाम के साथ सोमवार की सुबह खेत मे लगी टंकी पर मेंथा की पेराई कर रहे थे।टंकी को गर्म करने के लिए हरिराम काफी समय तक ईंधन की झोकाई करते रहे। इसके बावजूद जब टंकी से तेल निकलना शुरू नहीं हुआ।तो वहां पर मौजूद उनके भाई महावीर टंकी का ढक्कन कसने लगे।इस दौरान मेंथा ऑयल की टंकी में अचानक भीषण धमाका हो गया। जिससे महावीर झुलस गये। विस्फोट होते ही आसपास के खेतों में कार्य कर रहे किसानों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गयी।

# अंतिम मंगलवार को समाजसेवियों ने बंटवाई पूड़ी-सब्जी

**मसौली,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



ज्येष्ठ के अन्तिम मंगलवार को हनुमान मंदिरों पर उमड़ी भीड़। जगह-जगह भण्डारे का हुआ आयोजन।

मसौली चौराहा स्थित अरबिन्द वर्मा के प्रतिष्ठित पर भण्डार का आयोजन किया गया है। विधुत उपकेन्द्र मसौली परिसर में एसडीओ रामगोपाल और जेई लाल जी सिंह की मौजूदगी में भण्डार का आयोजन किया गया इस दौरान विधुत विभाग एवं संविदा कर्मचारी मौजूद थे। बिन्दौरा में शिवराम सैनी द्वारा भण्डार का आयोजन किया, शहावपुर टोल प्लाजा पर प्रबन्धक पुष्पेन्द्र तिवारी द्वारा भव्य भण्डारे का आयोजन किया गया था जिसमें टोल के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया।वही कस्बा मसौली में भगवत दास कुटी और बल्ली दास मन्दिर , बड़ागांव, बांसा, ज्योरी, शहावपुर और बिन्दौरा आदि हनुमान मंदिरों पर सुबह से देर शाम तक भक्तों भोग लगाकर सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना किया। सिरौलीगौसपुर संवाददाता के अनुसार कस्बा बदोसरांय के हनुमान मंदिर पर सुबह भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने बजरंगबली की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। पंजरौली के हनुमान मंदिर पर आशीष वर्मा ने विशाल भंडारा आयोजित कर पूड़ी सब्जी बूंदी आदि प्रसाद वितरण किया जिसमे पूर्व मंत्री राकेश वर्मा की पत्नी चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज प्रबन्धक सुधा वर्मा ने प्रसाद ग्रहण किया। कोटवाधाम में रवि वर्मा ने भण्डारे का आयोजन किया।

# डीएम-एसपी ने बाढ़ से बचाव के लिए ड्रेजिंग कार्य का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, बाढ खण्ड के अधिशासी अभियन्ता आदि के साथ सरयू नदी के सनांवा से तेलवारी आदि स्थानों पर करवाये जा अनुरक्षण कार्यो व ड्रेजिंग कार्यो का सोमवार को निरीक्षण किया एंव बाढ से पूर्व सभी काम पूर्ण करा लेने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि बरसात बाढ से पहले बचाव व राहत कार्य पूर्ण कर लिये जांय। सोमवार जिला अधिकारी सत्येन्द्र कुमार झा, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता बाढ खण्ड एस के सिंह व सिंचाई विभाग के अभियन्ताओं के आदि के साथ सरयू नदी तट बांध के भीतर सनांवा पासिन टेपरा कुर्मिन टेपरा भौरीकोल तेलवारी इटहुवा पूरब आदि बाढ से प्रभावित होने वाले गांवों में बाढ खण्ड व सिंचाई विभाग द्वारा करवाए जा रहे अनुरक्षण कार्यो का निरीक्षण किया एंव सम्बंधित विभागों के अभियन्ताओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि बरसात व बाढ आने से पूर्व करवाये जा रहे कार्यो को गुणवत्तायुक्त व समय से बाढ राहत कार्य करवाये जाये।

# बिजली का बिल कम करने के नाम पर दलाल ने ठगे तीन लाख, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

बिजली का बिल सही करवाने को लेकर पूर्व में मीटर विभाग में काम करने वाले एक दलाल की दलाली का शिकार हुये तीन लोगों ने जैदपुर पुलिस से शिकायत कर तीन लाख से अधिक रूपये हडपने का आरोप लगाया है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

मामला नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला बड़ा पूरा का है। जहां मो0 रईस पुत्र सईद ने जैदपुर थाने में शिकायती पत्र देते हुये बताया कि मेरा एक रंगई का कारखाना है। जिसमें कामर्शियल कनेक्शन का बिल गड़बड़ होने से लगभग एक वर्ष से बिल जमा नहीं हो सका बिल सही कराने की बात कहकर राजपुर थाना राम सेनेही गाट असलम पुत्र इमाम अली ने जेई व एसडीओ को पैसा देकर बिल सही करवाने हेतु एक लाख बाईस हजार रूपये ऐंठ लिये इसी प्रकार अमीम पुत्र शमसुद्दीन निवासी बड़ा पूरा ने पूर्व में मीटर विभाग में काम करने वाले इसी दलाल के विरुद्ध जैदपुर थाने में लिखित शिकायत करते हुवे बताया कि एक लाख छप्पन हजार रूपये लेकर बकाया बिल सही करवाने हेतु दिया था। जबकि बिलाल पुत्र रिजवान निवासी बड़ापूरा ने भी जैदपुर थाने में शिकायत करते हुवे बताया कि बिल सही करने के लिये असलम ने एकतिश हजार रूपये ले लिये और आज तक कोई काम नहीं हुआ। तीनों लोगों की शिकायत पर जैदपुर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। वहीं सूत्रों की मानें तो ये आरोपी पहले मीटर विभाग में काम करता था और इस से कुछ जैदपुर के कर्मचारियों से दोस्ती है जिसके चलते इन लोगों के अलावा कोई नलकूप लगवाने के नाम ठगा गया है। तो तमाम अन्य लोगों को लाखों रूपए का चूना लगाने वाले इस दलाल को किसका संरक्षण प्राप्त है तो जांच के बाद पता चलेगा । इस संबंध में कस्बा इंचार्ज रनवीर सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

# लखनऊ समेत 14 परिक्षेत्र में इलेक्ट्रिक बसें दौड़ाने की तैयारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत 14 परिक्षेत्र में इलेक्ट्रिक बसें चलाने की तैयारी हो रही है। पहले चरण में वाराणसी, लखनऊ, अयोध्या, कौशांबी समेत कई रूटों पर इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी।

इलेक्ट्रिक बसें से सफर और आसान हो जाएगा। साथ ही लोगों को प्रदूषण से भी राहत मिलेगी। माना जा रहा है कि 2026 तक दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में डीजल बसें पूरी तरह से बंद करने की तैयारी हो रही है। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए डीजल बसों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने की योजना तैयार की है। जिसके चलते अब यूपी रोडवेज की डीजल और पेट्रोल से संचालित बसों की जगह इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी। पहले चरण में अयोध्या समेत 14 परिक्षेत्र में इलेक्ट्रिक बसें संचालित की जाएंगी। जिसके बाद कई और रूटों पर भी इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। बता दें कि शुरुआत में यात्री मुरादाबाद रीजन में नजीबाबाद डिपो से इलेक्ट्रिक बस से सफर करेंगे। इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से लोगों को एक तो प्रदूषण से बड़ी राहत मिलेगी।

# मंत्री कपिल देव ने किया विशाल भंडारे का आयोजन, लोगों को प्रसाद वितरित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल द्वारा दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, निकट पुरानी कोतवाली, हजरतगंज में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में जाकर दर्शन एवं पूजन कर भोग लगाकर की। इसके बाद भंडारे वाले स्थल पर श्रीराम दरबार के चित्र की पूजा अर्चना कर विशाल भंडारे का शुभारंभ किया गया। मंत्री ने शुभारंभ कन्याओं को प्रसाद ग्रहण कराकर किया और इसके पश्चात लोगों को प्रसाद का वितरण भी किया।

इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य, होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), धर्मवीर प्रजापति, परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, ग्राम विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गोतम, मातृ एवं बाल कल्याण राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, मेयर लखनऊ सुषमा खरकवाल, विधायक महेश त्रिवेदी, इंजी. अवनीश सिंह, मनीष जायसवाल, एमएलसी पवन सिंह चौहान, सलिल विश्नोई पूर्व उप मुख्यमंत्री व राज्यसभा सदस्य दिनेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद, पूर्व मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया, वरिष्ठ नेता नीरज सिंह, लखनऊ उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा, प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा, मुख्यमंत्री ओएसडी श्रवण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण भी उपस्थित रहकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिसमें सैकड़ों लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

## शहर में लगे पांच हजार से ज्यादा भंडारे, हनुमान जी को सोने का मुकुट पहनाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में ज्येष्ठ महीने का आखिरी और चौथा बड़ा मंगल है। शहर में 5 हजार से ज्यादा भंडारों का आयोजन किया गया है। आखिरी बड़ा मंगल होने की वजह से कदम-कदम पर भंडारे लगाए गए। इंसानों के साथ साथ पशु-पक्षियों के लिए भी भंडारे का इंतजाम है। वहीं, शहर के प्रमुख मंदिर से लेकर छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी है। अलीगंज मंदिर में हनुमानजी को सोने का मुकुट पहनाया गया। गोमती नगर विस्तार में लक्ष्मी मार्केट के पीछे विवेक श्रीवास्तव की तरफसे लगाया गया भंडारा। यहां भक्तों की काफी भीड़ उमड़ी है। सभी को प्रसाद दिया जा रहा है। जीवश्य संस्थान के द्वारा इंसानों के साथ पशु-पक्षियों के लिए भी भंडारे का आयोजन किया गया है। नारायण नगर में चौथे बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन नारायण नगर में चौथे बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन किया गया। यहां दिलीप शुक्ला द्वारा पूड़ी-सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरण किया ।सृष्टि अपार्टमेंट जानकीपुरम में पूरन सिंह द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया। यहां बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों को प्रसाद वितरित किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### पीजीआई की महिला डॉक्टर की संदिग्ध मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में महिला डॉक्टर की संदिग्ध मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि परिवार में माता-पिता हैं। जो दिल्ली में रहते हैं। सूचना देकर उन्हें बुलाया गया है। महिला डॉक्टर की पहचान राजोशी घोराई (30) पुत्री अनिरूद्ध घोराई के रूप में हुई है। राजोशी एसजीपीजीआई में एनेस्थीसिया विभाग में कार्यरत थी। पुलिस ने बताया कि वह मूलत: पश्चिम बंगाल के 24 दक्षिण परगना की रहने वाली थी। सोमवार सुबह राजोशी हॉस्टल में थीं तभी अचानक हालत बिगड़ने लगी। हॉस्टल में रहने वाले साथियों ने एसजीपीजीआई में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि घर वालों की तरफसे मिली तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### भाजपा 21 को मंडल स्तर पर मनाएगी योग दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को भाजपा की ओर से मंडल स्तर पर मनाया जाएगा। 22 जून को लखनऊ महानगर कार्यकर्ताओं का अभिनंदन समारोह सिटी मोंटेसरी स्कूल गोमती नगर विस्तार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें लोकसभा चुनाव में लगे बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ महानगर कैसरबाग पार्टी कार्यालय पर आगामी कार्यक्रमों का लेकर महानगर पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और मोर्चों के अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई। तय की गई योजना के अनुसार, 23 जून को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी निर्वाण दिवस को बूथ स्तर पर श्रद्धांजलि, वृक्षारोपण और अन्य कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग ने बताया कि महामंत्री पुष्कर शुक्ला, रामावतार कनौजिया, उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, टिंकू सोनकर, सौरभ वाल्मीकि राकेश सिंह, विवेक सिंह तोमर, अभिषेक खरे को अलग-अलग कार्यक्रम अभियानों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

### कंवाखेड़ा में भंडारा और सत्संग का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बाबा खाक शाह ब्रह्मचारी महाराज की तपो भूमि वाल्मिकी आश्रम कंवाखेड़ा में जेष्ठ दशहरा के अवसर पर विशाल भंडारा और सत्संग का आयोजन किया गया ।सत्संग में भंडारे में महामंडलेश्वर नवल गिरी महाराज, जूना अखाड़ा वृंदावन धाम ने कहा कि वह वाल्मीकि समाज को गले लगा कर, आगामी कुंभ में शाही स्नान कराने का निमंत्रण दिया। कृष्ण विधार्थी महाराज दिल्ली ने बाबा खाक शाह ब्रह्मचारी महाराज की तपस्या और वाल्मीकि समाज का देश सेवा भाव के संबंध में बताया राजकिशोर प्रांत प्रमुख सामाजिक समरसता विभाग अवध क्षेत्र लखनऊ,महंत मुन्ना लाल, सरदार सिंह सुधा एवं चंदन लाल बाल्मीकि सहित कमेठी के अध्यक्ष विनय लाला, महामंत्री गोपाल राजेश कुमार, पापे ने भंडारे का प्रसाद वितरण किया।

### आठवीं की छात्रा से दुष्कर्म कर कराया गर्भपात

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रभारी निरीक्षक विकास राय के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली किशोरी ने इंदिरानगर सेक्टर-21 निवासी सचिन कुमार सिंह के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धारा में प्राथमिकी दर्ज कराई है। परिजनों ने बताया कि उनकी बेटी आठवीं कक्षा की छात्रा है। आरोप है कि करीब तीन वर्ष पूर्व सचिन ने उनकी बेटी से दोस्ती कर उसे झूठे-प्रेम जाल में फंसा लिया था। इसके बाद आरोपी अक्सर बेटी का शारीरिक शोषण करने लगा। जिसके चलते उनकी बेटी गर्भवती हो गई। उनका आरोप है कि इस बात की भनक लगते ही आरोपी ने एक नर्सिंग होम में बेटी का गर्भपात करा दिया। जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद किशोरी ने परिजनों को आपबीती सुनाई। आरोपी की करतूत सुनकर परिजनों के पैरों से जमीं खिसक गई। शनिवार को आक्रोशित परिजनों ने आरोपी के खिलाफदुष्कर्म की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रविवार रात सर्विलांस की मदद से पुलिस ने सचिन को इंदिरानगर के सेक्टर-19 चौराहे से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में उसे जेल भेज दिया है।

### खेल विभाग ने बड़े मंगल पर किया भंडारे का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश खेल विभाग की ओर से ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के मुख्य गेट पर आयोजित विशाल भंडारे पर बड़ी संख्या में बड़ी संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे की शुरुआत पूजा अर्चना के बाद हुई जिसमें खेल निदेशक डॉ आरपी सिंह व उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ आनंदेश्वर पाण्डेय ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। अवसर पर उपनिदेशक खेल मुद्रिका पाठक, उप निदेशक (प्रशासन) शैलेंद्र मिश्रा, लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी सहित बड़ी संख्या में खेल विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रसाद वितरण में सहयोग प्रदान किया।

### अवधेश प्रसाद को डिप्टी स्पीकर बनाने की उठी मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा में डिप्टी स्पीकर के पद पर फैजाबाद के सांसद अवधेश प्रसाद को अवसर दिया जाना चाहिए। अवधेश प्रसाद बहुत सीनियर लीडर हैं और सुलझे हुए व्यक्ति है। यह पद विपक्ष के खाते में भी है ।यह मांग करते हुए राजद के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने कहा कि अवधेश प्रसाद समाजवादी पार्टी के सांसद हैं और इंडियन गठबंधन में है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मेरे सुझाव पर विचार करेंगे तो सच में पीडीए का मकसद पूरा हो सकेगा। उन्होंने कहा कि मैंने शुरू में लोकतंत्र और संविधान के खतरे को चुनावी मुद्दा बनाने का अनुरोध किया था जो भाजपा के लिए नासूर बन गया और उसे उसके लक्ष्य के पहले ही रोक दिया।

# समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही न बरतें अधिकारी : उप मुख्यमंत्री

▸ फरियादियों के पास खुद चलकर गए डिप्टी सीएम, जाना हाल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आज 7- कालीदास मार्ग स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर जनता दर्शन कार्यक्रम लगाया। उन्होंने विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। ढिलाई बर्दाश्त नहीं। उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गो की समस्याओं व शिकायतों को सुना



और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली से सम्बंधित प्रकरण, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रू होकर सुना। जनता दर्शन मे कई जिलों से आये लोगों ने समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण के बावत वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। उप मुख्यमंत्री ने फरियादियों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि सरकार आपके साथ है,प्रभावी कार्रवाई करते हुए सबकी समस्या का समाधान हर हाल में किया जाएगा। प्रकरणो को अधिकारियों को सन्दर्भित करते हुये निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं पर संवेदनशीलता से ध्यान दें।

## 31 जुलाई तक कराई जाएगी पर्यटकों की गणना : जयवीर

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग और पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में प्रदेश के सभी जिलों में पर्यटकों की गणना कराई जा रही है। पहले चरण में 01 जून से पर्यटकों की गणना का कार्य शुरू हो चुका है जो 30 जून तक चलेगा। दूसरे चरण में 01 अगस्त 2014 से 31 जुलाई 2025 तक गणना कराई जायेगी। इस कार्य के लिए इंडिया इंस्टिट्यूट आफलोकल सेल्फगवर्नमेंट को कार्यदायी संस्था बनाया गया है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उ0प्र0 पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। बीते वर्ष 48 करोड़ से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों ने यूपी का रुख किया। यह संख्या वर्ष 2022 से 50 प्रतिशत से भी अधिक है ।यूपी में धार्मिक पर्यटन लगातार लोकप्रिय हो रहा है। काशी, अयोध्या तथा मथुरा में घरेलू एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। सरकार यहां पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रही है। दो चरणों की गणना से पर्यटकों की संख्या के साथ ही होटल आदि की वास्तविक जानकारी मिल सकेगी। इससे पर्यटन से जुड़ी योजनाएं बनाने में न केवल मदद मिलेगी बल्कि पर्यटकों को अच्छी सुविधा देने में सफल होंगे। प्रदेश की सभी जनपदों में ज्ञात एवं अल्पज्ञात पर्यटन स्थलों का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। इसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। शीघ्र ही यूपी पर्यटन का हब बनेगा। पर्यटन स्थलों के अलावा बस स्टेशन, हवाई अड्डे, रेलवे स्टेशन, एकमोडेशन प्वाइंट जैसे होटल्स, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, होम स्टे आदि की गणना कराई जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच अकबरनगर में तोड़े गए मंदिर व मदरसा

समृद्धि न्यूज

▸ एलडीए वीसी के साथ सभी अधिकारियों ने की मॉनिटरिंग

**लखनऊ।** अकबरनगर में ध्वस्तीकरण अभियान मंगलवार को तेजी कर दिया गया है। यहां पर बने मंदिर और मदरसा को भी तोड़ दिया गया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों को हटा दिया गया है। किसी को फोटो-वीडियो नहीं बनाने दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि मस्जिद को तोड़ने की कार्रवाई भी आज ही की जाएगी। मौके पर 27 बुलडोजर चल रहे हैं। एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी के साथ सभी आला अधिकारी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। मंगलवार रात तक अभियान खत्म होने की उम्मीद जताई जा रही है।

अकबर नगर के कई ऐसे परिवार हैं जिनको अभी आवास नहीं मिल पाया है। वह आवास की आस में भटक रहे हैं। लेकिन एलडीए की तरफ से अब उनकी कोई मदद नहीं की जा रही है। कई लोग किराए के मकान में शिफ्ट होने के लिए विवश हैं। आवास के लिए 1800 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। करीब 1100 से ज्यादा लोगों को आवास भी दिया जा चुका है। फेज 2 में बने मस्जिद और मदरसा भी आज ही टूट जाएगा। फेज एक के बाद अभियान फेज दो के चलेगा। हालांकि फेज दो में पहले ही सभी निर्माण तोड़ दिए गए हैं। यहां केवल मदरसा, मस्जिद और एक स्कूल बचा है। उसको भी आज ही तोड़ दिया जाएगा।

सूत्रों का कहना है कि उस समय भी मीडिया को इससे दूर रखा जाएगा। हालांकि पास से गुजर रहे ओवरब्रिज से अभियान पूरी तरह दिखता है। ऐसे में उसके लिए प्रशासन क्या करता है यह देखने लायक होगा।कुकरैल नदी पर बनने वाला रिवर फ्रंट सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट है।

ऐसे में कोई भी अधिकारी इस मामले में लापरवाही नहीं करना चाहता। अभी तक की प्लानिंग के हिसाब से बारिश के पानी को इकठ्ठा कर कुकरैल नदी में भरा जाएगा। शारदा नहर का पानी भी छोड़ा जाएगा। झील को नदी की 6 किलोमीटर लंबाई के साथ विकसित किया जाएगा। राज्य सरकार उस एजेंसी के साथ एक समझौता करेगी जो साबरमती रिवर फ्रंट के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# 30 छात्रों की नेट परीक्षा छूटी, देरी से पहुंचने पर नहीं मिला प्रवेश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के भरवारा स्थित कैंछ पब्लिक स्कूल में नेट की परीक्षा देने पहुंचे 30 छात्रों को एंट्री नहीं दी गई। वे समय से 5 मिनट लेट थे। स्कूल का गेट बंद हो चुका था। एंट्री नहीं मिली तो छात्रों ने सीएम हेल्पलाइन पर भी फोन किया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। परीक्षा छूटने वाले कई छात्र रोते हुए दिखाई दिए।

छात्रों ने बताया कि भरवारा रेलवे क्रॉसिंग बंद होने की वजह से उन्हें देरी हो गई। कई छात्र तो रेलवे क्रॉसिंग से दौड़ते हुए परीक्षा केंद्र पहुंचे लेकिन सफलता नहीं मिली। छात्रों ने कहा कि ऑफलाइन परीक्षा में 5 मिनट पहले तक एंट्री दिए जाने का नियम है लेकिन स्कूल प्रशासन ने 30 छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। मौके पर मौजूद प्रसाद मिश्रा ने बताया कि करीब 30 से ज्यादा बच्चों का पेपर छूटा है। उन्होंने बताया कि पेपर 9.30 पर पेपर था। समय 9 बजे का दिया गया था। हम लोग सुबह 9.07 बजे पहुंचे थे। पेपर शुरू होने में 23 मिनट का समय था। इस बार ऑफ लाइन पेपर हो रहा है। ऐसे में एग्जाम में एंट्री में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। लखनऊ विश्वविद्यालय से इतिहास में पीएचडी कर रहे प्रसाद ने बताया कि पूरे साल की तैयारी को बर्बाद कर दिया। यहां तक की डीएम हेल्प लाइन नंबर पर भी फोन किया गया लेकिन वहां से कोई मदद नहीं मिली। एग्जाम छूटने के बाद कई लोगों के आंखों से आंसू निकल आए। छात्रा प्रियांजली ने बताया कि उनका तो पूरा साल बर्बाद हो गया। इस बार तैयारी काफी अच्छी थी। ऑनलाइन पेपर में कई तरह के प्रॉसेस पूरा करना होता है। ऐसे में वहां आने के लिए पहले का समय दिया गया था। ऑफलाइन पेपर के दौरान अगर परीक्षार्थी 5 मिनट पहले भी आता है तो उसकी एंट्री नहीं रोकनी चाहिए। लोग दूसरे शहर से आते हैं ऐसे में उनको इलाके की बहुत जानकारी नहीं होती। ओला और ऊबर वाले भी समय से नहीं ला पाए। आशीष कुमार ने बताया कि वह लोग क्रासिंग बंद होने के बाद पैदल भागे लेकिन 5 मिनट लेट हो गए। धूप और गर्मी की वजह से दिक्कत भी हो रही थी। हालांकि पेपर शुरू होने से 25 मिनट पहले ही सब लोग पहुंचे थे लेकिन गेट ही नहीं खोला गया।

# अकाउंटेंट ने पत्नी पर कुकर से सिर-चेहरे पर किए वार, मौत

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अकाउंटेंट ने नर्स पत्नी की कुकर से वार कर हत्या कर दी। फिर खुद सुसाइड के लिए रेलवे ट्रैक पहुंच गया। आरोपी ने जैसे ही ट्रेन के आगे कूदने को कोशिश की, उसके पैर में चोट लग गई। तभी पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। सख्ती से पूछताछ की तो उसने पत्नी की हत्या की बात बताई। पुलिस उसके घर पहुंची, जहां पत्नी की लाश बेड पर पड़ी थी। पूरे रूम में खून बिखरा पड़ा था। महिला के चेहरे पर इतने वार किए गए थे कि पहचान पाना भी मुश्किल लग रहा था। पुलिस ने आरोपी को पीजीआई के ट्रॉमा में भर्ती कराया। शुरुआती पूछताछ में उसने कहासुनी के बाद हत्या की बात कबूली है। मामला सुशांत गोल्फ सिटी का है। नितिन मिश्रा (30) रियल एस्टेट में अकाउंटेंट है। वह मूलरूप से महौली सीतापुर का रहने वाला है। वह पत्नी आयुषी मिश्रा (28) के साथ भागीरथी अपार्टमेंट में किराए पर रहता था। आयुषी मेदांता अस्पताल में नर्स थी। दोनों की शादी 1 साल पहले हुई थी। पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि पति-पत्नी के बीच अक्सर मारपीट होती थी।


# अंधकार से भरा था कांग्रेस-सपा का शासनकाल

▸ डेढ़ लाख मजरों में बीजेपी सरकार ने पहुंचाई बिजली

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत आपूर्ति को लेकर कांग्रेस और सपा को करारा जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस और सपा का शासनकाल उत्तर प्रदेश का गहन अंधकार का समय था, राजनीति का अंधा मोड़ था और कुशासन रूपी ब्लैक होल था। कांग्रेस ने नीम के तेल और मिट्टी के तेल वाली ढेबरी पर 65 साल बिताया। वहीं सपा ने ढेबरी और लालटेन पर अपना शासनकाल निकाल लिया। सपा वाले सिर्फ वीआईपी गांव में बिजली देते थे। बाकी पूरा राज्य अंधेरे में रहता था। सप्ताह में कभी कभार बिजली का आना बड़ा समाचार बनता था।

सपा के 2012-17 के शासनकाल में बिजली की औसत महत्तम आपूर्ति 13 हजार मेगावाट थी। आज हम इसकी ढाई गुना बिजली दे रहे हैं- 30 हजार मेगावाट से ऊपर। यह उत्तर प्रदेश के ही इतिहास में नहीं पूरे देश में अधिकतम एवं ऐतिहासिक आपूर्ति है। उन्होंने कहा कि यह बिजली सभी उपभोक्ताओं को दी जा रही है। इस



समय 24 घण्टेनिर्बाध और निरंतर बिजली हर गांव, हर नगर, हर मजरे, हर मुहल्ले में दी जा रही है। सपा के समयकाल में आज के समय के आधा ही उपभोक्ता थे। 1.50 करोड़ से ऊपर नये कनेक्शन वर्तमान सरकार ने दिये हैं। 1.50 लाख मजरों में बिजली भाजपा के शासनकाल में ही पहुंची है। कांग्रेस और सपा के शासन में बिजली थी ही नहीं। इसलिए जनता उनसे कोई उम्मीद नहीं करती थी।

हम रोस्टर, वीआईपी कल्चर से निकलकर 24 घंटे सातों वार बिजली हर जगह दे रहे हैं। सपा शासन काल में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद की जमीन पर अनेक विभागों में बबूल बोए। खास करके सपा ने बिजली विभाग में लंबे समय तक उनके काँटे गड़ने वाले और राज्य की जनता को कष्ट देने वाले बबूल बोए हैं। उन्होंने कहा कि मेरिट को दरकिनार कर भाई-भतीजवाद की नीति के तहत कर्मचारियों और अधिकारियों की भर्ती किया। सपा ने ऊंची दरों पर बिजली खरीदने का प्राइवेट कंपनियों से अनुबंध कर राज्य की जनता पर हमेशा के लिए आर्थिक बोझ डाला। कर्मचारियों का पीएफ के पैसे का घोटाला कर विद्युत कर्मियों का भरोसा प्रबंधन से उठा दिया। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से पिछले चार वर्ष में बिजली की दरों में कोई बढ़ोत्तरी नहीं किया। बल्कि विभिन्न स्लैब को कम करते हुए कई दरों को कम किया। किसानों की बिजली बिल्कुल मुफ्त कर दिया।

गरीब उपभोक्ताओं को बहुत ही कम दर पर हम बिजली दे रहे हैं। हर घर सूर्य योजना से घरों में रूफटॉप सोलर लगाकर सब की बिजली बिलकुल मुफ्त करने की तरफ हम अग्रसर हैं। बिजली की उपलब्धि के लिए व्यापक इंतजाम किया गया है। इतना ही नहीं पचास साल बाद आधारभूत संरचना के नवीनीकरण और अनुरक्षण का कार्य हुआ है। पिछले दो वर्षों में 01 लाख किमी जर्जर तार बदले गये। 19 लाख नये खंभे लगाए गये। 06 लाख ट्रांसफार्मर नये लगे या उच्चीकृत किए गए। अनेक राउंड अनुरक्षण का कार्य करके संयंत्रों को सुरक्षित किया गया। यही कारण है कि आज 24 घण्टे निर्बाध बिजली लोगों तक पहुंच रही है।

# आर्यकुल कॉलेज में हुआ सुंदरकांड और भव्य भंडारे का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस के तत्वाधान में आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ फॉर्मेसी एंड रिसर्च, आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन तथा आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट में बड़े मंगल के अवसर पर सुंदरकांड एवम् भंडारे का आयोजन किया गया।

बड़े मंगल पर सुंदरकांड एवम् भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमे कॉलेज के चेयरमैन केजी सिंह व कॉलेज के निदेशक डॉ सशक्त सिंह ने सभी श्रद्धालुगणों के साथ सुन्दरकांड किया और फिर मंत्रोच्चार के साथ हवन तर्पण कर कन्यायों को भोग लगा भंडारा प्रारम्भ किया। भंडारे में कॉलेज के सभी स्टाफ और छात्रों ने भक्तों को अपनी सेवा प्रदान




की। इस मौके पर आर्यकुल कॉलेज के रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, प्रबंधन विभाग की उपनिदेशिका डॉ अंकिता अग्रवाल, फार्मेसी तथा रिसर्च विभाग के उपनिदेशक डॉक्टर आदित्य सिंह शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष प्रणव पाण्डेय, प्रधानाचार्य प्रोफेसर एस सी तिवारी, फार्मेसी एवं रिसर्च विभाग के विभागाध्यक्ष बी के सिंह, प्रियंका केशरवानी,अंशिका शुक्ला, ममता पांडेय,डॉ अंकिता श्रीवास्तव, डॉ स्नेहा सिंह, दीपिका कुमारी, रॉनी बिस्वास, वर्तिका सिंह, संगीता चौहान, स्वेता मिश्रा, आस्था तिवारी, निकिता गुप्ता, इंद्रदेव पाण्डेय, डॉ राहुल शर्मा, स्वर्णिम श्रीवास्तव, डॉ गौरव मिश्रा, राजेश मौर्य, डॉ अनिल त्रिपाठी, प्रदीप कुमार, डॉ अब्दुल रब खान, दीप्ति सिंह, आकांशा सैनी, डॉ रेखा सिंह, माधुरी शुक्ला, अनामिका ओझा, मोहिनी सिंह, व्योमा सेठ व अन्य शिक्षणगण व स्टाफ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।


**योजना** | नगरीय क्षेत्रों में योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

# मातृ अर्पण योजना के तहत 30 दिन में मिलेगी कार्य की मंजूरी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों को गति देने के लिए योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश मातृ अर्पण योजना शुरू की है, जिसे अब तेजी से क्रियान्वित किए जाने की ओर कदम बढ़ाए गए हैं।

नगर विकास विभाग की ओर से नगरीय क्षेत्रों में योजना के क्रियान्वयन के संबंध में दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इन दिशा निर्देशों के अनुसार किसी नगरीय निकाय में विकास कार्य के लिए दानदाता 60 प्रतिशत अंश देगा तो 40 प्रतिशत सरकार की ओर से दिया जाएगा। ये 40 प्रतिशत या उससे कम राशि की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट प्रावधानों




की जाएगी। इसके अतिरिक्त दानदाता के द्वारा संबंधित कार्य के लिए दान की गई राशि इस योजना के तहत खुलवाए गए एस्क्रो अकाउंट में जमा कराई जाएगी। दान की राशि जमा करवाने के 30 दिनों के अंदर संबंधित कार्य की प्रशासनिक स्वीकृति संबंधित जिलाधिकारी द्वारा संपन्न कराई जाएगी एवं कार्य की प्रगति की रिपोर्ट शासन को दी जाएगी। योजना का प्रस्ताव नगर निगमों द्वारा नगर आयुक्तों के माध्यम से तथा अन्य नगरीय निकायों (नगर पालिका परिषद्ध्नगर पंचायत) के अधिशासी अधिकारियों द्वारा जिलाधिकारियों के माध्यम से शासन को प्रेषित किया जाएगा। निर्देशों के अनुसार, यदि कोई दानदाता स्कूल व इंटर कॉलेज की कक्षाओं या स्मार्ट क्लास के निर्माण के लिए धनराशि उपलब्ध कराता है तो शेष धनराशि बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग के बजट से प्रदान की जाएगी। इसी तरह सामुदायिक भवन के लिए नगर विकास विभाग से, प्राथमिक चिकित्सा केंद्र के लिए चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग से, पुस्तकालय और खेलकूद के लिए व्यायाम भवन और उपकरण हेतु खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग से धनराशि ली जाएगी। वहीं सीसीटीवी कैमरा, सर्विलांस सिस्टम, फायर सर्विस स्टेशन के विकास के लिए गृह विभाग को, अंत्येष्टि स्थल के विकास और जल की व्यवस्था एवं सीवरेज, एसटीपी आदि के लिए नगर विकास विभाग शेष धनराशि देगा। बस स्टैंड और सोलर एनर्जी स्ट्रीट लाइट और पेयजल योजनाओं, आरओ प्लांट के लिए अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत व नगर विकास विभाग सहायक की भूमिका में होगा। योजना को प्रभावी तरीके से लागू करने का कार्य उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी का होगा, जो नगरीय क्षेत्रों में निदेशक नगर निकाय निदेशालय के माध्यम से कराया जाएगा। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं पर्यवेक्षण में निदेशक नगरीय निदेशालय की सहायता प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग यूनिट (पीएमयू) करेगी। पीएमयू द्वारा इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए वेब पोर्टल और मोबाइल एप तैयार किया जाएगा। इस पोर्टल के माध्यम से दानदाताओं के दान की राशि एवं सरकार के अनुदान की राशि योजना के लिए खुलवाए गए अलग बैंक अकाउंट (एस्क्रो अकाउंट) में जमा होगी। इस राशि के जमा होने के बाद उससे संबंधित कार्य के लिए उसे व्यय किया जा सकेगा। किसी भी शेड्यूल बैंक की मदद से पोर्टल को खोला जा सकेगा। पोर्टल के ऊपर कार्यों का विवरण और कार्य का प्रकार आदि दर्शाना होगा, ताकि दानदाताओं को दान देने के लिए सभी प्रकार की सूचना उपलब्ध हो सके।

# दो कारों में हुई टक्कर, लगी आग, दो की मौत, सात घायल

**मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस की मदद से तीन एंबुलेंस के जरिए घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया**

**इटियाथोक/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय थाना क्षेत्र के खरगूपुर-इटियाथोक मार्ग पर बेंदुली गांव के समीप सोमवार शाम को दो कारों के बीच आमने- सामने जोरदार टक्कर हो गई। टकराव से एक कार आग का गोला बन गई और उसमे भीषण आग लग गई। दोनों कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

अल्टो कार में सवार चार लोग आग की लपटों से घिर गए। मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को कार का शीशा तोड़कर किसी तरह बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची लोकल पुलिस नें तीन एंबुलेंस के जरिए घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया। जहां डॉक्टरों नें एक व्यक्ति अमित शुक्ला को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां उपचार के दौरान प्रियंका की भी मौत हो गई। इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बेलवा बहुता के मजरा रेहरा निवासी अली उल्लह कार से अपने परिजनों के साथ खरगूपुर के नंदलालपुरवा गांव में अपनी बहन के घर जा रहे थे। जैसे ही बेंदुली गांव के मोड़ के समीप पहुंचे खरगूपुर की तरफ से आ रही एक अन्य कार से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दूसरी कार में बलरामपुर जनपद के अचानकपुर गांव निवासी अमित शुक्ला, उनकी पत्नी रेनू देवी, बेटा विनायक व बड़ी साली प्रियंका (निवासिनी बसन्तपुरराजा) सवार थी। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं अमित शुक्ला की मौत हो गई। जबकि टाटा एक्सएम कार सवार रेहरा गांव निवासी अली उल्लह, कलीमुननिशा, हिना, अरमान व चांदतारा भी घायल हो गई। सभी घायलों का उपचार जिला अस्पताल गोंडा में चल रहा है। इनमे हिना बेहोस बताई जा रही है जिसका इलाज गोण्डा के एक निजी अस्पताल मे हो रहा है। एक दिन बाद मंगलवार शाम को मृतक अमित व उनके साली का अंतिम संस्कार हुवा। इनके परिजनों ने बताया की अमित के पत्नी रेनू का इलाज लखनऊ चल रहा है और उनका दो साल का पुत्र अब ठीक है जो घर पर है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ला ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। यहां उपचार के दौरान प्रियंका ने भी दम तोड़ दिया जबकि अमित की मौत पहले ही हो गई थी। मृतकों के शवों का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। कहा की किसी पक्ष से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है, एक कार पूरी तरह जल चुकी है जो लाने लायक नहीं है और दूसरी कार को थाने पर लाया गया है।

# अवैध कटान पर आरएफओ सख्त, तीन पर मुकदमा दर्ज




**वन माफियाओं ने बगैर परमिट काट डाले सागौन के पेड़**

▸ वन विभाग और पुलिस विभाग से शिकायत होती रही और पेड़ कटते रहे

गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

वैसे तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा वन्य जीव संरक्षण मंत्री दारा सिंह चौहान सूबे में वृक्षारोपण महाभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अरबों रूपये खर्च कर चुके है, लेकिन पुलिस और वन महकमा मोटी कमाई के लिए वन माफियाओं से साठगांठ कर प्रतिबंधित वृक्षों का सफाया करा

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के रमवापुर श्याम गांव में लगे सागौन के बाग का सफाया कर दिया गया। वह भी बिना परमिट के। दिन-रात कटान कर करीब 18 घंटे में 150 से अधिक सागौन के हरे पेड़ों को धराशाई कर दिया गया और सुबह होते-होते लकड़ियां मौके से गायब कर दी गयीं।

बताते हैं कि 14 जून को जब दिन में सागौन के वृक्षों की अवैध रूप से

बताते है कि पंडरी कृपाल वन रेंज में प्रतिदिन हरे-भरे प्रतिबंधित पेड़ों की खुलेआम कटान होती है, जिसके बदले में क्षेत्रीय पुलिस तथा वन विभाग एक निश्चित मोटी रकम लेता है। यहां जंगल की रखवाली के लिए तैनात किए गए वन रक्षक ही भक्षक बनकर सरकार द्वारा प्रतिबंधित पेड़ों को रूपये की लालच में धराशाई करा रहे है। सरकार वृहद स्तर पर प्रदेशभर में वृक्षारोपण महाअभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण का प्रयास कर रही है, जबकि वन और पुलिस विभाग सरकार की मंशा पर पानी फेरते हुए

▸ **डीएम के संज्ञान के बाद देहात कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के कोतवाली देहात अन्तर्गत ग्राम रमवापुर श्याम में अवैध तरीके से झाड़ी सफाई के बहाने प्रतिबंधित वृक्ष को काटने की मुखबिर द्वारा सूचना पर आरएफओ पंडरी कृपाल सुशांत के निर्देश पर वन बीट प्रभारी साधुशरण द्वारा विभागीय कार्यवाही प्रचलित थी तथा सम्बन्धित को झाड़ी सफाई व वृक्ष कटान के परमिट हेतु कहा गया था लेकिन ठेकेदार सहित अन्य ने परमिट लेना उचित नहीं समझा और संध्याकाल मे अवैध रूप से 58 वृक्षों को काटकर गायब कर दिया। जिसकी जानकारी वन वीट प्रभारी साधुशरण को हुई तो एफआईआर दर्ज करवाई गई। साधुशरण द्वारा जानकारी दी की बिना परमिट के झाड़ी सफाई के साथ 58 वृक्ष प्रतिबंधित काटे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी जिसपर तीन लोगों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात में वन अधिनियम के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट लिखवाई गई है।वहीं आरएफओ सुशांत ने जानकारी देते हुए कहा कि अवैध कटान के सूचना पर वन वीट प्रभारी साधुशरण के द्वारा 4/10 वन अधिनियम में एफआईआर दर्ज कराई गई है। वृक्ष काटने वाले ठेकेदारों को कड़ी चेतावनी दी जाती है कि अवैध कटान न करें परमिट लेकर ही वृक्षों को काटे अन्यथा विभागीय कार्यवाही के साथ साथ कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी। देहात कोतवाली में धारा 4/10 के अंतर्गत तीन लोगों के विरुद्ध दर्ज की गई प्राथमिकी 0288/24 रिजवान, रज्जन एवं शिवेंद्र तिवारी। इस प्रकरण पर वन अधिकारी गोंडा पंकज शुक्ला से दूरभाष पर जानकारी मांगी गई तो उन्होंने बताया प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है।

# छपिया मंदिर से लखनऊ के लिए रोडवेज बस शुरू

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**



प्रभात वर्मा, विधायक गौरा विधानसभा के कर कमलों द्वारा श्री स्वामी नारायण छपिया मंदिर से लखनऊ तक के लिए गोण्डा डिपो की नवीन बस सेवा का आज उदघाटन किया गया।

अपने अध्यक्षयीय सम्बोधन में उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री के निर्देश पर छपिया से लखनऊ बस सेवा का संचालन शुरू किया जा रहा है, और जल्द ही यहाँ से अन्य स्थानों के लिए रोडवेज बसों को और बढ़ाया जाएगा। मसकनवा में एक बस स्टेशन का भी निर्माण कराये जाने का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मंच का संचालन करते हुए अतुल कुमार मिश्र, प्रशासनिक सहायक ने अतिथियों को अभिनदंन करते हुए रोडवेज की ग्रामीण क्षेत्रों की सेवा की कटिबद्धता को व्यक्त कर इस बस की समय सारिणी बताया गया और कहा कि जनता की सुविधा का पूरा ख्याल रख कर समय सारिणी बनाई गई है। इस अवसर पर मंदिर के महंत, सांसद गोण्डा के प्रतिनिधि कमलेश पाण्डे सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।अपराजित श्रीवास्तव, क्षेत्रीय प्रबंधक ने आये हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। जयपाल सिंह सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त), उद्घाटन व्यवस्था प्रभारी धर्मेंद्रमणि त्रिपाठी, संचालन प्रभारी दिलीप कुमार, जगदम्बा प्रसाद, कार्यालय सहायक, अमरेंद्र सिंह, सहित इस बस के चालक गिरधारी लाल, परिचालक गणेश कुमार अन्य स्टाफ और स्थानीय जनताजनार्दन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पति समेत छह पर दहेज उत्पीड़न समेत कई धाराओं में केस दर्ज

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक नव विवाहिता को दहेज में मोटरसाइकिल और पांच लाख रुपए की मांग पूरी न होने पर घर से निकाल दिया गया। नव विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम, मारपीट, गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा पंजीकृत किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम भोंका फकीर पुरवा निवासी अकबाल खान की तहरीर पर अब्दुल कलाम उर्फ कलम बाबू, जुनैद अहमद पूर्व प्रधान, सज्जन अली, नगमा, शाहिना व इरफान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें कहा गया है कि वादी ने अपनी बेटी चावला की शादी 26 मई 2024 में अब्दुल कलाम उर्फ कलम बाबू निवासी ग्राम भोंका के साथ की थी। पूर्व प्रधान भोंका जुनैद खां के कहने पर उनके दामाद लड़की से दहेज में मोटरसाइकिल के साथ पांच लाख की मांग करने लगे। जिससे नाराज होकर उनका दामाद उसी दिन मुंबई चला गया और उसकी बेटी ससुराल में बारह दिन तक रही। इस दौरान ससुर सज्जन,सास नगमा एवं ननद शाहिना तथा जेठ इरफान बार-बार दहेज की मांग कर रहे थे। पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि अभी शादी को एक माह भी नहीं हुआ और दोनों परिवारों के बीच विवाद की नौबत आ गई थी। मामले में तहरीर पर छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# बीडीओ के नेतृत्व में भंडारा आयोजित

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**



जय हनुमान ज्ञान गुण सागर, जय कपीस तिहुं लोक उजागर के सुंदर गीत व संगीत के साथ ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही सुंदरकांड का पाठ एवं पूजा अर्चना कर लोगों ने प्रसाद वितरण किया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

तेज धूप एवं भीषण गर्मी में भी लोगों की आस्था वीर बजरंगबली के प्रति भारी रही। डीजे व साउंड पर हनुमान चालीसा एवं हनुमान जी की सुंदर भजन के साथ ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव के नेतृत्व में सभी कर्मचारियों, आर्यनगर के सरयूनहर पर सप्लाई इंस्पेक्टर के नेतृत्व में सभी कोटेदार व कौड़ियां के शिव सीमेंट लायंस के पास क्षेत्र के व्यापारियों ने पूजा अर्चना करते हुए स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसमें एडीओ पंचायत महेंद्र प्रताप सिंह, एडीओ आईएसबी मोहम्मद आजम खां, ग्राम पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, राजेश चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी गरिमा यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी राधे रमण प्रजापति, फार्मासिस्ट कुलदीप त्रिपाठी अखिलेश राम सहाय भारती शिवकुमार पासवान आसाराम पासवान क्रांति शुक्ला प्रदीप शुक्ला पंकज पांडेय,विकास मिश्रा, एमपी, , बीरेंद्र तिवारी, ननकऊ शुक्ला , विजय शंकर शुक्ला, गिरजा दयाल शुक्ला, त्रियुगी नारायण शुक्ला, मुन्ना मिश्रा, अजय बाबू तिवारी, ननके पांडेय, संतोष शुक्ला, वासुदेव शुक्ला,करिया तिवारी रहे।

## लहर -लहर लहराएं रे झंडा बंजरग बली का बड़े मंगल पर हुआ जगह-जगह भंडारा



**गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को ज्येष्ठ माह के अंतिम बड़े मंगलवार के शुभ अवसर पर एल बी एस चौराहे पर स्थित आईसीआईटी कम्प्यूटर एजुकेशन सेंटर, पर सुन्दर कांड पाठ का आयोजन किया गया इस मौके पर संस्थान के निदेशक संतोष कुमार गुप्ता और उप निदेशक ऊषा गुप्ता ने पूजा अर्चना किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस संस्थान के समस्त कर्मचारी और छात्र / छात्राए मौजूद रहे। उधर राधा कुंड पर स्थित सिद्धि इंटरप्राइजेज पर भी बड़े मंगल पर बालाजी की पूजा-अर्चना हुआ उसके बाद नुगती का प्रसाद वितरण किया गया।इस दौरान हिंमाशु सिंह, सुधांशु सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उधर नवीन गल्ला मंडी रोड पर स्थित श्री महादेव मार्बल पर भी बड़े मंगल पर सुन्दर कांड का पाठ हुआ उसके बाद पूड़ी सब्जी,कढ़ी, हलुआ और शर्बत का प्रसाद श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। इस दौरान अनुराग मिश्रा,अमिताभ मिश्रा, आशीष मिश्रा,सोनू तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उधर सर्कुलर रोड पर स्थित शापर्स वैल्यू, पुष्पांजलि स्वीट्स पर भी बड़े मंगल पर भंडारे का आयोजन हुआ।उधर गायत्री पुरम पर श्री मां आईं टी आईं संस्थान पर बने मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया। उसके बाद पूजन पाठ हुआ उसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें तमाम भक्तगण ने प्रसाद ग्रहण किया इस दौरान प्रबंधक विश्वनाथ पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### चौकीदार ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** लखनऊ गोंडा रेल प्रखंड पर मंगलवार सुबह एक चौकीदार ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कैसरगंज थाना अंतर्गत ग्राम भगहिया निवासी 22 वर्षीय पिंटू पुत्र विद्याराम मंगलवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जरवल रोड बहराइच मार्ग जरवल रोड बस स्टॉप तिराहा के पास रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचकर बाइक खड़ी कर सत्याग्रह एक्सप्रेस के आगे कूदकर अपनी जान दे दी है।जानकारी के अनुसार पिंटू कैसरगंज थाना में ग्राम चौकीदार के पद पर नियुक्त था। वह रात को ड्यूटी के बाद सीधा जरवल रोड रेलवे क्रॉसिंग पहुंचा। रेलवे क्रॉसिंग बंद थी क्रॉसिंग के पास बाइक खड़ी करके सामने डाउनलाइन दिल्ली से रक्सौल जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन के आगे कूद गया। जिससे उसकी मौत हो गई है।हादसे का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। सूचना पर जीआरपी गोंडा ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल पर जायजा लिया।

### ग्रामीण की नहर में डूबकर मौत, शव बरामद



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** इमामगंज माइनर में सोमवार शाम को एक ग्रामीण की नित्य क्रिया के दौरान पानी डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खैरीघाट थाना अंतर्गत बरदहा ग्राम निवासी लाऊ पुत्र सुकई उम्र 48 वर्ष सोमवार को गांव में स्थित आम के बाग की रखवाली के लिए गए थे। पुत्र विमलेश ने बताया कि शाम को वह नित्य क्रिया के लिए सरयू नहर शाखा इमामगंज में गए। इसी दौरान पैर फिसलने से ग्रामीण डूब गया। आसपास के लोगों की सूचना पर गोताखोरों ने ग्रामीण की तलाश शुरू की। कुछ देर बाद ग्रामीण का शव नहर से बरामद हो गया। इससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष एसके सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस आज

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** सिकल सेल रोग तब होता है जब किसी व्यक्ति को अपने माता-पिता से हीमोग्लोबिन एस जीन की दो प्रतियां मिलती हैं। यह एक ऑटोसोमल रिसेसिव विकार है, जिसका अर्थ है कि रोग के लक्षण तभी प्रकट होते हैं जब व्यक्ति को माता-पिता दोनों से दोषपूर्ण जीन प्राप्त होता है। यदि कोई व्यक्ति केवल एक जीन विरासत में प्राप्त करता है, तो वह व्यक्ति सिकल सेल का वाहक बनता है, लेकिन उसे बीमारी नहीं होती। इस रोग के प्रसार को रोकने और इसके प्रति जागरूकता बढाने के लिए हर वर्ष दुनिया भर में 19 जून को विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस मनाया जाता है।

# घर से निकले व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

▸ **मृतक को मारकर फेंके जाने की घटना बनी चर्चा का विषय**

▸ **पुलिस का दावा गर्मी की वजह से हुई मृत्यु**

**परसपुर/गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के ग्राम सकरौर में बड़ी मुंगही बंधे के समीप रविवार की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया था और ग्रामीणों की काफी भीड़ जुट गई थी।

ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गहनता से जांच करते हुए शव के पहचान का प्रयास किया। लेकिन उस समय मृतक की शिनाख्त नही हो पाई व्यक्ति को मारकर बंधे के पास फेंकें जाने की आशंका जताते हुए क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया। पुलिस के मुताबिक मृतक के सिर के पीछे रोड पर लगे कंकड़ का घाव है।

वहीं पुलिस का दावा है कि गर्मी के वजह से उसकी मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है,उसके शरीर पर मारने पीटने का कोई चोट नहीं है। चौकीदार रामदेव की फौरी सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक पवन कुमार सिंह मय हमराही कॉन्स्टेबल पुष्पेन्द्र सिंह, कॉन्स्टेबल अभिषेक यादव पुलिस टीम ने पंचायत नामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। सोमवार को दोपहर बाद पुलिस ने प्रेस नोट जारी करके ग्राम मुंगही सकरौर के पास बन्धे पर मिले अज्ञात व्यक्ति के शव के शिनाख्त होने की जानकारी दी। सोमवार को अजय सिंह निवासी फिरोजपुर पवारन थाना रूदौली अयोध्या ने पुलिस को सूचना देकर कहा कि उसके पिता दल सिंह उम्र करीब 70 वर्ष 16 जून को घर से अपनी रिस्तेदारी में परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम जसकरन पुरवा डेहरास में ब्रह्मदेव सिंह के घर पर तेरहवीं भोज में शामिल होने के लिये निकले थे। परन्तु वहाँ नही पहुँचने पर परिजनों ने उनकी खोज बीन शुरू किया। पिता की मृत्यु की जानकारी मिलते ही परिजनों में मातम छा गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को अपने कब्जे में लिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# पिकअप की ठोकर से बालक की मौत, परिवार में कोहराम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के कठौतिया गांव निवासी एक महिला और उसका छह वर्षीय बेटा बाग में गर्मी से निजात के लिए बैठा थे।

इसी दौरान एक पिकअप चालक ने बालक को ठोकर मार दी। हादसे में बालक घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।कोतवाली मुर्तिहा अंतर्गत ग्राम पंचायत कठौतिया निवासी आयुष (6) पुत्र गोपाल सोमवार शाम को अपनी मां सरिता देवी के साथ पास के बाग में बैठा था। सरिता देवी ने बताया कि गर्मी से निजात के लिए वह बाग में बैठी थी। इसी दौरान पुत्र कुछ दूरी पर चला गया। उधर से आ रहे पिकअप वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में रात 8.30 बजे डॉक्टर ने बालक को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## पुलिस लाइन के बेरिया माता मन्दिर में किया गया भण्डारे का आयोजन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार बड़ा मंगल के दिन पुलिस उपाधीक्षक रेडियो मनोज कुमार गुप्ता द्वारा भण्डारे का आयोजन किया गया । इस मौके पर पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन बेरिया माता मन्दिर में हनुमान जी की पूजा-अर्चना कर समस्त जनमानस के कुशल-मंगल की कामना की इसके बाद भंडारे का आयोजन किया। उपस्थित व आने-जाने वाले लोगो श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक रेडियो मनोज कुमार गुप्ता, महिला थाना प्रभारी मंजू यादव व रेडियो शाखा के कर्मचारी मौजूद रहे।

# एचटी लाइन से ट्रक छूने से चालक की मौत, खलासी बाल-बाल बचा

▸ **बालू लेने के लिए खदान स्थल जाते समय हुआ हादसा**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के घाघराघाट स्थित खदान स्थल पर बालू लेने जा रहा ट्रक एचटी लाइन से छू गया। जिससे करंट लगने से चालक की मौत हो गई। जबकि खलासी बाल बाल बच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जरवल रोड थाना क्षेत्र के घाघराघाट में बालू खनन का पट्टा जावेद का संचालित है। इस पट्टे से सोमवार शाम को बाराबंकी जिले के राम नगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिरौली के नामीपुर गांव निवासी बच्ची सिंह उर्फ बबलू (28) खलासी मंजेश के साथ बालू लेने ट्रक से जा रहे थे। बालू बौंडी थाना क्षेत्र के भौंरी गांव जानी थी।चालक ट्रक लेकर बौंडी थाना क्षेत्र के मंसूरपुरवा चौराहे के पास एचटी लाइन से टच कर गया। जिसके चलते करंट लगने से चालक की मौत हो गई। जबकि खलासी बाल बाल बच गया। बौंडी थानाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार के लोग शव लेने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बालू लेने जाते समय हादसा हुआ है।

## वीआईपी कल्चर के शिकार हुए नायब तहसीलदार लगा जुर्माना

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मिहीपुरवा के नायब तहसीलदार रविवार को अपने प्राइवेट वाहन से बलरामपुर जा रहे थे। प्राइवेट वाहन में लाल और नीली बत्ती लगा होने पर यातायात निरीक्षक ने ढाई हजार रूपये का जुर्माना लगाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीआईपी कल्चर पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।इसके बाद भी अधिकारी मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। कुछ यही हालत रविवार को जिले में देखने को मिला। जिले के मिहीपुरवा तहसील के नायब तहसीलदार मोहम्मद अर्शलान अपने प्राइवेट वाहन संख्या यूपी 32 एलपी 4641 से बलरामपुर जा रहे थे।दरगाह थाना क्षेत्र के बलरामपुर मार्ग स्थित डीहा के पास यातायात निरीक्षक अनेंद्र यादव ने नायब तहसीलदार के वाहन को रोका। इसके बाद मुख्यमंत्री के आदेश का हवाला दिया।

# मजिस्ट्रेट की निजता के उल्लंघन पर डीएम को सौंपा ज्ञापन

▸ **यातायात पुलिस प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई की उठी मांग**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



मिहीपुरवा तहसील के नायब तहसीलदार के वाहन का चालान करने से पूर्व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने को लेकर उत्तर प्रदेश राजस्व प्रशासनिक अधिकारी संघ ने नाराजगी जताई है। सभी ने मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप कर यातायात पुलिस प्रभारी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जनपद के मिहीपुरवा तहसील में नायब तहसीलदार के पद पर असलान उर रसीद की तैनाती है। रविवार रात को नायब तहसीलदार अपनी गर्भवती पत्नी के साथ बलरामपुर घर के लिए जा रहे थे।नायब तहसीलदार प्राइवेट वाहन में लाल और नीली बत्ती लगाए हुए थे। यातायात सुरक्षा में तैनात प्रभारी अनेंद्र यादव ने पुलिस टीम के साथ नया तहसीलदार की गाड़ी का पीछा करते हुए वीडियो बनाया। इसके बाद उनसे पूछताछ की नया तहसीलदार के परिचय बताने के बाद यातायात निरीक्षक ने ढाई हजार रूपये का चालान काट दिया। साथ में बैठी गर्भवती पत्नी के साथ वीडियो बनाने और उसे सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है।मंगलवार को उत्तर प्रदेश राजस्व प्रशासनिक अधिकारी संघ के जिला अध्यक्ष नायक तहसीलदार सदर अभय राज पांडे की अगुवाई में सभी तहसीलों के नायब तहसीलदार जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां पर सभी ने यातायात पुलिस प्रभारी/ निरीक्षक के द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो प्रसारित करने, एक मजिस्ट्रेट के वाहन को दौड़ा कर पीछा कर पकड़ने और पत्नी के साथ पुलिस द्वारा पूछताछ करने की बात पर नाराजगी जताई। सभी ने इसे निजता का उल्लंघन बताते हुए डीएम मोनिका रानी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाई की मांग की। जिलाधिकारी ने मामले की जांच और कार्यवाई का आश्वासन दिया।

इस दौरान मिहीपुरवा, पयागपुर, महसी, कैसरगंज, नानपारा और सदर तहसील के नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

# सरयू नदी के सौन्दर्यीकरण कार्य का विधायक महसी ने किया शुभारम्भ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।**



जनपद मुख्यालय बहराइच से सटकर बहने वाली पौराणिक सरयू नदी की खुदाई, साफ-सफाई, रिवर बैंक का निर्माण तथा नदियों के दोनों किनारों पर पौधरोपण कार्य का मुख्य अतिथि विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में मरीमाता मन्दिर परिसर में आयोजित समारोह में जेसीबी मशीनों की पूजा अर्चना कर तथा फीता काटकर शुभारम्भ किया। यूनीमैक्स कम्पनी के सीएसआर फण्ड से उपलब्ध करायी जाने वाली धनराशि तथा मनरेगा योजना के कन्वर्जेन्स से मरीमाता के निकट स्थित गोलवाघाट के पुराने पुल से झिंगहाघाट तक 9.8 कि.मी. की लम्बाई में सरयू नदी का सौन्दर्यीकरण कार्य होगा।

इस अवसर पर विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म में जीवन दायनी नदियों को महत्व आदिकाल से है। विधायक ने कहा कि मानव जाति को जीवन देने का कार्य नदियों ने किया किया है। विश्व की सभी मानव सभ्यताएं नदियों के किराने की परवान चढ़ी है। सरयू नदी के सफाई के लिए जिलाधिकारी के नेतृत्व में उठाये कदम की सराहना करते हुए सुरेश्वर सिंह ने जनपदवासियों तथा समाज के सभी वर्गों से सहयोग की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर इस पुनीत कार्य में वह स्वयं भी श्रमदान करने से पीछे नहीं रहेंगे। विधायक ने कहा कि इस पुनीत कार्य में प्रशासन के अलावा मीडिया के साथियों, जनप्रतिनिधियों तथा आम जनता की सहभागिता आवश्यक है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि नदियों को जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है। डीएम ने कहा कि जिले के जनप्रतिनिधियों के सहयोग से जनआकांक्षाओं के अनुरूप पुरानी सरयू नदी के सौन्द्रयीकरण का कार्य प्रारम्भ होने से उन्हें दिली खुशी हो रही है। डीएम ने सीएसआर फण्ड से सहयोग प्रदान करने के लिए यूनीमैक्स कम्पनी के ज़िम्मेदारों का भी शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उनके सहयोग के कारण मशीनीकरण कार्य में आसानी होगी।

## पानी के सुलगते सवाल

कैसी विडंबना है कि देश की राजधानी में राज्य सरकार की मंत्री को पड़ोसी राज्य हरियाणा से आग बरसाती गर्मी के बीच गुहार लगानी पड़ रही है कि मानवता के आधार पर दिल्ली को अधिक पानी दें। भारतीय जीवन–दर्शन में जरूरतमंद को पानी पिलाना पुण्य माना जाता रहा है। वक्त के साथ ही इस संकट पर संवेदनहीनता सरकार और लोगों के स्तर पर नजर आ रही है। दिल्ली का जल संकट कोई पहली बार सामने नहीं आया। यह तंत्र की काहिली और राजनीतिक नेतृत्व की नाकामी का ही नमूना है कि झुलसाती गर्मी में वे लोगों को पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। समाज का संपन्न वर्ग तो किसी तरह पानी का जुगाड़ कर ही लेता है, लेकिन गरीब व निम्न मध्यवर्गीय लोगों को इस संकट से ज्यादा दो–चार होना पड़ता है। शर्मनाक यह है कि पक्ष व विपक्ष द्वारा जल संकट का समाधान करने के बजाय घड़े फोड़कर राजनीतिक लाभ लेने की कुचेष्टा हो रही है। यह समय घड़े फोड़ने का तो नहीं है, क्यों नहीं सभी राजनीतिक दल संकटकाल जैसी चुनौती महसूस करते हुए प्यासे लोगों के घड़े पानी से भरने का प्रयास करते? नीति–नियंताओं को इस जल संकट को आने वाले कल के बड़े संकट का ट्रेलर मानकर चलना चाहिए। बंगलुरू के भयावह जल संकट की बात पुरानी नहीं है। देश के कई अन्य भागों में जल संकट की आहट साफदेखी जा रही है। दरअसल, कथित आधुनिकता के नाम पर पानी का विलासिता से दुरुपयोग किया गया। उसी दिल्ली में कहीं स्वीमिंग पुल खुले हैं, कहीं कारें धोई जा रही हैं, कहीं लॉन सींचे जा रहे हैं तो कहीं एक पानी के टैंकर में कई–कई पाइप डालकर पीने का पानी जुटाने के लिये मारामारी चल रही है। ऐसे संकट के समय तो दुश्मन भी पसीज जाते हैं, फिर किस बात की राजनीति? बहरहाल, यह हमारे नीति–नियंताओं की नाकामी की पराकाष्ठा ही है कि हम अपने नागरिकों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा नहीं दे पा रहे हैं। हमारी नीतियां चांद पर पानी तलाशने की रही हैं मगर हर घर जल नहीं मिल रहा है। सवाल उन राजनेताओं पर भी है जो वोट की राजनीति के लिये आये दिन बिजली–पानी मुफ्त देने की घोषणा करते रहते हैं और मुफ्त पानी दे भी रहे हैं। निश्चित रूप से व्यवस्थित व कारगर जलापूर्ति के लिये मुफ्त की नीति घातक होती है। बेहतर होता कि पानी मुफ्त देने के बजाय गुणवत्ता का पर्याप्त पानी देने के लिये योजना बनती। वॉटर रिसाइक्लिंग और ग्राउंड वॉटर रिचार्ज के लिये योजना बनती। काश! यमुना को साफकरने की ईमानदार कोशिश होती। यदि ऐसा होता तो दिल्ली के लोगों को पानी के लिये आंसू न बहाने पड़ते। सवाल जनता की जवाबदेही का भी है जो पानी के दुरुपयोग व सदुपयोग पर विचार नहीं करती। हम सार्वजनिक जल के बर्बाद होने पर खामोश क्यों रहते हैं? यदि पानी का विलासिता से उपयोग होता है तो किसी के हिस्से के पानी का हम दुरुपयोग कर रहे होते हैं। जनता क्यों आवाज नहीं उठाती कि हमारी जीवनदायिनी नदियों को किसने गंदे नाले में तब्दील कर दिया। क्यों सदानीरा यमुना का पानी उपयोग लायक नहीं रह गया है। गाल बजाने वाले दिल्ली के सत्ताधीश उन फैक्टरियों पर अंकुश क्यों नहीं लगा पाए, जिनके रासायनिक कचरे ने यमुना को जहरीला बना दिया है। क्यों हर सीवरलाइन का मुंह नदियों की तरफखुलता है? स्थानीय निकायों में घटिया किस्म की राजनीति करने वाले लोग क्यों नहीं आदर्श और दूरदर्शी पेयजल योजनाएं बनाते?

# मोदी मंत्रिमंडल के गठन ने तोड़ दिए सारे भ्रम

ऋतुपर्ण दवे



**क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमंडल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया? हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चर्चाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चर्चाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है। लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है।**

मोदी मंत्रिमंडल का गठन जरूर हो गया है लेकिन कयासों का दौर खत्म नहीं हुआ। एक बार में ही 72 सदस्यीय भारी भरकम मंत्रिमंडल की वजह लोग कुछ भी बताएं लेकिन यह नरेन्द्र मोदी की चतुराई कही जाएगी जो उन्होंने एक बारगी सारे किन्तु-परन्तु पर विराम लगा एक तीर से कई निशाने साधे। इससे न केवल सहयोगियों बल्कि भाजपा के आनुषांगिक संगठनों को भी बड़ा संदेश गया कि भले ही सीटें घटीं लेकिन मोदी की हैसियत वही है।

घटक दलों के सहयोगियों का मोदी के तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल बंटवारे में मिले पद और कद से भी काफी भ्रम टूटा। साफ दिखा कि नरेन्द्र मोदी ने जो चाहा वो किया। जिस शांति और धैर्य से घटक दलों के साथ पहली बैठक हुई, प्रमुख दोनों सहयोगी नीतीश बाबू और चंद्रबाबू ने मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़े उससे राजनीतिक नब्ज टटोलने वालों की भी धड़कनें असहज हुई। हमउम्र और राजनीति में मोदी से सीनियर होने के बावजूद नीतीश का उनके पैर छूने के लिए झुकना सबको अब भी हैरान कर रहा है। यह भ्रम ही साबित हुआ कि जेडीयू को रेल तो टीडीपी को सड़क परिवहन मंत्रालय मिलना तय है। पुरानी सरकारों में रेल मंत्रालय प्रायः गठबन्धन के सहयोगियों के खाते में रहा। मौजूदा मंत्रिमंडल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमंडल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।

भावुक अपीलों और जनता से कनेक्ट होने में हुनरमंद मोदी का कोई सानी नहीं। अब उन्होंने नई अपील कर विपक्ष को बहस का नया मुद्दा दे दिया। अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल से मोदी का परिवार हटाने की गुहार लगा दी। भले ही डिस्प्ले नाम बदले लेकिन भारत की तरक्की की कोशिशों के खातिर प्रयास करने वाले एक परिवार के रूप में हमारा बंधन मजबूत और अटूट है। इशारा अबकी बार एनडीए सरकार की ओर तो था ही साथ ही गठबन्धन के सहयोगियों को भी बता दिया कि अब वो कितने अहम हैं? इसी बीच संघ प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को देखना होगा जिसमें उन्होंने मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त जताई। यह बयान शायद भाजपा प्रमुख नड्डा के उस बयान का जवाब लगता है जिसमें उन्होंने कहा था कि भाजपा अब अपने पैरो पर खड़ी है। भागवत के बाद संघ के बड़े नेता इंद्रेश कुमार का बयान भी सुर्खियों में रहा जिसमें उन्होंने भी भाजपा की टॉप लीडरशिप पर निशाना साधा। हालांकि इस पर सफाई भी आई। अब सबकी निगाहें लोकसभा अध्यक्ष पर हैं। जिस पर फिर कयासों का दौर शुरू हो गया है।

निश्चित रूप से विविधताओं से भरे भारत देश और उसकी राजनीति में मतांतर नए नहीं है। इसीलिए कभी लगता है कि मोदी के नेतृत्व की एनडीए सरकार बेहद मजबूत है तो कभी लगता है कि भाजपा और उसके अपने महत्वपूर्ण आनुषांगिक दल ही क्यों खफा हैं।

आंध्र प्रदेश विधानसभा में गजब का प्रदर्शन करते हुए टीडीपी-भाजपा गठबंधन ने बड़े बहुमत वाली जीत हासिल की। दोनों का एजेण्डा सबको पता है। टीडीपी मुस्लिम आरक्षण, परिसीमन, सीएए, अमरावती के विकास और विशेष दर्जे पर तवज्जो चाहेगी तो कमोवेश जेडीयू भी बिहार में ऐसे ही एजेंडे के साथ अगले साल विधानसभा चुनाव में जाएगी। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव होने हैं। इन हालातों में महत्वपूर्ण घटक कब तक भाजपा के हमराह रहेंगे? जबकि महाराष्ट्र और आंध्र प्रदेश सहित बिहार में पद और कद पर कई बातें होनी शुरू हो गई हैं। मंत्रिमंडल गठन के बाद विभाग वितरण से लोग भौंचक्का हैं कि यह कैसा जादू?

**मौजूदा मंत्रिमंडल में 33 नए चेहरे हैं जिनमें तीन पूर्व मुख्यमंत्री हैं। पहली बार मंत्री बनने वालों में 7 सहयोगी दलों से हैं। 7 महिलाएं भी मंत्री बनीं जिनमें 2 कैबिनेट और 5 राज्य मंत्री हैं। एक भी मुस्लिम मंत्रिमंडल में नहीं है। आजादी के बाद पहला मौका है जब मुसलमान को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया। नए मंत्रिमंडल में 21 सवर्ण, 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी, 5 अल्पसंख्यक मंत्रियों को जगह मिली।**

क्या सचमुच राजनीति में मंजे दोनों बाबू न केवल मोदी के साथ हैं बल्कि ब्रान्ड मोदी के दो हाथ हैं? बहुमत का आंकड़ा न छू पाने के बावजूद मंत्रिमंडल बंटवारे में दिखी मोदी के मन की बात ने क्या सभी का लोहा मनवा लिया? हालांकि चंद्रबाबू नायडू के शपथ ग्रहण में नीतीश का न जाना फिर चर्चाओं में है। लेकिन इटली में जी-7 सम्मेलन में बिना सदस्य रह कर भी विशेष रूप से प्रधानमंत्री को बुलाना और दुनिया के शीर्ष नेताओं से मेल-मुलाकात के बाद मोदी की नई छवि और कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक चर्चाओं ने नया मोड़ जरूर ले लिया है।

लेकिन देश के अंदर उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब और दक्षिण के चुनाव परिणामों के मायने पर भी जानकारों की राय बंटी हो सकती है। लेकिन यह सच है कि असल परीक्षा के लिए लोकसभा के नियमित सत्र और नए अध्यक्ष तक इंतजार करना ही होगा।

नई परिस्थितियों में खुद की छवि को बजाए मसीहाई दिखाने के बड़ी सहजता और विनम्रता से लबरेज दिखाकर भी प्रधानमंत्री मोदी नई एनडीए सरकार के वैसे ही सख्त मुखिया दिख रहे हैं जैसे बीते दोनों कार्यकाल में रहे। लोग तब और अब में फर्क भले ढूंढें लेकिन यह कब दिखेगा, कोई नहीं जानता। फिलहाल 30 जून का इंतजार है जब मन की बात के जरिए तीसरे कार्यकाल में नरेन्द्र मोदी का पहला संबोधन क्या होगा?

## विचार

# गद्दी से प्यार, जनादेश से तकरार!

राजेंद्र शर्मा

कहावत है, पूत के पांव पालने में ही दीख जाते हैं। आम चुनाव के नतीजे आने के बाद गुजरे करीब दो सप्ताहों में ही, नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक के बाद एक, इसके काफी संकेत दे दिए हैं कि, नयी मोदी सरकार, पिछली मोदी सरकार का ही अगला संस्करण साबित होने जा रही है। बेशक, इसका सबसे बड़ा संकेत तो तभी मिल गया था, जब प्रधानमंत्री के साथ उनके लगभग पूरे मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण में, सहयोगी पार्टियों को अपेक्षाकृत सस्ते में निपटा दिया गया।

हालांकि, मोदी की भाजपा भी इससे इंकार नहीं कर सकती है कि इस बार जनादेश, साफतौर पर एक वास्तविक गठबंधन सरकार के पक्ष में यानी ऐसी सरकार के लिए है जिसका अस्तित्व गठबंधन के कायम रहने न रहने पर निर्भर होगा, फिर भी सहयोगी पार्टियों को उनकी संख्या के अनुपात से काफी कम, पांच कैबिनेट मंत्रिपदों समेत, कुल 11 मंत्रिपदों में निपटा दिया गया। बाद में इसी सिलसिले को और आगे बढ़ाते हुए गृह, वित्त, रक्षा व विदेश ही नहीं, शिक्षा, रेल, स्वास्थ्य, कृषि, वाणिज्य, कानून आदि, प्रायरू सभी वजनदार मंत्रालय भाजपा के हाथों में ही रखते हुए, न सिर्फ सहयोगी पार्टियों को सस्ते में निपटा दिया गया बल्कि



मंत्रिमंडल के बड़े हिस्से में जिम्ङ्कमेदारियां पिछली सरकार वाली ही बनाए रखते हुए, सचेत रूप से यह संदेश देने की कोशिश की गयी कि प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं, पूरी सरकार ही पहले वाली ही है। इसी संदेश को और आगे बढ़ाते हुए, मंत्रिपरिषद में विभागों के वितरण के फौरन बाद, अजीत डोभाल को एक बार फिर पांच साल के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पीके मिश्र को प्रधानमंत्री का प्रिंसिपल सेक्रेटरी बना दिया गया।

ये दोनों वरिष्ठ नौकरशाह, 2014 से ही नरेंद्र मोदी निजाम महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। वास्तव में नरेंद्र मोदी, इस चुनाव के नतीजे आने के बाद से ही, चुनावी जनादेश के इस बुनियादी सच को छुपाने, दबाने, मिटाने की कोशिशों में ही लगे रहे हैं कि इस बार जनता का फैसला, 2014 और 2019 के उसके फैसले से गुणात्मक रूप से भिन्न है, जब जनता ने भाजपा को अकेले ही बहुमत दिया था और इसी के दूसरे पहलू के तौर पर, विपक्ष की ताकत को

**मोदी की भाजपा भी इससे इंकार नहीं कर सकती है कि इस बार जनादेश, साफतौर पर एक वास्तविक गठबंधन सरकार के पक्ष में यानी ऐसी सरकार के लिए है जिसका अस्तित्व गठबंधन के कायम रहने न रहने पर निर्भर होगा, फिर भी सहयोगी पार्टियों को उनकी संख्या के अनुपात से काफी कम, पांच कैबिनेट मंत्रिपदों समेत, कुल 11 मंत्रिपदों में निपटा दिया गया। बल्कि मंत्रिमंडल के बड़े हिस्से में जिम्मेदारियां पिछली सरकार वाली ही बनाए रखते हुए, सचेत रूप से यह संदेश देने की कोशिश की गयी कि प्रधानमंत्री मोदी ही नहीं, पूरी सरकार ही पहले वाली ही है।**

काफी कमजोर बनाए रखा था। बेशक, 2014 और 2019 के चुनाव के बाद भी एनडीए के नाम पर मोदी की भाजपा ने प्रमुख सहयोगी पार्टियों को सत्ता में थोड़ी-बहुत हिस्सेदारी देना मंजूर किया था, लेकिन यह मोदी की भाजपा के छोटा सा हिस्सा देना मंजूर करने की कार्यनीति अपनाने का ही मामला था, जो इन सरकारों को अपनी प्रकृति से गठबंधन सरकार बनाने के लिए बिल्कुल नाकाफी था।

हैरानी की बात नहीं है कि मोदी के दूसरे कार्यकाल तक आते-आते, एनडीए सिर्फनाम के वास्ते ही रह गया था, वर्ना अपने पूर्व-संस्करणों के विपरीत, अब न तो एनडीए का कोई साझा कार्यक्रम था और न ही गठबंधन में चर्चा तथा निर्णय के लिए, तालमेल कमेटी जैसा कोई निकाय था। नरेंद्र मोदी के दूसरे कार्यकाल में तो गठबंधन की कोई बैठक तक नहीं बुलाई गई थी। विचार और निर्णय की सारी राजनीतिक प्रक्रिया मोदी-शाह जोड़ी से शुरू होकर, उन्हीं पर खत्म हो जाती थी। स्वाभाविक रूप से अलग-अलग मुद्दों पर 2019 के चुनाव से पहले चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम्ङ्ग पार्टी, उस चुनाव के बाद उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में शिव सेना, नये कृषि कानूनों के मुद्दे पर शिरोमणि अकाली दल, बिहार विधानसभा चुनाव के फौरन बाद चिराग पासवान के नेतृत्व वाली एलजेपी और आगे चलकर, नीतीश कुमार के नेतृत्व में जनता दल यूनाइटेड तथा अन्य कई छोटे-छोटे दलों के छिटक कर अलग हो जाने से, मोदी के दूसरे कार्यकाल के आखिर तक आते-आते, एनडीए को व्यवहार में भुलाया ही जा चुका था। विपक्ष की एकजुट होकर गठबंधन बनाने की कोशिशों के मुकाबले, अकेले भाजपा की ताकत और उससे भी बढ़कर मोदी की लोकप्रियता की ताकत का बढ़-चढ़कर प्रदर्शन होता था और एक अकेला सब पर भारी की शेखियां मारने में, खुद सुप्रीम नेता तक गर्व का अनुभव करता था। वह तो जब इंडिया के नाम से विपक्षी गठबंधन ने आकार ग्रहण करना शुरू कर दिया और इस गठबंधन की ताकत के गणित के आगे मोदी की भाजपा अपने सारे साधनों तथा हथियारों के बावजूद कमजोर दिखाई देने लगी, तब मोदी-शाह जोड़ी को एनडीए को तहखाने से निकालकर बाहर लाने की जरूरत पड़ी।

लेकिन, इसके बावजूद उन्हें एनडीए का कोई वास्तविक पुनर्जीवन स्वीकार नहीं हुआ। इंडिया गठबंधन के मुकाबले, उत्तर-पूर्व की अनेक छोटी-छोटी पार्टियों तथा कई नाम मात्र की पार्टियों की और बड़ी सूची तो बनाकर पेश कर दी गयी, लेकिन नरेंद्र मोदी सरकार को समर्थन देने के सिवा, इस गठबंधन की और कोई भूमिका नहीं थी। इतना ही नहीं, संघ-भाजपा को अपने इस गठबंधन की वास्तविकता का एहसास था, इसलिए ऐन आम चुनाव की पूर्व-संध्या में कथित चाणक्य नीति का सहारा लेते हुए, विभिन्न उपायों तथा तिकड़मों से टार्गेटेड अभियान चलाकर कर्नाटक में देवगौड़ा की पार्टी जनता दल सेकुलर, आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम्ङ्ग और बिहार में नीतीश कुमार की जनता दल-यूनाइटेड को मोदी के पाले में लाया गया।

# क्या सत्ता में बैठे व्यक्ति को अहंकारी होना चाहिए?

एल.एस. हरदेनिया

इस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर जबरदस्त हमला हो रहा है। संघ का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व अत्यधिक आत्मविश्वासी और अहंकारी हो गया है। यह आरोप संघ के मुखपत्र आर्गनाइजर में संघ के प्रमुख चिंतक रतन शारदा द्वारा लगाया गया है। उनका आरोप है कि यदि नेतृत्व अहंकारी नहीं होता और अति आत्मविश्वासी नहीं होता तो भाजपा की झोली में लोकसभा की 400 सीटें आ जातीं।

यद्यपि नाम नहीं लिया जा रहा है परंतु बहुत साफ है कि यह हमला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर है। इस बात पर कोई संदेह नहीं कि किसी व्यक्ति का पद जितना ऊंचा हो उतना ही उससे यह अपेक्षा होती है कि वह उतना विनम्र और सोम्य हो। भारतीय जनता पार्टी में अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे ही नेता थे। वे जब तक प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने संघ से संपर्क बनाए रखा। अब हम कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों की चर्चा करें तो प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी कहीं से अहंकारी नजर नहीं आते थे। बड़े नेताओं से लेकर आम जनता तक उनका सतर्क सम्पर्क रहता था। वे जब दिल्ली में रहते थे तो रोज कम से कम 500-600 लोगों से अपने निवास-तीन मूर्ति मार्ग पर मिलते थे। उनके उत्तराधिकारी लाल बहादुर शास्त्री तो दिखने में कतई प्रधानमंत्री नहीं लगते थे। उनकी इमेज लगभग एक किसान नेता की थी। शास्त्री जी के बाद इन्दिरा जी प्रधानमंत्री बनीं। इन्दिरा जी का स्वभाव कुछ हद तक अहंकारी था परंतु राष्ट्र के हित में वे अपने अहंकार का चोला उतार फेंक देती थीं। इस संबंध में दो घटनाएं मुझे याद आ रही हैं-उत्तरप्रदेश में चुनाव होने वाले थे। उत्तरप्रदेश की राजनीति में हेमवती बहुगुणा का काफी महत्व था। चुनाव के पूर्व इन्दिरा जी और बहुगुणा में कुछ मतभेद थे। परंतु चुनाव की खातिर वे बहुगुणा से मिलने गईं और उस मुलाकात के बाद दोनों के मतभेद दूर हो गये।

जब बंगलादेश का युद्ध चल रहा था तो यह आवश्यक समझा गया कि देश में सांप्रदायिक सौहाद्र बना रहे। इस काम में वे जानती थीं कि राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रमुख गोलवलकर की प्रमुख भूमिका हो सकती है। गोलवलकर से इन्दिरा जी के संबंध कभी मधुर नहीं थे। परंतु राष्ट्र के हितों को देखते हुए उन्होंने गुरू गोलवलकर से मधुर संबंध बनाना आवश्यक समझा। इसमें उन्होंने अटल बिहारी वायपेयी का उपयोग किया। उन्होंने वाजपेयी जी ने अनुरोध किया कि वे नागपुर जायें और गुरू जी को मेरा संदेश दें कि इस दरम्यान यदि देश में एक भी मुसलमान का एक बूंद भी खून बहा तो मेरी नाक कट जायेगी। यह काम गुरू जी ही सुनिश्चित कर सकते हैं। मैं चाहती हूं कि वे यह जिम्मेदारी पूरी संजीदगी से निभा सकते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी नागपुर गये और इन्दिरा का यह संदेश गुरू गोलवकर को दिया। गोलवलकर जी यह संदेश पढ़कर बहुत प्रसन्न हुये और उन्होंने इन्दिरा जी से फोन पर कहा कि वह इतना ऐतिहासिक काम कर रही हैं कि उसके लिए मेरे शरीर के खून का एक-एक कतरा हाजिर है। इन संदेशों के आदान-प्रदान से हिन्दुस्तान के एक-एक नागरिक ने इन्दिरा जी के प्रति अपनी वफादारी दिखाई और भारत में पाकिस्तान के दो टुकड़े करने का ऐतिहासिक काम हासिल किया। और भी कई मौके हैं जब इन्दिरा जी ने अपने अहंकार को त्यागकर देश के हित में कई निर्णय लिये। राजनीतिज्ञ का अंहकार उसका कैसा नुकसान करता है उसका एक उदाहरण मध्यप्रदेश का है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पंडित डी.पी. मिश्रा थे। स्वभाव से दृढ़निश्चयी। जो निर्णय ले लिया उस पर वे हर हालत में कायम रहते थे। उनके पद पर रहते हुए कांग्रेस के 36 विधायक पार्टी छोड़कर चले गये और वे गोविन्द नारायण सिंह और राजमाता के नेतृत्व में सरकार में शामिल हो गये। दल-बदल की खबरें आने लगीं। अनेक लोगों ने पंडित मिश्र से अनुरोध किया यदि वे इन लोगों से बात करके उनको मनाने की कोशिश करें तो सरकार बच जायेगी। मिश्र जी से यहां तक कहा गया कि यदि वह विधायक विश्राम गृह की गैलरी से पैदल निकल जायेंगे तो सारे विधायक उनसे मिलने के लिए आ जायेंगे और इतना करने से ही सरकार बच जायेगी।



## राशिफल

**मेषः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्क :-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्त्वपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**तुलाः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी। धन व कीर्ति की हानि न हो ध्यान रखें।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकर :-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीन :-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है। अस्वस्थ रहेंगे।

# पं. माधवराव सप्रे : हिंदी के विस्मृत महानायक

प्रो.संजय द्विवेदी

पंडित माधवराव सप्रे, हिन्दी पत्रकारिता और साहित्य में लगभग भुला दिए गए महानायक हैं। भारतबोध और भारतीयता के सबसे प्रखर प्रवक्ता स्प्रे हमारे स्व को जगाने वाले लेखक हैं। हिन्दी नवजागरण के अग्रदूत माधवराव सप्रे को याद करना उस परंपरा को याद करना है, जिसने देश में न सिर्फ भारतीयता की अलख जगाई वरन हिन्दी समाज को आंदोलित भी किया। उनके हिस्से इस बात का यश है कि उन्होंने मराठीभाषी होते हुए भी हिन्दी की निरंतर सेवा की। अपने लेखन, अनुवाद, संपादन और सामाजिक सक्रियता से समाज का प्रबोधन किया। 19 जून,1871 को मध्य प्रदेश के एक जिले दमोह के पथरिया में जन्मे सप्रे जी एक बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे।

आज के मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र तीन राज्य उनकी पत्रकारीय और साहित्यिक यात्रा के केंद्र रहे। छत्तीसगढ़ मित्र, हिन्दी केसरी के माध्यम से पत्रकारिता में किया गया उनका कार्य अविस्मरणीय है। उनकी देशज चेतना, भारत प्रेम, जनता के दर्द की गहरी समझ उन्हें बड़ा बनाती है। राष्ट्रोत्थान के लिए तिलक जी के द्वारा चलाए जा रहे अभियान का लोकव्यापीकरण करते हुए



वे एक ऐसे संचारक रूप में आते हैं, जिसने अपनी जिंदगी राष्ट्र को समर्पित कर दी। सप्रे जी की बहुमुखी प्रतिभा के बहुत सारे आयाम और भूमिकाएं थीं। वे हर भूमिका में पूर्ण थे। कहीं कोई अधूरापन नहीं, कच्चापन नहीं।

सप्रे जी को लंबी आयु नहीं मिली। सिर्फ 54 साल जिए, किंतु जिस तरह उन्होंने अनेक सामाजिक संस्थाओं की स्थापना की, पत्र-पत्रिकाएं संपादित कीं, अनुवाद किया, अनेक नवयुवकों को प्रेरित कर देश के विविध क्षेत्रों में सक्रिय किया वह विलक्षण है। 26 वर्षों की उनकी पत्रकारिता और साहित्य सेवा ने मानक रचे। पंडित रविशंकर शुक्ल, सेठ गोविंददास, गांधीवादी चिंतक सुंदरलाल शर्मा, द्वारिका प्रसाद मिश्र, लक्ष्मीधर वाजपेयी,माखनलाल चतुर्वेदी, लल्ली प्रसाद पाण्डेय,मावली प्रसाद श्रीवास्तव सहित अनेक हिन्दी सेवियों को उन्होंने प्रेरित और प्रोत्साहित किया। जबलपुर की फिजाओं में आज भी यह बात गूंजती है कि इस शहर को संस्कारधानी बनाने में सप्रे जी ने एक अनुकूल वातावरण बनाया। जिसके चलते जबलपुर साहित्य, पत्रकारिता और संस्कृति का केंद्र बन सका। 1920 में उन्होंने जबलपुर में हिन्दी मंदिर की स्थापना की, जिसका इस क्षेत्र में सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ाने में अनूठा योगदान है। हिन्दी पत्रकारिता में उनका गौरवपूर्ण स्थान है। सन् 1900 के जनवरी महीने में उन्होंने छत्तीसगढ़ के छोटे से कस्बे पेंड्रा से छत्तीसढ़ मित्र का प्रकाशन प्रारंभ किया। दिसंबर,1902 तक इसका प्रकाशन मासिक के रुप में होता रहा। इसे प्रारंभ करते हुए उसके पहले अंक में उन्होंने लिखा- संप्रति छत्तीसगढ़ विभाग को छोड़ एक भी प्रांत ऐसा नहीं है, जहां दैनिक, साप्ताहिक, मासिक या त्रैमासिक पत्र प्रकाशित न होता हो।

**सप्रे जी को लंबी आयु नहीं मिली। सिर्फ 54 साल जिए, किंतु जिस तरह उन्होंने अनेक सामाजिक संस्थाओं की स्थापना की, पत्र-पत्रिकाएं संपादित कीं, अनुवाद किया, अनेक नवयुवकों को प्रेरित कर देश के विविध क्षेत्रों में सक्रिय किया वह विलक्षण है। 26 वर्षों की उनकी पत्रकारिता और साहित्य सेवा ने मानक रचे। पंडित रविशंकर शुक्ल, सेठ गोविंददास, गांधीवादी चिंतक सुंदरलाल शर्मा, द्वारिका प्रसाद मिश्र, लक्ष्मीधर वाजपेयी,माखनलाल चतुर्वेदी, लल्ली प्रसाद पाण्डेय,मावली प्रसाद श्रीवास्तव सहित अनेक हिन्दी सेवियों को उन्होंने प्रेरित और प्रोत्साहित किया। जबलपुर की फिजाओं में आज भी यह बात गूंजती है कि इस शहर को संस्कारधानी बनाने में सप्रे जी ने एक अनुकूल वातावरण बनाया। जिसके चलते जबलपुर साहित्य, पत्रकारिता और संस्कृति का केंद्र बन सका। 1920 में उन्होंने जबलपुर में हिन्दी मंदिर की स्थापना की, जिसका इस क्षेत्र में सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों को बढ़ाने में अनूठा योगदान है। हिन्दी पत्रकारिता में उनका गौरवपूर्ण स्थान है। सन् 1900 के जनवरी महीने में उन्होंने छत्तीसगढ़ के छोटे से कस्बे पेंड्रा से छत्तीसढ़ मित्र का प्रकाशन प्रारंभ किया।**

आजकल भाषा में बहुत सा कूड़ा-करकट जमा हो रहा है वह न होने पावे इसलिए प्रकाशित ग्रंथों पर प्रसिध्द मार्मिक विद्वानों के द्वारा समालोचना भी करे। यह बात बताती है कि भाषा के स्वरूप और विकास को लेकर वे कितने चिंतित थे। साथ ही हिन्दी भाषा को वे एक समर्थ भाषा के रुप में विकसित करना चाहते थे, ताकि वह समाज जीवन के सभी अनुशासनों पर सार्थक अभिव्यक्ति करने में सक्षम हो सके। कुछ पत्र लंबे समय तक चलते हैं पर पहचान नहीं बना पाते। छत्तीसगढ़ मित्र की प्रकाशन अवधि हालांकि बहुत कम है, किंतु इस समय में भी उसने गुणवत्तापूर्ण, विविधतापूर्ण सामग्री को प्रकाशित कर आदर्श संपादकीय, लेखकीय परंपरा को निर्मित करने में मदद की, वह भी एक ऐसे इलाके से जहां इसकी कोई पूर्व परंपरा नहीं थी।

बत्तीस पेज की यह पत्रिका समग्रता के साथ आती है, जिसमें कथा, कहानी, समाचार, प्रार्थना, पत्र, नीति विषयक बातें, उपदेशपरक और व्यंग्य परक लेख, समीक्षाएं प्रकाशित होती थीं। सप्रे ने जी ने संपादकीय तो नहीं लिखे किंतु समाचारों के अंत में सुझाव के रुप में एक वाक्य जाता था। एक साल के बाद इसका स्वरूप पूरी तरह साहित्यिक हो गया और समाचारों प्रकाशन इसमें बंद हो गया। इस मासिक पत्र के प्रकाशक अधिवक्ता वामनराव लाखे थे और सप्रे जी के साथ संपादक के रूप में रामराव चिंचोलकर का नाम भी जाता था। इस पत्र की गुणवत्ता और सामग्री को बहुत सराहना मिली।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# एसपी ने दिए समस्याओं के निस्तारण के निर्देश



महोबा। समृद्धि न्यूज

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है। जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## पुलिस ने लिया बैंकों की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा



महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

## बीमारी से तंग आकर वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

राठ,हमीरपुर। कस्बे के कांशीराम कॉलोनी में बीमारी से तंग आकर वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।काशीराम कॉलोनी के ब्लॉक नंबर 15 कमरा नं 177 निवासी 65 वर्ष दुलीचंद बहुरूपिया पार्टी में काम करने के साथ कपड़ों की फेरी लगता था। वह घर में अकेले रहता था। सोमवार की रात वृद्ध ने कमरे में गमछा डाल फांसी लगा ली। मंगलवार सुबह पड़ोसी हामिद जब उनके कमरे में गए तब घटना की जानकारी हो सकी। मृतक के पुत्र विदेश साहू ने बताया की पिता स्वांस की बीमारी से परेशान थे। जिस कारण गमछा से फांसी लगाकर जान दे दी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## डॉ. अशोक दीक्षित को जायंट्स सहेली ने किया सम्मानित

इटावा। जायंट्स ग्रुप के संस्थापक स्मृति शेष पदम नाना चूड़ासमा के जन्मदिन के अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ इटावा सहेली ने वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. अशोक दीक्षित को उनके आवास पर फादर्स डे के उपलक्ष में तिलक वंदन करके,शाल ओढ़ाकर और पटका पहनाकर सम्मानित किया, उनकी पत्नी को भी शाल व सुहाग का सामान देकर कमलेश शर्मा ने सम्मानित किया। अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना व अन्य सभी लोगों ने उनके चरण छूकर उनसे आशीर्वाद लिया और उनकी लम्बी उम्र व अच्छे स्वास्थ्य की कामना कर उनको मिठाई खिलाई। इस अवसर पर फेडरेशन अधिकारी क्षमा दीक्षित और संगीता अग्रवाल तथा अध्यक्ष मीनाक्षी सक्सेना,डी ओ ए प्रतिभा सिंह, डी ओ एफ विमल शर्मा, उर्वशी दीक्षित,संध्या अग्रवाल, अलका अग्रवाल,हेनू वर्मा, कमलेश शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

# जिला वृक्षारोपण समिति की हुई बैठक, लगेंगे 71.40 लाख पौध

महोबा। समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई। इस वर्ष जनपद में 71 लाख 40 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, साथ ही जिलाधिकारी ने गत वर्ष हुए पौधारोपण के पश्चात जीवित बचे पौधों की भी समीक्षा की।

पौध रोपने के लिए हो गढडे की खुदाई

उन्होंने कहा कि पोधारोपण के पश्चात जिन क्षेत्रों में हरित क्षेत्र में वृद्धि हुई है, उससे जनपदवासियों को अवगत कराया जाए, इससे जन सहभागिता बढ़ेगी और इस वर्ष का वृक्षारोपण कार्यक्रम भी अपने उद्देश्यों की पूर्ति में सफल हो सकेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जुलाई माह में जनपद में हरियाली का दायरा बढ़ाने के लिए वृहद अभियान चलाया जाएगा वन विभाग द्वारा 39 लाख पौधारोपण किया जाएगा तथा 32 लाख पौधो का रोपण जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधा रोपने के लिए गड्ढे की खुदाई समय रहते कर ली जाए, जिससे वृक्षारोपण के लिए भूमि की उर्वरा शक्ति अनुकूलतम में पहुंच जाए।

जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्रों में मियां बाकी विधि से पोधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को चेतावनी भी दी कि वृक्षारोपण जमीन स्तर पर वास्तविक रूप में होना चाहिए ना कि सिर्फ कागजी कार्यवाही तक सीमित रहे, वे स्वयं वृक्षारोपण स्थलों का निरीक्षण कर वास्तविकता को परखेंगे कमी मिली तो कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष पौधों की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम में जन सहभागिता को भी प्रोत्साहन दिया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित करते हुए कहा की अपने-अपने विभाग के लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण कराएं। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इसके पश्चात् जिला भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में किया गया। इसके अंतर्गत राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, खेत तालाब एवं आरएडी योजना की समीक्षा एवं नये लक्ष्यों के अनुमोदन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई।




## नलकूप में आग लगने से कोठरी भी जली, हजारो का हुआ नुकसान

कुरारा, हमीरपुर। कस्बा कुरारा के जखेला जाने वाली सड़क किनारे लगे निजी नलकूप में बीती रात विद्युत शार्ट सर्किट से नलकूप की मोटर पंप जल गया। तथा ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से नलकूप की कोठरी में आग लग गई। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल दस्ते ने आग पर काबू पाया। कस्बे के जखेला गांव जाने वाली सड़क किनारे बाबा कुंआ के पास कस्बे के वार्ड दो निवासी हनीफ पुत्र बड़ेलाल का निजी नलकूप लगा हुआ है। उसमे रखे विद्युत ट्रांसफार्मर में रात में तेज फॉल्ट हुआ। जिससे चिंगारी निकलने लगी वही पास में लगे भूसे के ढेर में आग लग गई तथा चिंगारी से नलकूप की कोठरी जलने लगी। तथा आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। तब किसान ने दमकल दस्ते को आगजनी की जानकारी दी।

## जिलाध्यक्ष ने सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की उठाई मांग

महोबा। समृद्धि न्यूज

विश्व हिंदू महासंघ गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रांतीय सम्मेलन अधिवेशन में प्राचीन काल से ही गौ सेवा का विशेष महत्व वेद पुराणों ग्रन्थ आदि में बताया गया है। ऐसे में हमारा भी यह कर्तव्य बनता है कि हम गौ माता की सेवा एवं रक्षा करने का संकल्प लें, कार्यक्रम श्रृंगेरी मठ महमूरगंज मे तीन दिवसीय प्रातीय सम्मेलन का उद्घाटन महामंडलेश्वर सत्यानंद गिरी एवं गोरक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण दुबे द्वारा ध्वजा रोहण किया गया, जिसके उपरान्त प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति एवं हरिओम पाठक जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ 16 जून को हुआ। कार्यक्रम में गो-रक्षा सहित कई प्रस्तावित कार्यों के बारे में चर्चाओं मे गाय की महिमा एवं मृत नारी शक्ति के योगदान पर विशेष चर्चा हुई कार्यक्रम का संचालन दिग्विजय सिंह राणा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संजय पांडे ने किया। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान आशुतोष ओझा एवं आशीष अग्रवाल ने किया।

इसी मौके पर वाराणसी जिले के जिला अध्यक्ष संतोष सेठ ने सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषिणा करने के लिए मांग की, कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन काशी संभाग प्रभारी मनोज श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर विश्व हिंदू महा संघ के सैकड़ो की संख्या में पदाधिकारी (गोरक्षा प्रकोष्ठ) महोबा जिलाध्यक्ष हरिचरण कुशवाहा विक्रम सिंह बुन्देला चरखारी ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप सिंह भदौरिया व सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेयजल आपूर्ति ठप होने से लोग परेशान

कुरारा,हमीरपुर। कस्बे कुरारा के दो वार्ड में पेयजल आपूर्ति न हो पाने से लोग परेशान हैं।हैंडपंप के सहारे ही लोग पेयजल ले रहे हैं। कस्बे के वार्ड तीन व नौ में चार दिन से पेयजल आपूर्ति बाधित चल रही है।जिससे लोगो को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड तीन निवासी जब्बार ,दिलीप कुमार, राजा अहिरवार, इशाक मिस्त्री, हनीफ मिस्त्री,विनय कुमार, वार्ड नौ निवासी माता दीन, रामबाबू, कमलेश,आशीष,राजू, लालाराम,नबी ,गुड्डू आदि ने बताया कि चार दिन से जलसंस्थान द्वारा पेयजल आपूर्ति बाधित चल रही है।भीषण गर्मी में लोगो को पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है।वार्ड में लगे हैंडपंप खराब होने से किल्लत का सामना करना पड़ रहा है एक हैंड पंप ठीक है उसमे पानी के लिए लाइन लगाने पड़ता है।

## खबरें एक नजर में

### चोरों ने जनरेटर के पुर्जे किये चोरी

इटावा। जसवन्तनगर स्थित मैरिज होम में रखे जनरेटर से कलपुर्जों को अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। नगर के मोहल्ला फक्कडपुरा निवासी पुनीत कुमार गुप्ता पुत्र महेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि उनका छिमारा रोड पर एक मैरिज होम है जिसमें एक 82 केवीए का बड़ा जनरेटर रखा हुआ था वह कटरा पुख्ता में स्थित अपने घर से यहां मैरिज होम में किसी कार्य के लिए आये थे। उसी दौरान उनकी नजर उक्त जनरेटर पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि जनरेटर खुला पड़ा और उसके कीमती कलपुर्जे गायब हैं। तब उनको चोरों द्वारा की गई करतूतों की जानकारी हुई। अज्ञात चोर जनरेटर के कीमती कलपुर्जों को चोरी करके ले गए। उन्होंने उक्त चोरी गए सामान की पुलिस को तहरीर दी है।

### वाहन की टक्कर से युवक की मौत

इटावा। बिजौली सिक्सलेन पर बस के इंतजार में खडे युवक की अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट से दर्दनाक मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बकेवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बिजौली सिक्सलेन 19 पर बीती रात्रि में दिल्ली जाने के लिए बस के इंतजार में खडे युवक की अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट से दर्दनाक मौत हो गयी। युवक के बैग में आधार कार्ड से पतिराम का 28 बर्षीय बेटा कपिल कुमार ग्राम भवानीपुर बिजौली निवासी रुप मे शिनाख्त हुई है। अज्ञात वाहन युवक के सिर पर चढ गया। जिससे मौके पर कपिल कुमार की दर्दनाक मौत होगी।स्वजनो को जानकारी लगते ही कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची बकेवर पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### युवक ने छप्पर में लगाई आग, भूसा व कपड़े राख

राठ, हमीरपुर। विवाद के चलते दबंग ने आग लगा दी जिससे उसका गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। मझगवां थाने के टोला रावत गांव निवासी रामभुवन पुत्र मनसुख पांचाल ने पुलिस को बताया कि उसके पास एक प्लाट था। जिसमें वह छप्पर डाले हुए था। बताया कि छप्पर में चार ट्रैक्टर ट्राली भूसा रखा था। वहीं पर वह रहता था। बताया कि 11 मई की सुबह करीब 11 बजे गांव का भरत पुत्र रामकेश ने आग लगा दी थी। वह मौके पर था। भरत उसके साथ गाली गलौज करने लगा। मौके पर पहुंची पुलिस व दमकल कर्मियों ने पानी डाल आग पर काबू पाया। बताया कि तब तक भूसा व कपड़े जलकर राख हो गए। पीड़ित ने मझगवां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दुकानदार से की 35 सौ रूपये की लूट, मामला दर्ज

राठ,हमीरपुर। मझगवां थाने के महजौली गांव में कपड़े की फेरी लगाकर पेड़ के नीचे लेटे बाइक सवार चार युवक फेरी दुकानदार के साथ लूट करके फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।।कस्बे के गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ला निवासी सलीम खां पुत्र हिंदू खां ने बताया कि रविवार की दोपहर साढ़े बारह बजे मझगवां थाने के महजौली गांव में कपड़े की फेरी लगाने गया था। फेरी लगाने के बाद वह पेड़ के नीचे छाव में लेट गया। बताया कि तभी बाइक सवार चार युवक आए और जबरन जेब में पड़े 35 सौ रुपए लूटकर ले गए। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# बबूल के पेड़ों में लगी आग लकड़ी व कंडे हो गये स्वाहा

कुरारा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज

थाना क्षेत्र के पारा गांव में अज्ञात कारण के चलते लकड़ियों में आग लग जाने से आसपास के बबूल के झांखर आदि जल गए। आग बढ़ती देख ग्रामीणों ने एक जुट होकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। तथा दमकल दस्ते को सूचना दी।क्षेत्र के पारा गांव में गांव निवासी रामखेलावन सविता के कंडे लकड़ी रखे थे।

दोपहर एक बजे अचानक कंडे लकड़ी में अज्ञात कारण के चलते आग लग गई।जब आग ने विकराल रूप धारण कर लिया तो ग्रामीणों को आगजनी की जानकारी हुई तो उन्होंने एकजुट होकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लेकिन तेज हवा चलने से आग आसपास बढ़ गई। तब ग्रामीणों ने दमकल दस्ते को आगजनी की जानकारी दी। तब दमकल दस्ते ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। इस आगजनी में ग्रामीणों का लकड़ी व गोबर के कंडे आदि का नुकसान हुआ है।



## मृतक की पत्नी ने बोलेरो चालक के विरुद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट

राठ,हमीरपुर। वाहन से टक्कर मार कर बाइक क्षतिग्रस्त कर दी घायल पति की उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। जनपद महोबा के खरेला निवासी पूजा पत्नी जीतेन्द्र सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि 9 मई की सुबह करीब सात बजे बाइक से जरिया से राठ आ रहे थे। तभी बीरा गांव जूनियर हाईस्कूल के पास तेज रफ्तार बोलेरो गाड़ी ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे उसके पति सड़क पर गिर कर घायल हो गए। बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। बताया कि एंबुलेंस से गोहांड सीएचसी में पति को भर्ती कराया गया। जहां से महोबा रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने पर महोबा से छतरपुर रेफर किया गया। जहां उसके पति की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने बोलेरो चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# कस्बे सहित क्षेत्र में फैला कबूतरबाजों का नेटवर्क

- बेरोजगार युवकों को विदेशो में अच्छी नौकरी का लालच देकर फंसाने का करते हैं काम

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र में बेतहाशा बढ़ती बेरोजगारी और बेरोजगारी के कारण देश के औद्योगिक क्षेत्रों में युवाओं के द्वारा किए जा रहे पलायन का लाभ उठाकर कस्बे सहित क्षेत्र में सक्रिय कबूतरबाजों द्वारा बेरोजगारों को विदेशों में अच्छी नौकरी का लालच देकर मोटी रकम ऐंठने के बाद उन्हें बंधुआ मजदूरी के लिए भेज दिया जाता है।

हालांकि जब कोई मामला कोतवाली पुलिस के सामने आता है तो पुलिस भी कार्यवाही करने के बजाय समझौता कराने पर विशेष ध्यान देती है। इस समय क्षेत्र में कबूतर बाजों का बड़ा रैकेट संचालित है जो कस्बे सहित क्षेत्र के बेरोजगार युवकों को विदेशों में अच्छी नौकरी और अच्छी सैलरी दिलाने के नाम पर उनसे दो से चार लाख रुपए तक की मोटी रकम ऐंठ कर सऊदी अरब,कतर,बहरीन, दुबई, ओमान सहित अन्य खाड़ी देशों में बंधुआ मजदूरी करने के लिए भेज देते हैं। वहां पहुंचने के बाद अपनी जमीन या गहने बेचकर जाने वाले युवक अपने आप को ठगा सा महसूस कर जब इन कबूतर बाजों से सम्पर्क स्थापित करते हैं तो इनके द्वारा धमकियां देकर कहा जाता है कि इतना रुपया लगेगा अगर वापस आना है नहीं तो वहीं पर जियो या मरो। इतना ही नहीं अगर कोई युवक कैसे भी कर वापस आकर इनसे अपना पैसा मांगता है तो इनके द्वारा अपने गुर्गों के साथ उसे और उसके परिवार को जानमाल की धमकियां दी जाती है और यदि कोई युवक हिम्मत जुटा कर कोतवाली पुलिस से शिकायत करता है तो पुलिस मामूली लेनदेन बताकर मामले में कार्यवाही करने के बजाय समझौता कराने पर विशेष जोर देती है।जिसके चलते क्षेत्र के बेरोजगार युवकों की स्थिति जहां बद से बदतर होती जा रही है तो वहीं कबूतर बाज रातों रात करोड़ पति बनते जा रहे हैं।

क्षेत्र में फैले कबूतर बाजों का न तो किसी ट्रैवल्स एजेंसी के नाम से पंजीकरण है और न ही किसी तरह का राजस्व जमा करते हैं जिसके चलते प्रतिवर्ष सरकार के राजस्व के रूप में पूरे क्षेत्र के कबूतर बाज मिलकर करोड़ों रुपए का चूना लगा रहे हैं। जिसके चलते इनके साथ ही इनके द्वारा बनाई गई अवैध आय से अधिक सम्पत्ति की भी जांच होना चाहिए।

# शासन के आदेश के बाद भी सड़कें बनी अवैध पार्किंग का अड्डा

- गलियों में वाहन खड़ा कर देने से आना जाना हो जाता है बंद

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

शासन के सख्त आदेश के बाद भी जिले की हर गलियों व सड़को में वाहन खड़े रहते है। जिससे वाहन व रिक्शा निकलने मे भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वाहन स्वामियों में अपने घर के सामने वाले रास्ते में वाहन खड़ा कर पूरी तरह कब्जा कर लिया है।

शासन के सख्त आदेश है कि सड़को व बस्ती की गलियों में अवैध पार्किंग न की जाये,इसके लिये अभियान चलाकर प्रशासन को सखत आदेश दिये गये थे,मगर जिले में हर रोड के किनारे वाहन खडे रहते है जिससे आसपास के लोगो का निकलना बंद हो जाता है यदि कोई वाहन आपातकालीन में गलियों से निकलना चाहे तो निकल नही सकता है। हमीरपुर शहर के अलावा जिले में हर कस्वा में जो मेन रोड के अलावा गलिया बनायी गयी थी उनमे कई सालों से अवैध पार्किंग हो रही है।



इस मामले में पड़ोसियों से कई मर्तवा विवाद व मारपीट हुई है मगर पुलिस व प्रशासन ने इस मामले पर कोई ध्यान नही दिया है। कई मर्तवा गलियों में रहने वाले बीमार होने के बाद रिक्शे से अस्पताल जाते समय रिक्शा नही निकल पाता है यदि किसी वाहन चालक को वाहन हटाने को कहा जाता है तो वह झगड़ा करने के लिये तैयार हो जाता है। लोगो का कहना है कि दबंग वाहन स्वामी तो दूसरे घर के सामने वाहन खड़ा करा देता है।

जिससे लोगो को निकलना ही बंद हो जाता है। इस मामले को लेकर रोजाना शिकायते नगर पालिका व प्रशासन को मिलती है मगर उस पर कोई ध्यान नही दिया जाता है। समाधान दिवस में भी इस मामले को लेकर हर मर्तवा ढेर सारी शिकायते आती है मगर कोई ध्यान न ही दिया जाता है। कभी न कभी इस मामले को लेकर खून खराबा होने की आशंका जतायी गयी है। गरीबों का कहना है कि इस मामले में जुवान बंद करना ही अच्छा है क्योकि दबंग लोगों की शिकायत करने से सिर्फ अपमान ही सहना पड़ता है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत से हड़कंप, हत्या की आशंका

मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

मंगलवार सुबह सड़क किनारे एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जबकि मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गहबरा निवासी शिवसिंह वर्मा(36) पुत्र गजोधर का शव छिरका स्थित ठाकुर जगन्नाथ पेट्रोल पंप के निकट मृत अवस्था में पड़ा हुआ था जिसकी सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।मृतक के भाई जयपाल ने हत्या की आशंका जताई है।मृतक पेशे से ट्रक चालक था और करीब दस दिन पहले ट्रक लेकर निकला था। जबकि मृतक की पत्नी पूनम अपने बच्चों के साथ अधिकतर मायके में ही रहती है।वहीं मृतक अपने पीछे पत्नी और एक बेटे, दो बेटियों को छोड़ गया है। मृतक सीमांत किसान था और सोलह बीघा खेतिहर जमीन में तीन भाई थे। इस सम्बंध में कोतवाली पुलिस ने सोशल मीडिया सेल के माध्यम से अवगत कराया कि पेट्रोल पंप छिरका के निकट युवक का शव मिला था जिसपर परिजनों को सूचना दी गई है और परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# अपनी जगह पर बनवाया चबूतरा, प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

इटावा, समृद्धि न्यूज।

वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव बर्रा में अपने ही घर के सामने खाली पड़ी अपनी ही जगह पर चबूतरा बनाना न सिर्फ महगा पड़ गया बल्कि पड़ोसी की शिकायत पर प्रशासन ने बुलडोजर से ये कह कर ढा दिया। उक्त जमीन ग्राम सभा की बंजर भूमि है। उक्त थाना क्षेत्र के अंतर्गत बर्रा गांव निवासी आकांक्षा पुत्री जयपाल सिंह ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव में उसके घर के सामने खाली पड़ी जमीन पर गांव का का गंदा पानी भरता था जिस पर संक्रमण फैलने के कारण उस पर मिट्टी डाल कर समतलीकरण कर रहे थे। तो पड़ोसी अजयपाल को नागवार लगने पर उसने लेखपाल से मिलकर शिकायत कर दी और लेखपाल ने नोटिस ग्राम सभा की बंजर भूमि का हवाला देकर तोड़ने की धमकी दी जबकि उसी साइड पर अन्य लोगों के मकान के सामने भी खाली जमीन पड़ी है जिस पर सभी कब्जेदार हैं उन्हें कोई नोटिस नहीं दिया गया। तहसील प्रशासन मेरे चुबतरे पर बुलडोजर चला कर धावस्त कर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए मेरा उत्पीड़न किया गया। आकांक्षा का कहना है कि जिस जमीन पर मैं समतली करण कर रही थी वह जमीन मेरे ही घर के सामने पुरखों की पैतृक जमीन है जिसमे पानी भरा रहता था मच्छरों से संक्रमण फैलने के लिए उसे मिट्टी डालकर रहे थे जिससे पड़ोसी को जलन हुई और उसने मेरी शिकायत कर दी प्रशासन ने बिना जांच किए ही तत्काल बुलडोजर चलवा दिया जबकि उसी की सीधे में शिकायतकर्ता की भी खाली जमीन पड़ी है क्या वह जमीन ग्राम सभा की नहीं है।




# यूपीयूएमएस में अप्रिय घटनाओं से निपटने के लिए हुआ फायर मॉकड्रिल प्रशिक्षण

इटावा, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में उत्तर प्रदेश सरकार के शासनादेश अनुसार प्रमुख सचिव व कुलपति प्रो. डॉ प्रभात कुमार सिंह के निर्देश क्रम में दो दिवसीय फायर मॉक ड्रिल प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम राष्ट्रीय निर्माण निगम लिमिटेड के तत्वाधान में हुआ।

हरियाणा से आए प्रशिक्षणदाता योगेंद्र कदयान ने आग लगने के कारण एवं आग पर नियंत्रण और आग बुझाने के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारी को साझा किया। उन्होंने कहा कि अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए आग बुझाने के दल व फायर फाइटर दल,बचाव दल, प्राथमिक चिकित्सा दल के समन्वय बहुत जरूरी है। प्रशिक्षण के दौरान आग बुझाने के उपकरण और सामग्रियों का प्रयोग किस प्रकार सावधानी पूर्वक करना है इस संदर्भ में भी स्वास्थ्य कर्मियों व समस्त स्टाफ को महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कार्य स्थल पर अग्निशमन यंत्रों की अलग-अलग प्रकार से आग बुझाने में कई अग्निशमन यंत्र का उपयोग करना बताया गया साथ ही सुरक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाकर उनके उपयोग और रखरखाव और उपयोगिता की जानकारी दी गई इस दौरान आग लगाकर उसे कैसे बुझाए इसका भी अभ्यास कराया गया।

# स्वच्छता मिशन नमामि गंगे के तहत हुई कार्यशाला

इटावा, समृद्धि न्यूज।

ताखा इटावा ब्लाक सभागार में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें खण्ड विकास अधिकारी ने वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

खण्ड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा ने कहा किं जल हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। हम सभी का दायित्व है कि आने वाली पीढियों के लिए जल संरक्षित करें प्रशिक्षक सुशील कुमार ने बताया कि हमारे देश में 70 प्रतिशत बिमारियां जल जनित हैं। कार्यदायी संस्था विल्सन ग्रीन इ. प्रा. लि. के डीपीसी मनोज कुमार ने बताया कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतो व राजस्व गांव में यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



वाटर टेस्टिंग सोशल मैपिंग प्रदर्शनी, प्रोजेक्टर के माध्यम से लोगों को शुद्ध पेयजल एंव स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी राजकुमार शर्मा, सहायक विकास अधिकारी (प) अशोक कुमार यादव, डीपीसी मनोज एडीपीसी रणजीत यादव, रणधीर कोआर्डिनेटर कृष्ण कुमार अमरजीत अमन ट्रेनर सुशील प्रभात इत्यादि मौजूद रहे।

# जिस क्षेत्र में गौवंश छुट्टा मिले उस क्षेत्र के अधिकारियों पर होगी कार्रवाई : डीएम

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**मंगलवार को** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने वर्चुअल बैठक कर जनपद की समस्त गौशालाओं में संरक्षित गौवंशों को पानी, हरा चारा, भूसा, छाया के पुख्ता इंतजाम हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। माह मई 2024 की डीबीटी हेतु पंद्रह स्क्रिप्ट की डिमांड डकोर व माधौगढ़ न करने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए त्वरित डिमांड करने के निर्देश दिए। सहभागिता योजना के तहत दिये गए गौवंशों का सत्यापन कराया जाए, जिससे समय से कृषकों का भुगतान किया जा सके। गौवंशों के हरा चारा व स्वास्थ्य के लिए नेपियार घास, संबद्ध भूमि के सापेक्ष शत प्रतिशत बुवाई सुनिश्चित करायें।



गर्मी से बचाव हेतु गौशालाओं में गौवंशों के लिए पानी, छाया के पुख्ता इंतजाम किए जाए, आवश्यकता पड़ने टीन शेड, व टाट बोरे से छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्वच्छ जल, भूसा, हरा चारा, पशु आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने की समीक्षा कर दिए निर्देश। उन्होंने उप जिला अधिकारी, खंड विकास अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोअश्रय स्थलों से गोवंश को नहीं छोड़ा जाये, जिस क्षेत्र में गौवंश विचरण करते पाए जाते हैं तो निश्चित ही संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सभी गो आश्रय स्थलों में बर्मी कम्पोस्ट, कम्पोस्ट आदि कार्य योजना की समीक्षा एवं एनआरएलएम, मनरेगा के अंतर्गत गठित स्वंय सहयता समूहों को जोड़े जाने के निर्देश दिए। सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत समस्त गौशालाओं में छायादार वृक्षारोपण किया जाना सुनिश्चित करें, बरसात से पूर्व गोआश्रय स्थलों में कीचड़ एवं जल भराव की समस्या न होने पाए इसके लिये पहले से ही कार्ययोजना तैयार कर कार्यवाही करें। खण्ड विकास व तहसील स्तर पर टास्क फोर्स की बैठक नियमित करें, और इसकी आख्या रिपोर्ट जिलाधिकारी कार्यालय में उपलब्ध कराएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बीमार गौवंशों के उपचार हेतु पशु चिकित्सक मौके पर पहुंच कर उपचार सुनिश्चित करेंगे, साथ ही गौशालाओं में तैनात केयर टेकर द्वारा बीमार गौवंश की संबंधित अधिकारियों को सूचना न देने वालों को चिन्हित कर सेवा समाप्त की जाए। गौशालाओं में अव्यवस्थाएं मिलने पर केयरटेकर के साथ-साथ संबंधित अधिकारी व नोडल अधिकारियों पर भी की जाएगी कार्यवाही।

### पिया निरंजनपुर गौशाला में गंदगी देख डीएम ने लगायी फटकार

**उरई।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दोपहर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी व अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पिया निरंजन पुर गौशाला का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गौवंश को अपने हाथों से नेपियर घास व चोकर खिलाया। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निरंतर निरीक्षण कर सभी गौशालाओं में हरे चारे, भूसे, पानी, शेड आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौवंशों को हरे चारे की कमी न हो इसके लिए नेपियर घास के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए। निरीक्षण के दौरान नंदीओं के लिए गौशाला को विभाजित दो भाग में किया गया जहां पर टीन शेड आदि की व्यवस्था न होने पर नन्दी को धूप में खड़ा देख जिलाधिकारी ने त्वरित नन्दियों को शेड में पहुचाया और नेपियर घास व चोकर खिलवाया गया।

# कृषि विवि में सुंदरकांड का आयोजन चार हजार ने लिया प्रसाद

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार के अवसर पर सुंदर कांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।इस अवसर पर लगभग चार हजार लोगों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया।

सुंदर कांड पाठ का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने पूजा अर्चना के साथ किया।पूजा-पाठ का कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के परिसर में किया गया।इस अवसर पर प्रसाद ग्रहण करने के लिए पूरा विश्वविद्यालय परिवार का पूरा हुजूम उमड़ पड़ा।प्रसाद के तौर पर पूड़ी,सब्जी,कचौड़ी छोला,बुनिया का प्रसाद वितरण किया गया।उमस भारी भीषण गर्मी में 45 डिग्री तापमान के बीच भी भक्त अपने पथ से नहीं हटे उमेश भरी गर्मी और तेज धूप में ही



करीब दस हजार भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। भागवताचार्य पंडित ओमकारनाथ दूबे ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार ज्येष्ठ माह के मंगलवार को भगवान राम और हनुमानजी की पहली बार मुलाकात हुई थी।तभी से इस महीने में आने वाले सभी मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है।इस दिन वीर बजरंगी की पूजा करने से जीवन की सभी समस्याओं का निराकरण होने लगता है।मान्यता है कि बड़े मंगल को हनुमानजी की विधि पूर्वक पूजा करने के साथ साथ उनके प्रिय भोग भी लगाने चाहिए, इससे तरक्की के योग बनते हैं और कार्यों में सफलता मिलती है।

## खबरें एक नजर में

### पाक्सो एक्ट- दोषी धीरज सहनी को 4 वर्ष की कठोर कैद

**सोनभद्र।** चार वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ घर में घुसकर छेड़खानी किए जाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी धीरज सहनी को 4 वर्ष की कठोर कैद एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 24 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली में दी तहरीर में पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया था कि उसकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी कक्षा 10 की छात्रा है। जिसे अक्सर धीरज साहनी पुत्र राम रतन निवासी ग्राम गोरारी, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र द्वारा परेशान किया जाता रहा है। बेटी सारी बात घर आकर बताती थी , लेकिन लोक लाज की वजह से थाने पर सूचना नहीं दिया। जब बेटी 23 मई 2020 को सुबह 11 बजे घर पर अकेली थी तो धीरज साहनी घर में घुस गया और बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा तो बेटी रोने लगी। जब धीरज साहनी ने उसे आते हुए देखा तो वहां से भाग गया। इस तहरीर पर छेड़खानी और पाक्सो एक्ट में एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में धीरज साहनी के विरुद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्को को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन कर दोषसिद्ध पाकर दोषी धीरज साहनी को 4 वर्ष की कठोर कैद एवं 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 24 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

### प्राइवेट अस्पतालों का निरीक्षण, हड़कंप

**दुद्धी सोनभद्र।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज दोपहर 1ः00 बजे एसीएमओ एवं झोलाछाप चिकित्सकों के नोडल आरजी यादव ने औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में संचालित हो रहे प्राइवेट अस्पतालों में मिल रही सुविधाओं के मद्धेनजर जानकारी लिया एवं नगर में संचालित हो रहे कई अस्पतालों के ओटी रूम को बिना चिकित्सक द्वारा चलाई जाए को लेकर सभी के ओटी को सील कर दिया संबंधित अस्पताल संचालकों को समय से अस्पताल का रजिस्ट्रेशन रिन्यूअल करवाने के बाद चिकित्सक की उपस्थिति में अस्पताल संचालित करेंद्य वही मीडिया के पूछे जाने पर नोडल अधिकारी ने बताया कि दुद्धी क्षेत्र में कई अस्पताल बिना चिकित्सकों के चल रहे हैं जिनका कोई रजिस्ट्रेशन नही है और है भी तो वह फेल हो चुका है रजिस्ट्रेशन रेनुअल करा ले द्य वहीं क्षेत्र में संचालित हो रहे हैं पैथोलॉजी की जांच जल्दी किया जाएगा की क्षेत्र में जो पैथोलॉजी चल रहे हैं वह अपने मानक को पूर्ण करते हैं या नहीं।

### बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला

**जालौन (उरई)।** मलकुपरा गांव के नजदीक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार की रात करीब आठ बजे मलकपुरा गांव के नजदीक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ था। आने जाने वाले लोगों ने जब शव को देखा तो इसकी सूचना तत्काल कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दामोदर सिंह मौके पर पहुंच गए। जब शव को देखा तो वह लगभग 60 वर्षीय किसी बुजुर्ग व्यक्ति का शव था। पुलिस ने मृतक के शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकौ। जिसके बाद पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। शव को लेकर चौकी प्रभारी दामोदर सिंह ने बताया कि रात में करीब आठ बजे शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन वृद्ध के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

# फर्जी तरीके से इंडियन बैंक कचनरवा से निकाल ली गयी धनराशि

कोन। समृद्धि न्यूज

**विकासखंड** कोन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कचनरवा में इंडियन बैंक से लाभार्थियों के खाते से बगैर हस्ताक्षर या अंगूठा के प्रधानमंत्री आवास/ मुख्यमंत्री आवास के 130000 रुपए निकाल लिए गये लाभार्थियों का आरोप है कि इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक व अन्य लोगों की मिलीभगत से आवास की धनराशि निकाल लिया गया जिससे ग्रामीण छत के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सूत्रों की मानें तो उक्त बैंक में बहुत बड़ा सिंडिकेट कार्य कर रहा है जहाँ माननीय प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी के जीरो टॉलरेंस की नीति फ्लाप साबित हो रहा है. उक्त के संबंध में शिकायतकर्ताओं मुख्यमंत्री पोर्टल व जिलाधिकारी सोनभद्र पुलिस अधीक्षक सोनभद्र और थाना प्रभारी निरीक्षक कोन व शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक कचनरवा को शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया किंतु लाभार्थियों को यह नहीं पता चल पाया कि किन कारणों से किसके इशारे पर



लाभार्थी के खाते से फर्जी तरीके से रुपए निकाले गये जो कि जाँच का विषय है। उपरोक्त प्रकरण के संबंध में लाभार्थी ने समय-समय पर शाखा प्रबंधक से लेकर मा. जिलाधिकारी सोनभद्र व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के साथ थाना प्रभारी कोन को अवगत कराया जा चुका है आज तक कोई भी प्रभावी कदम नहीं उठाया जा सका, वहीं दूसरी ओर शिकायतकर्ताओं के द्वारा शाखा प्रबंधक कचनरवा के ऊपर मनमानी का आरोप लगाते हुए शाखा प्रबंधक द्वारा जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अमानवीय बर्ताव किया गया यही नहीं बल्कि बैंक से भगा दिया गया जो कि निंदनीय व शासन के मंशा के विपरित है। बतातें चले कि लाभार्थी भानमति देवी पत्नी नागेंद्र चेरो ग्राम पंचायत कचनरवा टोला नरोईयादामर जो कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास आवंटित हुआ था किंतु शाखा प्रबंधक के इशारे पर फर्जी तरीके से लाभार्थी के खाते से धन निकाल दिया गया ऐसे ही लाभार्थी सिलवन्ति देवी पत्नी महेंद्र चेरो ग्राम पंचायत कचनरवा टोला नरोईयादामर व लाभार्थी सुरेश कुमार पुत्र रामचंद्र ग्राम कचनरवा को मुख्यमंत्री आवास आवांटित हुआ था जिसकी धनराशि 130000 था किंतु शाखा प्रबंधक की मिली भगत से उक्त खाते से धनराशि निकाल दी गई जो कि निंदनीय है। इसी क्रम में स्थानीय लोगों ने इंडियन बैंक कचनरवा में कार्यरत शाखा प्रबंधक के कार्यशैली पर जरूर प्रश्न चिन्ह खडा कर दिया वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों ने शाखा प्रबंधक के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की है। एक सवाल के जबाब में ग्राम पंचायत विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उपरोक्त शिकायतकर्ताओं का नाम हो सकता है कि कलस्टर आवास की सूची में नाम हो यदि जिनका नाम सूची में है उन लाभार्थियों का भवन निर्माण हो चुका है जिसमें लाभार्थी तत्काल शिफ्ट हो जाएं विशेष कर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा चेरो जाति के सर्वांगीण विकास के लिए ही एक अभियान शुरु कर संबंधित विभाग या ग्राम पंचायत को इस आशय से अवगत कराया गया था कि चेरो जाति के लिए ही जगह कलस्टर आवास के रूप में एक ही जगह निर्माण कार्य कराया जाय , जिसके क्रम में आवास का निर्माण कराया गया है ,सवाल उठता है कि विना हस्ताक्षर / अंगूठा के धनराशि निकालने की बात है तो ऐसा नहीं हो सकता है अगर ऐसा है तो इसके लिए संबंधित बैंक ही बता पायेगा ,वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजनारायण भारती ने बताया कि शासन के मंशा के अनुरूप 89 कलस्टर आवास निर्माण कराया जा चुका है और मेरे ऊपर लगाया गया आरोप निराधार व असत्य है व शिकायत किसी अन्य ब्यक्ति द्वारा दुर्भावनावश की गयी है।

# आसमान से बरसती आग बनी जानलेवा तवा की तरह तप रही सड़कें

कालपी (जालौन)। आसमान से बरस रही आग अब जानलेवा भी हो गई है। क्षेत्र में प्रतिदिन धूप और गर्मी से दम तोड़ दे रहा है जिसके चलते लोग अब बेहद जरूरी होने पर ही घर से निकल रहे हैं। वैसे तो गर्मी का मौसम तो हर बार आता है जिसमे मई और जून में गर्म हवाएं चलती है जिन्हें लू कहा जाता है हालांकि यह तपिश नौतपा में कुछ ज्यादा हो जाती थी और बाकी दोपहर में लोग लू से बचने के लिए मुंह पर साफी बांधकर निकलते थे हालाकि कभी कभार लू लग भी जाया करती थी तो लोग देशी नुस्खों से उसको ठीक भी कर लेते थे लेकिन इस बार गर्मी ने तो सितम कर लिया है मौसम मे तपिश का आलम यह है कि लोग घरों से निकलने का साहस भी नहीं कर पा रहे है और जिसने भी इस गर्मी को नजरंदाज किया तो उसे अस्पताल तक जाने का मौका भी नहीं मिल रहा है। आलम यह है कि अब तक बडी संख्या में लोग दमतोड़ चुके हैं। सूत्रों की माने तो सोमवार को नगर के मुहल्ला राजघाट से अपने जानवर चराने गया चरवाहा बापस नही आया। परिजनो ने घर पर अकेले जानवर आने पर खोज की तो उसकी लाश जंगल किनारे मिली थी। वही नगर के मुहल्ला भट्ठीपुरा में अपनी रिश्तेदारी के लिए आ रहे बृद्ध की बस से उतरते समय ही हालत खराब हो गई और उसकी मौत हो गई थी। क्षेत्राधिकारी डा. देवेंद्र पचौरी के अनुसार इस मौसम गर्मी ने रिकार्ड तोड़ दिए हैं और इतने लम्बे समय तक कभी मौसम इतना खराब नही रहा हालांकि इसके लिए वह पर्यावरण असंतुलन को जिम्मेदार मान रहे हैं। उनके अनुसार सोमवार को कदौरा क्षेत्र में गर्मी के चलते तीन लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने लोगों को जरूरी न हो तो घर से न निकलने की सलाह दी है तो चिकित्सा अधीक्षक डा. दिनेश गुप्ता के अनुसार दोपहर में घर से न निकले और पानी का अधिकाधिक सेवन करें। वही डा. गोपाल जी द्विवेदी यह गर्मी जानलेवा है कम और हल्का भोजन करे तथा तरल पदार्थ का अधिक सेवन करें जिससे शरीर में पानी की मात्रा कम न हो।

# दुष्कर्म के दोषी मोहम्मद दानिश को दस वर्ष की कैद

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

**पांच वर्ष** पूर्व लड़की के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी मोहम्मद दानिश को 10 वर्ष की कठोर कैद एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक अनपरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने अनपरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसे बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर अनपरा थाना क्षेत्र के पारसी गांव निवासी मोहम्मद दानिश पुत्र मिनाज ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया है। जब शादी करने का दबाव बनाया तो उसने साफ इंकार कर दिया। इस तहरीर पर पुलिस ने 3 जून 2019 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी मोहम्मद दानिश को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 80 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामकथा का समापन

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज

**उदोतपुरा स्थित** लक्ष्मनजू मंदिर परिसर में चल रही रामकथा के समापन पर कथा व्यास ने लंका दहन, राम-रावण युद्ध, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के प्रसंग का वर्णन किया। कथा व्यास संजय पांडेय ने बताया कि रामायण हमें जीने का तरीका सिखाती है। रामायण हमें आदर्श, सेवा भाव, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की संपत्ति पर हमारा कोई अधिकार नहीं है, की सीख देती है। भगवान श्रीराम ने दीन-दुखियों, वनवासियों के कष्ट दूर करते हुए उन्हें संगठित करने का कार्य किया एवं उस संगठन शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर किया। इसलिए हर रामभक्त का दायित्व है कि किसी भी पुनीत कार्य में अपना सहयोग प्रदान करें। कथा वाचक द्वारा भगवान श्री राम के राज्याभिषेक का वर्णन व राम दरबार की आकर्षक झांकी प्रस्तुति पर पूरा कथा पंडाल राजा



रामचंद्र की जय के जयकारों से गूंज उठा। कथा वाचक ने कहा कि बुराई और असत्य ज्यादा समय तक नहीं चलता है। अंतत अधर्म पर धर्म की जीत होती है। भगवान श्रीराम ने सत्य को स्थापित करने के लिए रावण का वध किया। श्रीराम कथा के माध्यम से व्यक्ति को अपनी बुरी आदतों को बदलने का प्रयास करना चाहिए। राम कथा हमें बताती है कि संकट में भी सत्य से विमुख न हो व अपने वचन का पालन करें। माता-पिता की सेवा और गुरुजन का सम्मान करें। जिस घर में गौमाता का वास और ईश्वर का स्मरण होता है, वह घर स्वर्ग के समान है। इस मौके पर पारीक्षित नैपाल सिंह, रामश्री देवी, हरीराम पाल, शिरोमणि पाल, श्याम सुंदर, भगवती महाराज, धीरेंद्र पाल, देवेंद्र पाल, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, सनी, रविशंकर, संतराम, मुन्नेश दोहरे, राम प्रकाश, अंकित तोमर, राम राजावत, मुनूपाल, हरीशंकर, भोगीराम, अंतर सिंह, संतोष, जगदीश, अंकुर राजावत, शिवम तोमर सोनू, मनु राजावत नागेंद्र आदि मौजूद रहे।


## सूचना

एलआईसी पॉलिसी सं. 266706599 में मेरा नाम हर्ष अंकित हो गया है। सही नाम हर्षित आधार कार्ड में दर्ज है। हर्ष व हर्षित दोनों ही मेरे नाम है।
**हर्षित पुत्र शिवओम निवासी बालाजी पुरम, खानपुर-फर्रुखाबाद।**

## सूचना

मैंने अपने बड़े पुत्र राधेश्याम व पुत्रवधू उमा व उसके पुत्र प्रेमचंद्र के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उक्त तीनों द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार वास्ता नहीं होगा।
**सूरजपाल पुत्र कुन्दन निवासी मोहल्ला अम्बेडकर नगर, कमालगंज, फर्रुखाबाद**

## कार्यालय ग्राम पंचायत शुकुलपुर, विकास खंड- हैदरगढ़, जनपद- बाराबंकी

पत्रांकः मेमो/ग्रा.पं.मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त/2024-25 दिनांक -18/06/2024

**निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत शुकुलपुर, विकास खण्ड हैदरगढ़ में मनरेगा/राज्य वित्त/चैदहवां वित्त आयोग/पंचम वित्त राज्य आयोग/15वां वित्त आयोग एवं स्वच्छ भारत मिशन, ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन फेज -2 (SLWM) योजना व मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत प्रोत्साहन राशि के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्य विज्ञान भवन सेंटर, स्मार्ट क्लासेज एवं जल प्रबंधन आदि समस्त योजनाओं के अन्तर्गत स्वीकृत कार्य योजनाओं एवं आंगनबाडी केंद्र, अंतेष्टि स्थल, पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प, ओपन जिम सामग्री, ह्यूम पाइप, पुस्कालय स्थापना, मनरेगा से खेल का मैदान का निर्माण हैडपम्प मरम्मत, पाइप पेयजल मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, आफिस स्थापना, नाली निर्माण, खंडजा निर्माण व मरम्मत, इंटरलॉकिंग कार्य, सिटीजन इंफार्मेशन बोर्ड, सीसी रोड निर्माण/मरम्मत, घूर सफाई, पटरी भराई, स्कूल में जल निकासी, व मिट्टी पटाई कार्य, समुदायिक शौचालय में सफाई हेतु सामग्री, आफिस स्टेशनरी, इत्यादि शासन द्वारा निर्धारित अन्य कार्यों हेतु निर्माण सामग्री, जैसे ईंट प्रथम श्रेणी, सीधा, खंजर ईंट, ईट गिट्टी, सीमेंट, मौरंग, बालू, पत्थर गिट्टी, वायरिंग सामग्री, दरवाजा, लोहा, सरिया, अलमारी, इंटरलॉकिंग ईंट, ट्रैक्टर ट्राली, स्टेशनरी सामग्री, झूला स्कूल में, टाइल्स, पुट्टी, वाइट सीमेंट, चूना, खिड़की, पल्ला, रूम पाइप, लोहे का गेट, कुर्सी मेज, कम्प्यूटर, एसेसरीज, प्रिंटर, फॉगिंग मशीन, सोलर लाइट, स्ट्रीट लाइट, हैडपम्प की सामग्री, सेनीटाइजर, रिक्शा ट्राली, सोलर पैनल व बैटरी, सीसीटीवी कैमरा, व ऐसेसरीज, पेयजल पाइप सामग्री, इत्यादि की पूर्ति हेतु निविदा वित्तीय वर्ष सत्र 2024-25 के लिए आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 19/06/2024 से 25/06/2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत शुकुलपुर में अपनी निविदा वांछित पत्र बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते है। निविदा दिनांक 27/06/2024 को कमेटी द्वारा अपराह्न 02 बजे खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव के पास निहित होगा। ग्राम पंचायत का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**नियम/शर्तेः** 1.- आपूर्तिकर्ता का फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए। जिसके बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए। 2.- जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्यों हेतु आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा दिया जाएगा। समय से आपूर्ति ना कर पाने या विलंब करने पर आदेश निरस्त कर अन्य किसी फर्म को आपूर्ति आदेश देने के लिए स्वतंत्र होगी। 3.- स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतना तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने व मापन के उपरांत ही किया जायेगा। 4.- ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग- अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा अलग अलग कोटेशन देय होगा। 5. आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा इस आशय का सपथ पत्र भी प्रस्तुत करना होगा कि उपयुक्त फर्म किसी प्रकार से प्रधान,सचिव, ब्लॉक प्रमुख, या अन्य उच्च पद पर पदस्थ जनप्रतिनिधि या उनके रिश्तेदारों से सम्बंधित नहीं है। 6.- निविदा/ कोटेशन स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। निविदा/कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। 7.- ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ता की मौजूदगी में निविदा खोला जायेगा। 8.- प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। 9.- आपूर्ति की गई सामग्री का भुगतान आपूर्तिकर्ता के बैंक खाते में पीएफएमएस के माध्यम से क्रेडिट किया जायेगा। 10. ग्राम पंचायत वार्षिक कार्य योजना में पड़े अलग- अलग कार्यों के अनुसार फर्मों द्वारा दिए गए टेंडर दर मनरेगा/। केन्द्रीय वित्त/राज्य वित्त एक बार खोला जायेगा जो पूरे वर्ष देय होगा।

**शिखा सिंह**
**ग्राम प्रधान**
**ग्रा0 पं0- शुकुलपुर**
**वि0 खं0- हैदरगढ़**
**जनपद- बाराबंकी**

**दीपक राजपूत**
**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**ग्रा0पं0- शुकुलपुर**
**वि0खं- हैदरगढ़**
**जनपद- बाराबंकी**


# सामाजिक हालातों पर 'मौन की मंत्रणा' कहानी संकलन संवेदनाओं का दर्पण

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**देश और** विदेश की धरती पर अपने काव्य सुमन की सुगंध बिखेरने वाली डॉ. माया सिंह के प्रथम कहानी संकलन श् मौन की मंत्रणाश् का बीती शाम देश के जाने-माने साहित्यकारों और समीक्षकों की मौजूदगी में विमोचन किया गया जनपद की अग्रणी संवेदना साहित्य समिति के द्वारा आयोजित समारोह के साथ-साथ अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के आयोजन ने देर रात तक गीतों गजलों और शायरियों की बरसात कर श्रोताओं को विविध एहसासों में सराबोर कर दिया। समारोह की अध्यक्षता जनपद के वरिष्ठ साहित्यकार पं. यज्ञदत्त त्रिपाठी ने वह मुख्य आतिथ्य जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी तथा संचालन देश के ख्याति प्राप्त गीतकार अर्जुन सिंह चांद ने किया।

गौरतलब हो कि जनपद की वरिष्ठ कवित्री डॉ. माया सिंह माया ने कहानी के क्षेत्र में अपनी दस्तक देते हुए श् मौन की मंत्रणाश् पुस्तक लिखकर कहानीकार के तौर पर अपनी पहचान बनाई उनकी इस पुस्तक का विमोचन रविवार की शाम नगर के कालपी रोड स्थित राधा गार्डन सभागार में पूरी भव्यता के साथ किया गया विमोचन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और कवित्री प्रियंका शर्मा की शारदे स्तुति से किया गया तत्पश्चात संवेदना साहित्य समिति की अध्यक्ष डॉ माया सिंह माया ने एवं समिति परिवार ने सभी अतिथियों और साहित्यकारों का माल्यार्पण और स्मृति चिन्ह तथा शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पुस्तक की समीक्षा करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम नारायण दीक्षित ने कहा कि डॉ माया सिंह द्वारा रचित कहानी संकलन श् मौन की मंत्रणाश्सामाजिक हालातो पर संवेदनाओं का दर्पण है जिसमें उन्होंने सामाजिक दायरे के किरदारों की संवेदनात्मक जिंदगी को बड़े ही करीबी से दर्शाया यह कहानी संकलन वास्तव में समाज को आईना दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुर्धन साहित्यकार पंडित यज्ञ दत्त त्रिपाठी ने डॉ. माया सिंह के कहानी संकलन के लिए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस दौरान उन्होंने कहा कि इनकी कहानी आम जनजीवन को बहुत ही संवेदनात्मक ढंग से स्पर्श करती हैं। डॉ श्रीमती गायत्री सिंह पूर्व प्राचार्य अरमापुर पीजी कॉलेज कानपुर ने डॉ.माया सिंह के कहानी संकलन को समाज का दिशा दर्शक बतलाया इस दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि मौजूदा सामाजिक परिस्थितियों में पुस्तक पढ़ने की परंपरा कम होती जा रही है जो की बेहद चिंता का विषय है उन्होंने कहा कि यह अत्यंत आवश्यक हो गया है कि लोग पुस्तकों को पढ़ने और उनके मूल्य को समझने के प्रति जागृत हो। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे के प्रतिनिधि नगर मजिस्ट्रेट जायसवाल, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा जिला प्रोविजन अधिकारी एवं साहित्यकार डॉ. अमरेंद्र पोत्स्यन देश के सुप्रसिद्ध नाट्य अभिनेता निर्देशक और लेखक ललित सिंह पोखरिया साध्वी प्रज्ञा भारती, डॉ रेनू चंद्रा, डॉ. शालिग्राम शास्त्री सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कबीरा की चदरिया तानता हूं, मैं सभी धर्मों को उसमें जानता हूं:कंबरी

**उरई।** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने गीतकार अंसार कंबरी ने जाति धर्म और मजहब से ऊपर इंसानी धर्म की व्याख्या अपनी दोहों और शायरियों तथा कविताओं में की उन्होंने पढ़ा कबीरा की चदरिया तानता हूं, मैं सभी धर्म को उसमें जानता हूं इसके अलावा उन्होंने और भी कई गीत पढ़कर उपस्थित खाद्य प्रेमियों को भाव विभोर कर दिया। इससे पूर्व आशू कवि डॉ .रामनिवास निवाड़ी ने ओजपूर्ण अंदाज में राष्ट्रभक्ति से जुड़ी रचना पड़ी-शहीदों के पराक्रम की धरा पर लाज रहेगी, कण-कण में राष्ट्र प्रेम की एक भावना जगी होगी।

# इंदरगढ़ पुलिस ने चौबीस घंटे में किया चोरी की घटना का पर्दाफाश

- चोरी का माल समेत एक नाबालिक सहित तीन चोरों को धर दबोचा, एक फरार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**थाना इंदरगढ़** पुलिस ने 24 घण्टे में चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस टीम ने चोरी का माल समेत एक नाबालिक सहित तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने मीडिया के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए बताया कि विगत दिवस थाना इंदरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मझिला निवासी दीपक चतुर्वेदी के घर में चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पीड़ित की तहरीर पर इंदरगढ़ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। थाना इंदरगढ़ पुलिस टीम ने अथक प्रयास करते हुए 24 घंटे के अंदर उक्त चोरी की घटना का पर्दाफाश करते हुए घटना को अंजाम देने वाले एक नाबालिक सहित तीन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने पकड़े गए चोरों के पास से चोरी किया गया जेवरात 04 कंगन, 01 जोडी झाले, 01 जोडी झुमके, 01 जोडी सूई धागा, 01 कान की बाली बरामद कर ली। एसपी ने चोरी की घटना का अनावरण करने वाली पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए 10 हजार रुपये के इनाम से पुरस्कृत किया है।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा त्योहार

- इबादत में झुकें सिर, एक साथ उठे हजारों हाथ ,मांगी अमन-चैन की दुआएं

**समधन, समृद्धि न्यूज़**

**ईद-उल-अजहा का** पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सभी मुस्लिम लोग सुबह से नहा धोकर तैयार होने लगे थें। समधन नगर की सभी ईदगाहों में अपने अलग-अलग समय पर ईद-उल-अजहा की नमाज़ अदा की गई। सोमवार को समधन नगर में अदब एहतराम के साथ बकरीद मनाई गई। नमाज़ अदा कर देश की खुशहाली व अमन-चैन की दुआऐं मागी गई। ईदगाहों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने अपने हमरा सिपाहियों के साथ नगर की सभी ईदगाहों पर घूम-घूम कर जायज़ा लेते रहें। शांतिपूर्वक मुस्लिमों ने नमाज अदा की नमाज अदा कर मुस्लिमों ने एक दूसरे के गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। इसी दौरान नमाज अदा होते ही सौरखी तरफ़ ईदगाह के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात समधन चौकी प्रभारी ने एक दूसरे के गले मिलकर त्यौहार की मुबारकबाद भी दी नमाज़ अदा कर मुस्लिमों ने अपने-अपने घरों पर पहुंचकर कुर्बानी करने का सिलसिला देर शाम तक चलाया गया।



# नवागंतुक कोतवाल का हुआ स्वागत, स्थानांतरित कोतवाल को दी विदाई

- नागरिकों सहित सहकर्मियों नें फूल-मालाएं पहनाकर किया स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली** गुरसहायगंज में प्रभारी निरीक्षक के पद पर तैनात रहे जय प्रकाश शर्मा का सदर कोतवाली के लिए स्थानांतरण होने पर कोतवाली में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में लोगों नें उनके द्वारा किये गये कार्यों की सराहना की। इस दौरान पूरा माहौल गमगीन हो गया। वहीं नवागंतुक कोतवाल आलोक कुमार दुवे का फूल मालायें पहनाकर स्वागत किया गया।

बताते चलें कि स्थानीय कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश शर्मा का पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा सोमवार की शाम गुरसहायगंज से सदर कोतवाली कन्नौज स्थानांतरण का आदेश जारी होने पर मंगलवार को स्थानांतरित हुये प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा नें सदर कोतवाली का चार्ज लेने के उपरान्त पुनः कोतवाली पहुंचे जहां कोतवाली पुलिस स्टाफ के सभी कर्मियों तथा नागरिकों ने अपने स्थानांतरित हुये प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा को फूल-मालायें पहनाकर व उपहार भेंट कर यादगार विदाई दी एवं नवागंतुक कोतवाल आलोक कुमार दुवे का फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता नें कहा कि प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने मासूम बालिका मामले एवं समधन सर्राफ लूट व हत्या के मामलें का खुलासा करते हुये आरोपियों का एन्कांउटर करनें की कार्रवाई को अंजाम दिया है। पप्पन गुप्ता आदि मौजूद रहे।



प्रभारी निरीक्षक का स्वागत करते व विदाई देते स्थानीय लोग व पुलिस कर्मी — समृद्धि न्यूज

# संदिग्ध हालातों में मिला अधेड़ का शव परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**कोतवाली** क्षेत्र के अहेर गांव में मंगलवार की भोर घर में सो रहे एक अधेड़ का शव संदिग्ध हालातों में मिला। शव पर चोटों के कई निशान थे। मामले में मृतक के भाई ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर हत्या किए जाने का आरोप लगाते हुए शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग रखी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। अहेर गांव निवासी वहीद अली (50) पुत्र यासीन ने मजदूरी करके अपनी गुजर बसर करता था। सोमवार की देर रात वह काम करके अपने घर आया था। घर में वह नीचे बिछी चारपाई पर सो गया। जबकि परिवार के अन्य सदस्य छत पर सो रहे थे। मंगलवार की भोर जब मृतक की पुत्री सोकर उठी और नीचे आई, तो उसने लहूलुहान अवस्था में अपने पिता के शव को देखा। इसपर उसने शोर मचाया। इसपर परिवार के सभी सदस्य भी नीचे उतर आए। मामले की जानकारी तिर्वा कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना पाकर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। शव को लाकर मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में रखवा दिया। मामले में मृतक के भाई सद्दीक ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उसके भाई की हत्या की गई है। मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की सही बजह पता चल सकेगी।

# खबरें चलते-चलते

## स्टॉल लगाकर एवं रास्ते पर आने जाने वाले शुद्ध शीतल मीठा पेयजल पिलाया गया

**छिबरामऊ कन्नौज।** गंगा दशहरा के पर्व पर भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश एवं जनपद के पदाधिकारी के द्वारा तालग्राम छिबरामऊ रोड पर स्टॉल लगाकर एवं रास्ते पर आने जाने वाले वाहन स्वामियों से निवेदन कर एवं रोक कर शुद्ध शीतल मीठा पेयजल पिलाया गया। इसका शुभारंभ प्रदेश मीडिया प्रभारी संतोष पाठक एवं प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अवधेश सिंह प्रदेश महामंत्री इंजीनियर सौरभ यादव जिला अध्यक्ष चौधरी प्रताप सिंह जिला सचिन श्री देवेंद्र सिंह एवं प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट अरुण यादव एवं जिला अध्यक्ष बिधिप्रकोष्ठ एडवोकेट ऋतिक पाठक व मन्डल मीडिया प्रभारी कौशल व मेरे संगठन के पदाधिकारी राजन सिंह आमिर खान आदि समस्त कार्यकर्ताओं ने गंगा दशहरा पर्व पर मीठा शरबत तैयार कर वितरित किया।

## आठ जुलाई को होगा रिक्त हुये सदस्य पद पर चुनाव

**समधन, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत समधन वार्ड संख्या एक सदस्य पद के लिए निर्वाचन चुनाव होना है। जिसके लिए रिटर्निंग अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 जून से 22 जून तक प्रतिदिन पूर्वाहन 11 बजे से अपरहान 03 बजे तक निर्देशन पत्र का प्रारूप प्राप्त किया जा सकता है। निर्देशन पत्र उम्मीदवार या उसके किसी प्रस्तावक द्वारा अधो हस्ताक्षरी को उसके कार्यालय में दिनांक 18 जून को दिन में पूर्वाहन 11 बजे से अपराह्न 3 बजे के बीच प्रस्तुत किए जा सकते हैं। नाम निर्देशन पत्रों की जांच न्यायालय नायब तहसीलदार दिनांक 24 जून को पूर्वानुमान 11 बजे से की जाएगी अभ्यर्थन वापस लेने की सूचना उम्मीदवार द्वारा उसके प्रस्तावक या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा आद्यो हस्ताक्षर को उसके कार्यालय में दिनांक 26 जून को अपराह्न 03 बजे बजे से पूर्व दी जाएंगी। उम्मीदवारों को अदोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 27 जून को पूर्वाहन 11 बजे से प्रतीक चिन्ह आवंटित किये जाएंगे। निर्वाचन निर्विरोध होने की दशा में दिनांक 8 जुलाई को प्रातः 7 बजे से 5.30 बजे के बीच नीचे निम्न मतदान स्थलों पर होगा मतदान स्थल निम्न प्रकार हैं। वार्ड संख्या 01 शांति नगर नया बारात घर, इस्माइलपुर शांति नगर कक्ष संख्या 01 वार्ड संख्या 01 शांति नगर नया बारात घर इस्माइलपुर और शांति नगर कक्ष संख्या 02 पर होगी अतः सभी नगर पंचायत के लोगों से अपील की जाती है कि समय से समय से नामांकन कर चुनाव प्रक्रिया में भाग ले।

## दुकानदार से मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कस्बे के अन्नपूर्णा नगर मोहल्ले में रविवार की शाम को दुकान बंद कर रहे एक दुकानदार से दबंगो ने मारपीट व जाति सूचक गालियां दी। बीच-बचाव करने गए दुकान के मालिक को भी मारापीटा। दुकान मालिक ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अन्नपूर्णा नगर मोहल्ला निवासी प्रवीन सविता पुत्र रामरतन ने तिर्वा कोतवाली में हरदेव पुत्र गंगाराम, अर्जुन उर्फ अन्नू व अंकित उर्फ गोलू पुत्र फूल सिंह कुशवाह व कुंवर सिंह पुत्र गंगाधर निवासी अन्नपूर्णा नगर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। लिखाई रिपोर्ट में बताया कि गत रविवार की शाम उनका किरायेदार दुकान बंद कर रहा था। उसी दौरान उक्त लोग आए और किरायेदार विजय बहादुर दिवाकर के साथ गाली-गलौज करने लगे। उसको जातिसूचक गालियां दी। जब उसने विरोध जताया, तो उसके साथ मारपीट करने लगे। मामले में कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## सूने पड़े मकान में छत से चढ़कर चोर हजारों का माल ले उड़े

**जालौन (उरई)।** नगर के मुख्य मार्ग पर सुनसान मकान में छत से चढ़े चोर बक्से में रखे एक लाख रुपये के सोने के जेवरात व 70 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के साथ सीओ मौके पर पहुंचे और चोरी की घटना की जानकारी ली। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी राखी सैनी बेवा मनोज कुमार के घर में बेटी की गोद भराई का कार्यक्रम था। पूरा परिवार गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम में व्यस्त था। घर पर ताला लटक रहा था। घर की मुखिया महिला रात लगभग आठ बजे घर पर खाने का भोग लगाने गई थी।

# एसपी ने बीस इंस्पेक्टर के कार्य क्षेत्रों में किया बदलाव

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** एसपी अमित कुमार आनंद ने 20 इंस्पेक्टर के कार्य क्षेत्रों को बदला है। कन्नौज कोतवाल को सौरिख थाने की जिम्मेदारी सौपीं।वहीं गुरसहायगंज कोतवाल को कन्नौज सदर का चार्ज सौपा है। इसके अलावा कन्नौज कोतवाली को महिला इंस्पेक्टर समेत 2 अतिरिक्त निरीक्षक को तैनात किया है। एसपी अमित कुमार आनंद ने जिले के 5 थाना इंचार्जो समेत 20 इंस्पेक्टरों के कार्यक्षेत्रों में बदलाव कर दिया। उन्होंने कन्नौज कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर दिग्विजय सिंह को सौरिख थाने की कमान सौंप दी। जबकि उनकी जगह गुरसहायगंज में तैनात कोतवाल जेपी शर्मा को कन्नौज कोतवाली का चार्ज दे दिया, तथा चुनाव प्रकोष्ठ प्रभारी निरीक्षक आलोक दुबे को गुरसहायगंज कोतवाली भेजा गया। सौरिख थाना इंचार्ज सचिन कुमार सिंह को छिबरामऊ कोतवाली भेजा गया, जबकि छिबरामऊ कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह को तिर्वा कोतवाली का चार्ज सौंपा गया। तिर्वा कोतवाल जयंती प्रसाद गंगवार को अपराध शाखा भेजा गया। वहीं निरीक्षक विनीता सारथी और अनिल मणि त्रिपाठी को कन्नौज कोतवाली का अतिरिक्त निरीक्षक नियुक्त किया गया। इसी तरह मनोज कुमार सिंह और हरिशंकर वर्मा को तिर्वा कोतवाली का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया। निरीक्षक विजय सिंह को पुलिस लाइन से सम्मन सेल का प्रभारी बनाया गया। देवेश शुक्ला को डीसीआरबी का प्रभारी नियुक्त किया गया। निरीक्षक वीरेंद्र विक्रम को अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया। मदन गोपाल गुप्ता को एसपी का वाचक बनाया गया। रजनीश बाबू कटियार और रणजीत सिंह को अपराध शाखा भेजा गया। अजय कुमार अवस्थी को साइबर थाना प्रभारी बनाया गया। विश्वनाथ मिश्र, सियाराम गौतम और संजय कुमार शुक्ला को साइबर थाने भेजा गया।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त हस्तांतरण का सजीव प्रसारण देखा

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

**क्षेत्र के** कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी द्वारा मंगलवार को पी एम किसान सम्मान निधि की 17 वीं किस्त के हस्तांतरण का सजीव प्रसारण डिगसरा गांव के लगभग 75 किसानों व कृषक महिलाओं दिखाया गया। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा 9.26 करोड़ किसानों के खाते में रुपए 20,000 करोड़ हस्तांतरित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिगसरा के ग्राम प्रधान प्रेम नारायण द्वारा की गई। इस अवसर पर केंद्र के अध्यक्ष डॉ वी.के.कनौजिया ने किसानों को बताया कि किसान सम्मान निधि सरकार की तरफ से आप के कृषि निवेश के लिए एक सहयोग के रूप में प्रदान किया जा रहा है। जिससे आपकी कृषि की लागत को कम किया जा सके व कृषि के लाभ को बढ़ाया जा सके। केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ पूनम सिंह ने कार्यक्रम में महिलाओं की अच्छी भागीदारी को उनकी कृषि में बढ़ती हुई भूमिका व रुचि से जोड़ते हुए बताया कि महिलाए कृषि निवेश से संबंधित निर्णय में भी अपनी सहभागिता बढ़ाएं। उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह ने किसान भाइयों को फलदार वृक्ष के रोपण तकनीक पर विस्तृत चर्चा की। डॉ चंद्रकला यादव द्वारा महिलाओं को मोटे अनाजों के उत्पादन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव व मौसम पर्यवेक्षक अमित प्रताप सिंह प्रक्षेत्र अधीक्षक पी एस कटियार सहित आदि उपस्थित रहे।




# डगामार वाहनों को डबल डेकर बसे फिर से चालू की गई

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

- सन् 2020 में छिबरामऊ कोतवाली के अंतर्गत डबल डेकर बस में आग लगने से 70 सवारी जलकर राख हुई थी
- सन् 2020 से लगातार उत्तर प्रदेश सरकार ने डबल डेकर बसे को रुकावट लगा दी थी
- जाने कितने परिवार डबल डेकर बसों में अपने सदस्यों को खो चुके हैं

**शहर जयपुर** दिल्ली प्राइवेट डबल डेकर बसो का जाना आना शुरू हो गया है फर्रुखाबाद चौराहे पर कुकुरमुत्ता की तरह से जगह-जगह दुकानों पर अलग-अलग फार्मो के नाम से पोस्टर ब बैनर लग गए हैं कोई तो रामराज के नाम से कोई चतुर्वेदी के नाम पर जगह-जगह ऑफिस बना लिए गए हैं भोली वाली जनता को फिर से लूटने का काम शुरू हो गया है पुलिस के चंद कदम की दूरी पर डगा मार वाहनों का संचालन शुरू कर दिया गया है जिससे भोली वाली जनता को अवैध वसूली का काम चालू हो गया है डबल डेकर बसे हैं 2020 से डगा मार वाहनों पर सरकार द्वारा शिकंजा कस दिया गया था कि अब डबल डेकर बस नहीं चलेगी क्योंकि सन 2020 में एक बहुत बड़ी घटना डबल डेकर बस से प्रेमपुर गुलैया के पास डबल डेकर बस में जाते समय आग लग गई थी आग लगने में लगभग 70 सवारी जलकर राख हो गई थी कई परिवार बर्बाद गए थे ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार ने जिले के प्रशासन व शासन को निर्देश दिया था कि किसी कीमत पर डगा मार बाहन डबल डेकर बसे किसी कीमत पर चलेगी नहीं क्योंकि जब यह घटना 2020 में हुई थी पूरे उत्तर प्रदेश में हां कर मच गया था डबल ट्कर बस में कम से कम सवारी 110 थी जिसमें अचानक बस में आग लगने से 70 सवारी जलकर राख हो गई थी और कुछ तो परिवार पूरे पूरे जल गए थे जिनकी मिट्टी भी नहीं मिल पाई थी ऐसे में फर्रुखाबाद जिले वी कन्नौज जिले में सन्नाटा छा गया था इन दोनों जिलों की आसपास की सवारियां थी कुछ सवारी छिबरामऊ के मोहल्ला जेर किला और ऐसी स्थिति देखते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने पूरी तरह से लगाम कस दी थी कुछ छिबरामऊ गुरसहायगंज के एजेंट जिला प्रशासन कोतवाली छिबरामऊ में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था जिसमें छिबरामऊ ब गुरसहायगंज के एजेंट जेल भेजे गए थे और बस मालिक के खिलाफ भी मुकदमा किया गया था छिबरामऊ गुरसहायगंज के एजेंट जमानत पर आने पर फिर सेअपना गोरख धंधा चालू कर दिया गया जिससे प्रशासन कोई बड़ी घटना का इंतजार देखना चाहती है ऐसे में जिला प्रशासन ब स्थानीय प्रशासन को संज्ञान में लेना चाहिए की ऐसी कोई 2020 में घटना हुई कोई दोबारा घटना ना हो जाए ऐसे में 2020 से लेकर 2023 तक स्थानीय प्रशासन जिला प्रशासन ने पूरी तरह से इन डगा मार वाहनों को डबल डेकर बसों को रुकावट की गई थी अब इन एजेंटों ने कोई ना कोई स्थानीय प्रशासन से साठ गांठकर ली है जिससे शाम को 8ः00 बजे से लेकर 9ः00 बजे तक जयपुर दिल्ली जाने वाली बसें फर्रुखाबाद चौराहे पर एकत्रित होती हैं वहां से द्वारा जयपुर दिल्ली भेजी जाती हैं पुलिस चौकी चंद कदमों की दूरी पर खुलेआम डगा मार वाहनों को छूट दी जाती है ऐसे में आम जनता का कहना है कि अभी तक इन बसों पर रुकावट लगा दी गई थी अब यह क्यों चल रही है आम जनता की मांग है कि जिला प्रशासन व आईटीओ ब स्थानीय प्रशासन को इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए नहीं तो 2020 जैसी घटना दोबारा ना हो जाए इन माफियाओं पर शिकंजा कासना चाहिए जबकि सन 2020 में गुलिया प्रेमपुर के बीच में यह घटना हुई थी जबकि 2 साल तक जिस बस में आग लगी थी वहीं घटनास्थल पर पड़ी रही जब-जब लोगों ने उसे बस को दिखा तो दिल ढल जाता था यह सन 2020 में घटना होने से पूरे शहर में एक सन्नाटा सा बीत गया था क्योंकि 70 सवारी जलकर राख हो गई थी हड्डी भी नहीं मिली थी उन परिवारों के लोगों ने जब-जब डबल डेकर बेस देख लेते हैं उनके दिल ढल जाते हैं क्योंकि इन बसों की लंबाई या ज्यादा होती हैं और अंदर को जगह जरा भी नहीं होती है इन बसों में 140 सवारी से लेकर 160 सवारी तक आती हैं फर्रुखाबाद चौराहे पर कुकुरमुत्ता की तरह से बैनर पोस्टर लगाकर डगा मार वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है शाम 5ः00 बजे से ही डायरी पेन लेकर भोली वाली जनता को ठगने का काम शुरू कर दिया जाता है ऐसी स्थिति में छिबरामऊ कोतवाली के अंतर्गत स्थानीय पुलिस कोई बड़ी घटना को इंतजार कर रही है फर्रुखाबाद चौराहे पर जगह-जगह पर पोस्टर व बैनर लगाकर कोई तो रामराज के नाम पर लगाए कोई चतुर्वेदी बस के नाम से लगाए कोई रिंकू बस सर्विस के नाम से लगे शाम होते ही जयपुर दिल्ली वाली बसें डबल डेकर डगा मार वाहनों को शाम 8ः00 बजे दिल्ली जयपुर जाने के लिए रवाना की जाती हैं जबकि शहर की बात जहानगंज चौकी के बीचो-बीच डगा मार वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है पुलिस अपनी आंखों को मोड़कर वहां से चली जाती है खुलेआम एजेंट डगा मार वाहनों को चलवा रहे हैं जबकि छिबरामऊ व गुरसहायगंज के एजेंट 2020 की घटना में कम से कम 15 15 दिन के लिए जेल भेजे गए थे फिर जमानत पर आकर इस काम को करने में तेजी से अपने काम को बढ़ावा दे रहे हैं यह बसे मानक के अनुरूप नहीं चल रही है चलती होती तो 2020 से लगातार जिला प्रशासन ने इस पर रुकावट लगा दी थी क्योंकि इनके मानक पूरे नहीं थे इसीलिए जिला प्रशासन ने रुकावट की थी कन्नौज जिले के जब तक आरटीओ ओझा साहब रहे जब तक कन्नौज जिले में डबल डेकर बसे नहीं घुस पाई उनका ट्रांसफर होने पर वैसे ही डगा मार वाहन अपनी चरम सीमा पर चलने लगे हैं छिबरामऊ से फर्रुखाबाद जाती हैं फर्रुखाबाद से छिबरामऊ होते हुए जयपुर दिल्ली के लिए रवाना की जाती हैं इसका मुख्य अड्डा फर्रुखाबाद चौराहे परचून के खो-खो के दुकानों पर फर्मो के नाम लिखकर अपने-अपने फोटो लगाकर एजेंट प्रचार प्रसार करने में लगे हुए हैं अब यह देखना है कि योगी सरकार के आदेशों का कितना पालन जिला प्रशासन ब स्थानीय प्रशासन मान्य करते हैं की सन 2020 की घटना जैसी दोबारा देखना चाहते हैं जब इस मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी ओंकारनाथ शर्मा ने बताया की यह जानकारी ए आरटीओ से की जाएगी अवैध पाने पर जल्द ही कारवाई की जाएंगी।

# डिलीवरी के बाद महिला की हालत बिगड़ने से हुई मौत

**जालौन (उरई)।** महिला की डिलीवरी होने के बाद उसकी तबियत खराब हो गई। परिजन जब तक महिला को अस्पताल लेकर आए तब तक महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी प्रियंका पत्नी भगवान सिंह गर्भवती थी। सोमवार की रात घर पर ही उसकी डिलीवरी हुई। डिलीवरी के बाद कुछ समय तक तो वह ठीक रही। सुबह के समय अचानक प्रियंका की तबियत खराब हो गई और उसे बुखार आ गया। तबियत खराब होने पर परिजन उसे सुबह अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले की प्रियंका ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रियंका की मौत की खबर सुनकर कोंच में उसके मायके से भाई राहुल व सुरेश भी आ गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी दामोदर सिंह मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने मृतका के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।










# बुढ़वा मंगल पर डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन ने किया भंडारा

- पर्यावरण सन्तुलन के लिए विभिन्न प्रकार के वृक्षों का किया वितरण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ज्येष्ठ माह** के अन्तिम मंगलवार (बुढ़वा मंगल) को सपा के प्रदेश सचिव डा0 जितेन्द्र सिंह यादव व नवाबगंज ब्लाक प्रमुख डा0 अनीता रंजन ने मेजर एस0डी0 सिंह पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज स्थित आवास पर सत्यनारायण भगवान की कथा एवं हवन के माध्यम से पूजा अर्चना की तथा बुढ़वा मंगल के उपलक्ष्य में हनुमान जी को भोग लगाकर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद चका। पर्यावरण संतुलन के लिए विभिन्न प्रकार के वृक्षों का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफने भंडारे में सहयोग किया तथा प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर हनुमान सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, विधानसभा अध्यक्ष/जि0पं0सदस्य उदय प्रताप सिंह भोला यादव सपा, नेता सरल दुबे, पूर्व जि0प0सं0 रवेन्द्र सिंह उर्फ चुन्नू यादव, ब्लाक प्रमुख बढ़पुर सोनू यादव, सलोवा अध्यक्ष अनुराग यादव, दीपू चौहान, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, मोहित यादव, राममोहन यादव, विजय कुमार, डा0 अजय पाल यादव, अवधेश सिंह, रमेश यादव, वीनू यादव, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, विजय कुमार, सबलू यादव, प्राचार्य डा0 अंजना दीक्षित, डा0 सुनील कुमार गुप्ता, डा0 नीतू ,डा0 मुकेश विश्वकर्मा, डा0 श्वेता यादव, डा0 विजय मोहन गुप्ता, अनूप कुमार, ध्रुव यादव, प्रवीण कुमार, सहित कॉलेज एव परिवार के समस्त लोग मौजूद रहे।



पूजा अर्चना करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन



प्रसाद का वितरण करते डॉ. जितेंद्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन

# शाम होते-होते वर्फ के 60 रुपये किलो पहुंच जाते दाम

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**भीषण गर्मी** के चलते शमशाबाद में बर्फ ने रिकॉर्ड तोड़ दिया है। बिक रही है 6000 रुपये कुंतल में वर्फ की बिक्री हो रही है।

मिली जानकारी के अनुसार इस समय भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। जिसके चलते कस्बे में बर्फ का भाव 60 किलो पहुंच गया है। सुबह 10 रूपये किलो, दोपहर में 30 रूपये किलो बिक रही थी तथा शाम ढलते-ढलते 60 रुपए किलो पहुंच गई है। शाम को लोग भाव पूछकर ही लौट गये। उनका कहना था कि हैंडपंप का पानी पी लेंगे, इतनी महंगी वर्फ कौन का पायेगा। बताते चलें कि मध्यमवर्गीय लोग वर्फ का ठंडा पानी पीकर ही अपना जीवनयापन करते हैं, लेकिन इतनी महंगा वर्फ को वह नहीं खरीद सकते हैं। बताते चलें कि शाम को मजदूर अपने-अपने घरों को जाते समय वर्फ ले जाते हैं। जिससे वह ठंडा पानी पीकर अपना गला तर सकें। वहीं दुकानदारों का कहना है कि भीषण गर्मी में वर्फ गल जाती है। जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता है। प्रशासनिक अधिकारियों को मामले को संज्ञान में लेकर जल्द से जल्द उचित कदम उठाने चाहिए।



बाजार में बिक रही बर्फ — समृद्धि न्यूज

## खबरें चलते-चलते

### जनरेटर न चलने से मरीज बेहाल, डाक्टरों न कक्षों से बाहर देख मरीज



चिकित्सक कक्षों से बाहर देख रहे मरीज — समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** भीषण गर्मी में बिजली जाने के बाद जनरेटर न चलने से मरीजों का हाल बेहाल है। गर्मी के चलते चिकित्सक बाहर मरीजों को देख रहे हैं। ऐसे में सबसे ज्यादा बुरा हाल वर्न वार्ड है। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है, लेकिन भीषण गर्मी में बिजली गुल हो जाने पर जनरेटर आदि नहीं चल रहे हैं। जिससे वार्ड में भर्ती मरीजों को खासी दिक्कतों का करना पड़ रहा है। तीमारदार दफ्ती आदि से पंखा करते देखे जा रहे हैं। जबकि शासन से डीजल आदि के लिए बजट मिलता है, लेकिन इसके बाद भी जनरेटर सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। तीमारदारों का कहना है कि सीएचसी प्रभारी सरवर इकबाल समय पर भी नहीं आते हैं। गर्मी का आलम यह है कि डाक्टर मरीजों को कक्षों से बाहर निकलकर देख रहे हैं। जानकारी के अनुसार सीएचसी के कर्मचारियों द्वारा जनरेटर को चालू करने की कोशिश की गई, लेकिन वह चालू नहीं हो सका। जब इस संबंध में सीएचसी प्रभारी सरवर इकबाल से बातचीत करने का प्रयास किया गया, तो उनसे बात नहीं हो सकी। बताते चलें कि इन दिनों गर्मी के चलते पेट दर्द, उल्टी, दस्त, हीट स्ट्रोक के मरीज ज्यादा पहुंच रहे हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार राजवीर उम्र 28 पुत्र राकेश वर्मा निवासी बिचपुरिया कड़क्का थाना राजेपुर खेती का कार्य करता था। 10 जून को वह अपनी बाइक से हरदोई जा रहा था। सौरंगपुर गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर कानपुर पहुंचे। जहां बीती रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजन पत्ना मनीषा, मां ऊषा देवी, भाई विनोद, मनोज, विपिन का रो-रोकर बुरा हाल है।

# छात्राओं को योग से निरोग रहने का दिया प्रशिक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**कृष्णा देवी** बालिका पी0जी0 कॉलेज आवास विकास में छात्राओं को योग के बारे में जागरुक किया गया। साथ ही उन्हें योग का अभ्यास कराया गया।

जानकारी के अनुसार मंलवार को नगर के आवास विकास स्थित कृष्णा देवी पी0जी0 कॉलेज में प्राचार्या डॉ0 प्रेमलता श्रीवास्तव के सानिध्य में एवं अध्यापक व अध्यापिकाओं की उपस्थिति में मेजर एसडी सिंह आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज एवं इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन द्वारा योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि योगाचार्य अमित सक्सेना एवं डॉक्टर अरुण कुमार पांडे जी उपस्थित रहे। जिन्होंने अपने योग विचारों से महाविद्यालय की छात्राओं को योग करते हुए योग प्रोटोकॉल का अभ्यास भी कराया व योग के ज्ञान को परिपूर्णता का प्रदान की। योगाचार्य अमित सक्सेना छात्राओं को योग से होने वाले लाभों के बारे में बताया। साथ ही अभ्यास भी कराया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य को एक घंटा योग के लिए अवश्य निकालना चाहिए। जिससे हमारा शरीर स्वस्थ्य रहे। डॉक्टर अरुण कुमार पांडे ने अनुलोम विलोम, कपालभांति, भस्त्रिका, सूर्य नमस्कार, डीप ब्रीदिंग आदि मुख्य प्रणायाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग में जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज सम्भव है। रोज योग को अपने जीवन में उतारने से व्यक्ति निरोगी जीवन जी सकता है। उन्होंने कहा कि 21 दिवस को योग दिवस है। सभी लोग अपने-अपने घरों में इस दिवस पर योग करें। साथ ही जनमानस को भी योग करने के लिए प्रेरित करें।




योग का अभ्यास करती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

# युवती को भगा ले जाने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**थाना कमालगंज** क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने अपनी बेटी को बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए माह फरवरी 2024 में आरोपी के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद विवेचक द्वारा मामले की विवेचना की गई। साथ ही नामजद आरोपी को गिरफ्तार करने का पुलिस प्रयास कर रही थी। इधर अपराधों में कमी लाने के लिए पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी थाना पुलिस से आरोपियों व अपराध में लिप्त लोगों को गिरफ्तार करने के लिए लगातार दिशा निर्देश दे रहे थे। इस पर सक्रिय हुई थाना पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोपी 22 वर्षीय सोनू पुत्र रामनिवास निवासी गांव मनसूपुर गोटिया थाना तिलहर जिला शाहजहांपुर को एसओ राजेश राय द्वारा, एसआई दीपक सिंह भाटी, एस आई किरन पाल नागर ने हमराह पुलिस बल के साथ घेराबन्दी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मु0अ0सं0 37/2024 धारा-363, 366 में आरोपित की मिली सूचना के आधार पर कस्बा तिलहर स्थित यूनियन बैंक तिराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए युवक के अपराधिक मामलों में अब तक पुलिस को युवती को भगाने अपराध के अलावा अन्य किसी पंजीकृत अपराधिक मामले की जानकारी नहीं है। हालांकि पुलिस आरोपी सोनू के अन्य मामलों की जानकारी करने का प्रयास कर रही है।

# इनवर्टर का तार सही करते समय लगे करंट से युवक की मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**इन्वर्टर का** तार ठीक करते सम लगे करंट से युवक की मौत हो गयी। घटना क बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। कस्बा निवासी अतुल सिंह 27 मंगलवार सुबह अपने घर में लगे इनवर्टर में तार को सही कर रहे था। तार के करंट से अतुल सिंह चिपक गए। जानकारी होने पर परिजनों ने जैसे तैसे अतुल को करंट से अलग किया और नवाबगंज प्राइवेट डॉक्टर को दिखाया। हालत गंभीर देखकर परिवार उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज ले गए। जहां से लोहिया अस्पताल के लिए रेफर क दिया। डाक्टर ने देखते ही उन्हें मृत घोषितकर दिय। मृतक अतुल अपनी निजी गाड़ी किराए पर चलता था और खेती किसानी भी करता था। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। सबसे बड़े भाई पुष्पेंद्र, इसके बाद अतुल (मृतक), अमित, सुमित सबसे छोटा तथा एक बहन जिसकी शादी हो चुकी है। मृतक की पत्नी सरिता देवी का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक एक पुत्री 5 वर्षीय सुरभि और एक पुत्र सूर्यांश डेढ़ वर्ष अपने पीछे छोड़ गया है। मां उर्मिला देवी अपने पुत्र के वियोग में बेशुद हो गईं। मृतक के पिता की एक वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है।



मृतक का फाइल फोटो

### गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव दनियापुर हीरामन निवासी रामकली पत्नी राकेश सिंह सोमवार शाम लगभग छह बजे खेत से मवेशियों के लिए घास लेकर घर आ रही थी, तभी रास्ते मे गांव के ही निवासी युवक ने रामकली को रोककर गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक रामकली को लाठी-डंडे से मारपीट करने लगा। लोगों के आ जाने पर युवक मौके से भाग गया। मारपीट में रामकली चोटिल हो गई। थाना पुलिस को रामकली पत्नी राकेश सिंह ने नामजद युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यबाही का भरोसा दिया।

# एसपी ने सिपाहियों पर चलाया चाबुक, 29 लाइनहाजिर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस** अधीक्षक विकास कुमार ने बीती देर रात जनपद के विभिन्य थानों से चर्चित सिपाहियों पर कार्यवाही करते हुए कुल 29 सिपाहियों को लाइनहाजिर किया गया है। एसपी की इस कार्यवाही से विभाग में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार आरक्षी योगेश कुमार थाना कादरीगेट से पुलिस लाइन, आरक्षी गौरव कुमार को थाना कादरीगेट से पुलिस लाइन, आरक्षी आशू कमार को थाना मऊदरवाजा से पुलिस लाइन, मु0आ0 चालक दिनेश त्रिपाठी को थाना मऊदरवाजा से पुलिस लाइन, आरक्षी नरेश कुमार को कोतवाली फतेहगढ़ से पुलिस लाइन, आरक्षी प्रहलाद को कोतवाली फतेहगढ़ से पुलिस लाइन, आरक्षी नईम खाँ थाना जहानगंज से पुलिस लाइन, आरक्षी अंकित कुमार को थाना जहानगंज से पुलिस लाइन, आरक्षी कुलदीप थाना जहानगंज से पुलिस लाइन, आरक्षी मनोज कुमार को थाना जहानगंज से पुलिस लाइन, आरक्षी धर्मेंद्र चौधरी थाना कमालगंज से पुलिस लाइन, आरक्षी कुणाल थाना कमालगंज से पुलिस लाइन, आरक्षा रामलखन थाना मोहम्मदाबाद से पुलिस लाइन, आरक्षी तरुण कुमार को थाना मोहम्मदाबाद से पुलिस लाइन भेजा गया है। इसी क्रम में आरक्षी सुनील रौतेला थाना मोहम्मदाबाद से पुलिस लाइन, मुख्य आरक्षी अशोक कुमार थाना मोहम्मदाबाद से पुलिस लाइन, मुख्य आरक्षी विनोद कुमार को थाना मोहम्मदाबाद से पुलिस लाइन, आरक्षी सौरभ धीमान को थाना मोहम्मदाबाद से पुलिस लाइन, आरक्षी रवी कुमार को थाना नवाबगंज से पुलिस लाइन, आरक्षी धर्मेंद्र सिंह को थाना मऊदरवाजा से पुलिस लाइन, आरक्षी नेतराम सिंह को थाना कादरीगेट से पुलिस लाइन, आरक्षी अनुज कुमार थाना कादरीगेट से पुलिस लाइन, आरक्षी राजकुमार थाना कायमगंज से पुलिस लाइन, आरक्षी सूरज कुमार थाना कम्पिल से पुलिस लाइन, आरक्षी अवधेश कुमार थाना कम्पिल से पुलिस लाइन, आरक्षी करतार सिंह थाना शमशाबाद पुलिस लाइन, आरक्षी मोहन लाल थाना शमशाबाद से पुलिस लाइन, आरक्षी संतोष कुमार थाना मेरापुर से पुलिस लाइन, मु0आ0चा0 रामकिशोर को थाना राजेपुर से पुलिस लाइन भेजा गया है। बताते चलें कि बीते दिनों थाना नवाबगंज क्षेत्र में खनन माफिया द्वारा ट्रैक्टर से कुचलकर सिपाही की हत्या कर दी गयी थी।थानों के सिपाहियों की सेटिंग से क्षेत्र में माफिया अबैध कारोबार करते हैं। सिपाही की हत्या के बाद जनपद के थानों में तैनात चर्चित सिपाही एसपी की रडार पर थे।



पुलिस अधीक्षक

# बंदियों को योग के प्रति किया गया जागरुक



योग करते बंदी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सेन्ट्रल जेल** में सभी कैदियों व बंदियों ने योग किया। योग शिक्षक नें बताया कि योग से शरीर ही नहीं बल्कि मानसिक परेशानियां भी दूर होती है। इसलिए जीवन में योग को अपनाएं। योग शिक्षक रामकृपाल मिश्रा नें बंदियों व जेल कर्मियों को योग कराया। उन्होंने शिविर के चतुर्थ नें बंदियों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपालभांति, भस्त्रिका, हलासन, पदमासन आदि आसनों का अभ्यास कराया। इसके साथ ही योग शिक्षक नें कहा कि योग हमें बीमारियों से बचाता है। इसलिए योग करना हमारे लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने योगासन की विधि बताते हुए योग को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि योग के बिना हमारा जीवन अधूरा है। अपने जीवन में योग अपनाएं। इस दौरान कारापाल करुणेन्द्र कुमार यादव, उपकारापाल मोती लाल, डॉ0 पुनीत पाण्डेय आदि रहे।

विचार विमर्श

### समूह की महिलाओं के रोजगार के बारे में किया विचार विमर्श

# बीडीओ ने बैंक अधिकारियों की ली बैठक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**विकास खंड** अधिकारी ने बीएलबीसी के तहत बैंक अधिकारियों की बैठक बुलायी। जिसमें समूह की महिलाओं के रोजगार के बारे में बैंक के अधिकारियों से विचार विमर्श किया।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के सभी अग्रणी बैंक शाखाओं के प्रबंधकों के साथ विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने बैठक की। जिसमें विकास खंड क्षेत्र के सभी समूह की महिलाओं तथा कर्मचारियों के रोजगार के बारे में विकास खंड क्षेत्र के सभी बैंक कर्मचारियों से बैठक में रोजगार के बारे में विचार विमर्श किया गया। जिसमें विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने समूह की महिलाओं, ई-सखी तथा उनके रोजगार के लिए लोन आदि दिलाने की बात कही गई। जिससे कि समूह की महिलाएं खुद ही सक्षम होकर और अपना व अपना जीवनयापनकर सकें। इसके लिए ब्लॉक स्तरीय समिति की बैठक कर उनके बारे में जानकारी की। वही वीएम अनुज शुक्ला के द्वारा अपने अभिलेख पूर्ण न करने पर विकासखंड अधिकारी ने खरी खोटी सुनाई। बैंक कर्मचारियों व प्रबंधकों ने विकास खंड अधिकारी को बताया कि उनके ही विकास खंड के वीएम के द्वारा अभिलेख पूर्ण नहीं कराए जा रहे हैं, तो फिर भला कैसे बैंक अधिकारी अपना कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव, सुशील कुमार शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ़ इंडिया चंदुईया, अरविंद कुमार प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया गनीपुर जोगदपुर, विश्वदीप राय शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ़ इंडिया भाटासा, गौरव कुमार गौतम सहायक प्रबंधक आर्यावर्त ग्रामीण बैंक नवाबगंज तथा विकासखंड के बीएमएम अनुज शुक्ला, बीएमएम संजीव कुमार, बीएमएम ममता देवी तथा विकासखंड क्षेत्र के कई ग्रामों की समूह, सखी तथा ई-सखी महिलाएं मौजूद रही।




बैठक लेते बीडीओ व मौजूद बैंक अधिकारी — समृद्धि न्यूज

# करियर काउंसलिंग में एनसीसी कैडेट्स को बताए गए रोजगार के अवसर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


एनसीसी कैडेट्सों को जानकारी सेवा योजन अधिकारी

**एनसीसी के** वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में मंगलवार को पीटी परेड के साथ टेंट पिचिंग, गॉर्ड ऑफी ऑनर का अभ्यास कराया गया। साथ ही सेवायोजन कार्यालय से आए जिला सेवा योजन अधिकारी अमित कुमार तिवारी द्वारा सभी एनसीसी कैडेट्स को एनसीसी में रोजगार के अवसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

राजपूत रेजीमेंट सेंटर फतेहगढ़ में कमांडिंग आफिसर कर्नल रोमिल शर्मा के निर्देशन में चल रहे हैं वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा एनसीसी में रोजगार हेतु जिला सेवायोजन अधिकारी अमित कुमार तिवारी को करियर काउंसलिंग के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को बताया कि एनसीसी सी सर्टिफिकेट होल्डर को एसएसबी की परीक्षा में कोई लिखित परीक्षा नहीं देना पड़ती है। सीधे इंटरव्यू केही चयन किया जाता है। चयन के लिए केवल 5 दिन का इंटरव्यू क्वालीफाई करना होता है। जिसका समस्त पढ़ाई का व्यय शासन द्वारा दिया जाता है। कोर्स पूरा करने के बाद वहां से एनसीसी कैडेट अधिकारी बनकर निकलता है, जो देश सेवा के लिए समर्पित होता है। उन्होंने बताया कि इंडियन नेवी में एनसीसी सर्टिफिकेट होल्डर को 6 एक्स्ट्रा मार्क्स सोल्जर जॉब के लिए दिए जाते हैं, जबकि 15 एक्स्ट्रा मार्क्स आर्टिफिसर वैकेंसी अप्रेंटिस पोस्ट के लिए दिये जाते है। नेवी में एनसीसी सी सर्टिफिकेट होल्डर की 9 वैकेंसी रिजर्व रहती हैं। इंडियन एयर फोर्स में एनसीसी सी सर्टिफिकेट होल्डर को 5 अंक एक्स्ट्रा प्रदान किए जाते हैं, जबकि 10 प्रतिशत वैकेंसी एनसीसी सी सर्टिफिकेट होल्डर की रिजर्व रहती हैं। इंडियन आर्मी में आईएमए में 32 वैकेंसी एनसीसी सी सर्टिफिकेट होल्डर के लिए रिजर्व रहती है, जबकि बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ में एसएसबी में 10 से 15 बोनस अंक प्रदान किए जाते हैं। पब्लिक सेक्टर में भी एनसीसी सी सर्टिफिकेट के कई फायदे हैं। उड़ीसा पुलिस में एनसीसी बी तथा सी सर्टिफिकेट होल्डर को वरीयता प्रदान की जाती है। रिलायंस इंडस्ट्रीज में एनसीसी सर्टिफिकेट होल्डर को सिक्योरिटी ऑफिसर की पोस्ट दी जाती है। 60 इंजीनियरिंग की वैकेंसी तथा 16 मेडिकल की वैकेंसी, 6 से 7 प्रतिशत पोस्ट ग्रेजुएट सीट्स एनसीसी कैडेट्स के लिए ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में आरक्षित रहती है। 10 से 15 बोनस अंक पैरामिलिट्री फोर्स में प्रदान किए जाते हैं। आईएनए में 5 से 8 वैकेंसी नेवल विंग में आरक्षित रहती हैं। इस अवसर पर कप्तान संदीप माधव, लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, लेफ्टिनेंट पारुल मिश्रा, थर्ड अफसर अमित दयाल, सूबेदार सुरेश कुमार शमा, हवलदार दिनेश कुमार, हवलदार रामवीर आदि सैन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आओ चले योग की ओर, करें योग रहें निरोग

▸ आयुष विभाग द्वारा पांचाल घाट पर कराया गया योगाभ्यास

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


योग करते लोग — समृद्धि न्यूज

**अंतरराष्ट्रीय योग** सप्ताह के चौथे दिवस पर आयुष विभाग द्वारा पांचाल घाट भागीरथी के पावन तट पर सुबह वृहद योग क्रियाओं और आसनों का सजीव प्रदर्शन कर आम जनमानस को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ योगदेव महर्षि पतंजलि की चित्र पर पुष्प अर्पित कर गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। लोहिया अस्पताल के योग एंड वेलनेस सेंटर की योग प्रशिक्षक शालिनी सक्सेना ने समस्त योग प्रतिभागियों के समक्ष विभिन्न योग क्रियाओं और योग आसनों का सजीव प्रदर्शन किया। आम जनमानस को अपनी दिनचर्या की शुरुआत नियमित योग से करने की सलाह दी, ताकि नियमित योग से हमारे समाज में तीव्र गति से पैर पसारने वाली विभिन्न शारीरिक और मानसिक बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही हर आम जनमानस योग के माध्यम से आध्यात्म की ओर अग्रसारित हो सकें। इस अवसर पर नोडल पीडी आयुष विभाग के चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह, डॉ0 कल्पनाथ सिंह, नमामि गंगे से निहारिका आदि मौजूद रहे।

# न्यायालय ने एसपी को जारी किया नोटिस

▸ एक जुलाई को अभियुक्तों की गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष उपस्थिति सुनिश्चित कराये

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**अभियुक्तों को** गिरफ्तारी कर न्यायालय के समक्ष उपस्थित न होने के मामले में अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के विरुद्ध नोटिस जारी कर 1 जुलाई को तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष उपस्थिति सुनिश्चित कराये अन्यथा आप व्यक्तिगत रुप से उक्त तिथि को 12 बजे उपस्थित हो और क्यों न आपके विरुद्ध कर्तव्य उपेक्षा के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित की जाये। राज्य बनाम झम्मन आदि धारा 147, 148, 149, 323, 364 के मामले में अभियुक्तगणों की हाजिरी हेतु विगत कई तिथियों से नियत चल रहा है। उक्त प्रकरण में अभियुक्तगण संजय मिश्रा, धर्मेन्द्र मिश्रा पुत्रगण रामचन्द्र मिश्रा निवासीगण ग्वाल मैदन कन्नौज, अजीत पुत्र बनवारी लाल निवासी दहले पुरवा कन्नौज उपस्थिति हेतु न्यायालय द्वारा 30 अप्रैल, 4 मई को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फर्रुखाबाद को अभियुक्तगणों को नोटिस व गैर जमांतीय अधिपत्र तामिला हेतु निर्गत किये गये थे, परन्तु संबंधित पुलिस द्वारा बार-बार इस आशय की आख्या प्रेषित की जा रही है। अभियुक्तगण उपरोक्त की तामीला अमल में लायी गयी तो वारंटी दस्तयाब नहीं हुए। उक्त प्रकरण के संबंध में 21 मई व 11 जून को पत्र प्रेषित कर अपेक्षा की गयी थी कि आप पत्र केइ साथ संलग्न आदेशिकाओं का निष्पादन क्षेत्राधिकारी स्तर के पुलिस अधिकारी से कराकर तथा अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें, परन्तु अभियुक्तगण अभी तक गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश नहीं किया गया। 14 जून को क्षेत्राधिकारी व्यक्तिगत रुप से अभियुक्तगण की उपस्थित न्यायालय में सुनिश्चित कराये, अन्यथा 18 जून को संबंधित क्षेत्राधिकारी को व्यक्तिगत रुप से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु प्रेषित किया गया था। 18 जून को 1 बजे तक अभियुक्तगण न्यायालय में उपस्थित आये और न ही संबंधित क्षेत्राधिकारी ही न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्पष्टीकरण किये। यह आपके कर्तव्य की घोर उपेक्षा का परिचायक है। प्रस्तुत प्रकरण उच्चतम न्यायालय द्वारा समयबद्ध निस्तारित किये जाने हेतु दिशा निर्देशित है। 1 जुलाई को तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष उपस्थिति सुनिश्चित कराये अन्यथा आप व्यक्तिगत रुप से उक्त तिथि को 12 बजे उपस्थित हो और क्यों न आपके विरुद्ध कर्तव्य उपेक्षा के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित की जाये।

# निर्जला एकादशी पर वितरित किया गया शरबत


शरबत वितरित करते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जेठ माह के आखिरी मंगलवार एवं निर्जला एकादशी पर रेलवे रोड स्थित निकट सरस्वती भवन पर हनुमान मंदिर पर भक्तों ने भीषण गर्मी में लोगों को शरबत पिलाकर गर्मी से निजात दिलाने का कार्य किया। सुबह से ही नगर में जगह-जगह पर सब्जी कचौड़ी एवं शरबत का वितरण किया गया। जिसकी व्यवस्था मंदिर के पुजारी अनिल त्रिवेदी, विजय पटवा, रितेश पांडे, महेंद्र सिंह भदोरिया, पिकू वर्मा, कल्लू दीक्षित, आशीष वर्मा, रितेश पांडे आदि लोगों का सहयोग रहा।

## खबरें एक नजर में

### 45 वर्षों तक दंपत्ति साथ-साथ रहे कुछ घंटे के अंतराल पर दोनों ने तोड़ा दम

**जालौन (उरई)।** एक दंपत्ति ने साथ जीने-मरने का वादा निभाया। पत्नी के मौत के कुछ घंटे बाद ही वृद्ध ने भी दम तोड़ दिया। साथ-साथ रहने वाले दंपत्ति अंतिम संस्कार भी एक साथ ही हुआ। घटना की चर्चा जैसी ही क्षेत्र में फैली लोगों ने मृतक दंपत्ति के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हिरदेशाह निवासी पार्वती प्रजापति (65) व मगन प्रजापति (70) करीब शादी के बाद करीब 45 वर्ष तक एक साथ रहे। दोनों ने साथ जीने मरने का वादा किया था और इस वादे को अंतिम समय तक निभाया। पिछले कुछ समय से पार्वती बीमार चली रही थी। सोमवार की रात को उनका देहांत हो गया। मंगलवार सुबह जब पति मगन प्रजापति चाय लेकर उनके पास पहुंचे तो देखा कि वह बिस्तर पर मृत अवस्था में है। उनकी मृत्यु से पति मगन सदमे में आ गए। उधर, परिजन उनके अंतिम संस्कार की तैयारी करने लगे। हिंदू रीति रिवाज के अनुसार पति के जीवित रहते पत्नी की मृत्यु होने पर उसे सोलह श्रृंगार से सजाने की परंपरा है। इसी परंपरा के अनुसार जब पति मगन अंतिम बार उनकी मांग में सिंदूर भरने लगे तो अचानक से उनकी भी हालत खराब हो गई और कुछ ही देर में उनकी भी मौत हो गई। बाद में पति और पत्नी का एक ही साथ अंतिम संस्कार किया गया। बड़े पुत्र अनूप कुमार प्रजापति ने उन्हें मुखाग्नि दी। मृतक के बड़े बेटे अशोक कुमार ने बताया कि अस्वस्थ होने से मां की मृत्यु हो गई थी। इसके कुछ घंटे बाद ही पिताजी का भी देहांत हो गया। माता और पिता दोनों का ही एक साथ अंतिम संस्कार करना पड़ा। छोटे बेटे अरूण प्रजापति ने बताया कि माता-पिता के बीच अटूट प्रेम था। मां की बीमारी के समय भी पिता उनका पूरा ध्यान रखते थे। वृद्धावस्था में होते हुए भी पिताजी मां को समय पर भोजन, नाश्ता, दवाई देते थे। दोनों ने वैवाहिक जीवन के लगभग 45 वर्ष साथ बिताए और एक साथ दुनिया को अलविदा कह गए। एक साथ पति और पत्नी की मौत होने की खबर नगर के लोगों को हुई तो उन्होंने मृतक दंपत्ति के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी।

### पालिका द्वारा निर्मित दुकानों का छज्जा गिरने से दुकानदार परेशान

**कालपी (जालौन)।** पालिका बाजार में पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हुआ छज्जा दुरुस्त नही हुआ। जिससे दुर्घटना होने की आशंका में दुकानदार परेशान है। विदित हो कि गत चार वर्ष पूर्व पालिका परिषद ने वन विभाग परिसर के पास सड़क किनारे खाली पड़ी जमीन पर पालिका बाजार बनाया था जिसको किराये पर लेने के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा सार्वजनिक नीलामी में भारी कीमत पर नीलामी की गई थी जिसमें लगभग 30 दुकानों में पालिका 1 करोड़ से अधिक राजस्व मिला था हालांकि बाद में वन विभाग द्वारा उक्त जमीन पर दावा ठोक देने से पालिका की यह योजना अधर में लटक गई है जिससे बड़ी वजह में निर्मित दुकानों की नीलामी नही हो सकी थी जिसके बाद से यह बाजार उपेक्षा का शिकार हो गया है जिसके चलते पेड़ गिरने से क्षतिग्रस्त हुआ छज्जा अब तक दुरुस्त नहीं किया जा सका है। जिससे दुकानदार डर के साए में जी रहे हैं उन्हें उसके गिरने से दुर्घटना होने की आशंका है और उन्होंने इस मामले की शिकायत पालिका प्रशासन से भी की है। इस संबंध में जब पालिका के अधिशाषी अधिकारी अवनीश शुक्ला से बात करने की कोशिश की तो उनका फोन बंद मिला। इस दौरान राजस्व निरीक्षक रामभवन सिंह ने कहा है कि शिकायत आई है शीघ्र ही पेड गिरने से क्षतिग्रस्त हुए छज्जा को दुरूस्त कराया जाएगा।

### नौकरी से बंचित सीजनल संग्रह अमीनों ने डीएम को दिया प्रत्यावेदन

**जालौन (उरई)।** बीते 23 वर्षों से काम न मिलने के कारण सीजनल संग्रह अमीन घर पर बैठे हैं। काम न मिलने से सीजनल संग्रह अमीनों के परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। नौकरी से वंचित सीजनल संग्रह अमीनों ने डीएम को प्रत्यावेदन देकर सीआरए की हठधर्मिता की शिकायत की है एवं मामले की जांच कराकर उन्हें नियुक्ति दिलाने की भी मांग की है। राजस्व विभाग ने राजस्व वसूली के लिए 1989 में सीजनल अमीनों की नियुक्ति की थी। इन अमीनों ने मेहनत करके सरकार का राजस्व वसूल कर खजाने को भरा था। सरकार ने अधिकांश सीजनल अमीनों को स्थाई कर दिया है। लेकिन तहसील में अभी भी लगभग आधा दर्जन सीजनल अमीन ऐसे हैं, जिन्हें अभी तक सरकार द्वारा स्थाई नियुक्त नहीं दी गई है। स्थाई नियुक्ति न होने व अन्य कोई काम न होने के चलते सरकारी अमीन रहे सीजनल अमीनों के परिवार आज भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। सीजनल राजस्व संग्रह अमीन राजेश कुमार भास्कर, जगमोहन सिंह यादव, उमाकांत श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि कुछ प्रशासनिक अधिकारी व सीआरए शासन को गुमराह कर रहे हैं। सीआरए के निजी स्वार्थों के चलते उन्हें नौकरी से वंचित किया जा रहा है। नौकरी से वंचित होने के कारण वह भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं।

# चेक बाउंस हो जाने के मामले में न्यायलय में याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** चेक बाउंस हो जाने के मामले में पीड़िता ने मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में याचिका दायर की।

जनपद शाहजहांपुर थाना जलालाबाद ग्राम याकूतपुर डडिया निवासी सुखदेवी पत्नी कैलाश ने न्यायालय में दायर की याचिका में दर्शाया कि एक आवासीय प्लाट चांदपुर तहसील सदर को सुमन प्रभा यादव पत्नी संदीप कुमार निवासी दहलिया परगना खाखटमऊ अमृतपुर को 4 अप्रैल 2024 को 4 लाख 50 हजार रुपये में विक्रय किया था। विपक्षी ने 3 लाख 50 हजार रुपये कर दिया। तथा शेष 1 लाख रुपया भुगतान हेतु भारतीय स्टेट बैंक शाखा सधवाड़ा की चेक दी थी। भुगतान हेतु बड़ौदा यूपी बैंक शाखा कृष्णा नगर शाहजहांपुर में 15 अप्रैल को लगायी। बैंक द्वारा विपक्षी के खाते में पर्याप्त धन न होने के कारण अपर्याप्त निधि टिप्पणी के साथ चेक रिर्टन मेमो 16 अप्रैल को वापस कर दी गई। जिसकी जानकारी विपक्षी को दी। जिसके बाद मई माह के प्रथम सप्ताह में पुनः चेक लगाकर धनराशि प्राप्त कर लेने का आश्वासन दिया। पुनः चेक खाते में लगायी, लेकिन पर्याप्त धन न होने के कारण भुगतान नहीं हुआ। 10 मई को बैंक ने चेक वापस कर दी। जिसके बाद आरोपीगण टालमटोल करने लगे। जिसके बाद पीड़िता ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भी भिजवाया। पीड़िता ने धारा 138 एनआई एक्ट के तहत तलब कर दंडित करने व रुपया दिलाये जाने की मांग की।

## अकोढ़ी दुबे सचिवालय का कम्प्यूटर व इंवर्टर खराब पड़ा

**जालौन (उरई)।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे में सचिवालय का कम्प्यूटर व इंवर्टर खराब पड़ा है और दिन में बिजली न आने से सचिवालय में ताला लटक रहा है। जिससे लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

सरकार ग्रामीणों की समस्याओं को कम करने व उन्हें सहूलियत देने का प्रयास कर रही है। इसके लिए ग्रामीणों को गांव में ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के पंचायत भवन में सचिवालय स्थापित किए गए हैं। सचिवालय में पंचायत मित्र के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। सचिवालयों में कम्प्यूटर लगाने के साथ ही इंवर्टर आदि की भी व्यवस्था की गई है।

# निर्जला एकादशी पर युवाओं ने बांटा शरबत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


निर्जला एकादशी पर शरबत वितरित करते युवा

**फतेहगढ़ कोतवाली** क्षेत्र के पुलिस लाइन गेट पर जेठ माह के आखिरी मंगलवार एवं निर्जला एकादशी पर मोहल्ला ग्रानगंज के भक्तों ने भीषण गर्मी में लोगों को शरबत पिलाकर गर्मी से निजात दिलाने का कार्य किया। सुबह 8 बजे से ही आपपास के लोगों की भीड़ उमड़ी और ठंडा शरबत पीकर गर्मी से निजात पायी। मान्यता है कि जेठ माह के आखिरी मंगलवार को शरबत व भण्डारे का जो आयोजन करता है उनकी मनोकामनायें पूर्ण होती है। साथ ही परिवार की सुख समृद्धि के लिए भी लोग निर्जला एकादशी पर स्टाल लगाकर शरबत वितरित करते है। साथ ही भण्डारे का आयोजन करते है। पूरे दिन चले शरबत वितरण में लोगों ने प्यास बुझायी। इस मौके पर निहाल, अंकित माथुर, लाला भाई, सोनेलाल दिवाकर, विरजू, बब्लू, राम आसरे, रामसिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# एफएसडीएम ने छापेमारी कर 25 सर्विलांस नमूने किये संग्रह

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



जांच करती टीम — समृद्धि न्यूज


**विशेष सर्विलांस** महाअभियान के अन्तर्गत एफएसडीए ने जनपद में छापेमारी कर आइसक्रीम, फ्रोजन डेजर्ट, आईसकैण्डी/आइसलौलीज के 25 नमूने संग्रह किये। जिन्हे जांच के लिए निर्धारित प्रयोगशाला भेजा गया है। मंगलवार को मुख्य खाद्य सुरक्षाधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षाधिकारी बिजेन्द्र कुमार, डा0 शैलेन्द्र रावत, अरुण कुमार मिश्र, विमल कुमार, आशीष कुमार वर्मा ने जनपद में छापेमारी कर अभियान चलाया। इस दौरान ने आइसक्रीम के 10, फ्रोजन डेजर्ट के 10, आईसकैण्डी/आइसलौलीज के 5 नमूने संग्रह किये। जिन्हे टीम ने निर्धारित प्रयोगशाला में जांच के लिए भेज दिया। छापेमारी के दौरान अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया।

# लेखपालों की साप्ताहिक मीटिंग में बाढ़ से पहले व्यवस्थाओं पर दिया जोर

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार को उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल अध्यक्षता में लेखपालों तथा राजस्व कर्मचारियों की साप्ताहिक बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बिरासत के मामलों को जल्द निपटाने के लिए जोर दिया गया। तहसील के सभागार में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी तथा नायब तहसीलदारों की मौजूदगी में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में शुरू होने वाली बारिश तथा बाढ़ की सम्भावना के पहले इलाकों में पुख्ता इंतजाम कर लिये जायें। उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल में दर्ज शिकायतों का तत्परतापूर्वक मौके पर जाकर के गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण नियत तिथि से 3 दिन पहले किया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि गांवों में सरकारी भूमि में अतिक्रमण पर कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाये। उप जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि कुरा बंटवारे की जो पत्रावलियां लम्बित है उनमें रिपोर्ट तैयार कर नियत तिथि से पहले न्यायालय में प्रस्तुत करें। बैठक में नायाब तहसीलदार हरदीप सिंह, नीलमणि सिंह, राजस्व निरीक्षक राम राजा राजपूत, सदर लेखपाल जितेंद्र कुमार, जयवीर सिंह, प्रमोद दुबे, प्रियंका सिंह, एसके महान, शिव मंगल पाठक, स्टैनो सलीम खान, सेवेंद कुमार, सैयद टीपू, सेवेंद कुमार के अलावा राजस्व कर्मचारी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# संगठन में परिवर्तन जल्द होने की संभावना: अवनीश कुमार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


एमएलसी अवनीश कुमार का स्वागत करते युवा मोर्चा के पदाधिकारी

**जनपद में** समीक्षा हेतु आए एमएलसी लखनऊ स्नातक निर्वाचन क्षेत्र अवनीश कुमार सिंह ने भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। वहीं लोगों ने क्षेत्रीय विधायक पर ठीकरा फोड़ा। कहा कि सपा के लोगों की भर्ती क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने की। जिस कारण चुनाव में वोट कम निकला। उन्होंने कहा कि वोट कम निकलने को लेकर मंथन होगा और संगठन में बदलाव किया जायेगा। साथ ही युवा मोर्चा में भी बदलाव के संकेत दिये। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी में जुटने और पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने पर बल दिया। युवा मोर्चा के क्षेत्रमंत्री शशांक शेखर मिश्रा ने कहा कि जनपद में संगठन परिवर्तन जल्द होगा। इस मौके पर वेदांत कटियार, अजीत महाजन, मीडिया प्रभारी राहुल राठौर, गौरव कटियार, अमन गुप्ता, शुभम मिश्रा, अखिल मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में एमआईसी में निबंध प्रतियोगिता संपन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


प्रतियोगिता के दौरान छात्र-छात्रायें व शिक्षकगण — समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी एवं** मुख्य विकास अधिकारी के आदेशानुसार जनपद स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जनपद के मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज, रस्तोगी इंटर कॉलेज, मोहनलाल शुक्ला इंटर कॉलेज, रखा बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़, म्युनिसिपल इंटर कॉलेज आदि विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता 11 बजे से 12 तक चली। प्रतियोगिता का आयोजन बालक तथा बालिका वर्गो में किया गया। बालक-बालिकाओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योग से होने वाले फायदे तथा योग के बारे में निबंध लिखे गए। बालिका वर्ग में मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा चेतना कुशवाह प्रथम स्थान पर, जबकि द्वितीय स्थान पर मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा श्रुति राजपूत एवं आरआरपी पब्लिक स्कूल की छात्रा इक्षा साहू रहीं। तृतीय स्थान पर मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा राधिका खंडेलवाल एवं जेएसएम पब्लिक स्कूल की छात्रा शैली सिंह रहीं। वहीं बालक वर्ग में मोहनलाल शुक्ला इंटर कॉलेज के छात्र हरिओम प्रथम स्थान पर, स्वामी रामानंद बालक इंटर कॉलेज के अथर्व वर्मा द्वितीय स्थान पर एवं रस्तोगी इंटर कॉलेज के छात्र कार्तिक श्रीवास्तव तृतीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर ने सभी विजेता छात्र एवं छात्राओं को बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डॉ0 दिनेश चंद्रा, निशित कुमार सक्सेना, संदीप कुमार यादव, गजेन्द्र सिंह, समीक्षा अग्निहोत्री, कुसुमलता तथा अन्य विद्यालयों से आए शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# वनडे सीरिज के पहले मैच में आईसीसी बैटिंग रैंकिंग्स में दूसरे नंबर पर पहुंची स्मृति मंधाना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने शानदार शतक बनाया। स्मृति मंधआना ने 127 गेंदों पर 117 रनों की पारी खेली।

बहरहाल, स्मृति मंधाना को शानदार शतकीय पारी का फायदा मिला है, अब आईसीसी बैटिंग रैंकिंग्स में स्मृति मंधाना दूसरे नंबर पर पहुंच गई हैं। हालांकि, इंग्लैंड की ऑलराउंडर नेट सीवर ब्रंट टॉप पर बनी हुई है, लेकिन स्मृति मंधाना टॉप पर काबिज होने के काफी करीब पहुंच गई है। भारतीय ओपनर स्मृति मंधाना ने श्रीलंका की




चमारी अट्टापट्टू को पीछे छोड़ दिया है। इससे पहले चमारी अट्टापट्टू बल्लेबाजों की रैंकिंग्स में नंबर-2 पर काबिज थी, लेकिन अब स्मृति मंधाना ने श्रीलंकाई दिग्गज को पछाड़ दिया है।

भारत के बाकी बल्लेबाजों की बात करें तो दीप्ति शर्मा को 3 स्थान का फायदा हुआ है, अब ये ऑलराउंडर 20वें नंबर पर पहुंच गई है। साथ ही पूजा वस्त्राकर ने 3 पायदान की छलांग लगाई है। अब पूजा वस्त्राकर 38वें नंबर पर पहुंच गई है।

दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि भारत और साउत अफ्रीका सीरीज के बाद आईसीसी रैंकिंग में बड़ा बदलाव संभव है। बताते चलें कि भारतीय वीमेंस टीम ने पहले वनडे में साउथ अफ्रीका को 143 रनों के बड़े अंतर से हराया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 265 रनों का स्कोर बनाया। भारत के लिए ओपनर स्मृति मंधाना ने 127 गेंदों पर 117 रनों का पारी खेली।

# दक्षिण चीन सागर में चीन व फिलीपीन के जहाज टकराए

▸ दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव

एजेंसी

**बीजिंग/मनीला।** विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने दावों को स्थापित करने के लिए चीन-फिलीपीन टकराव ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया जब उनके नौसैनिक जहाजों के बीच पहली बार टकराव हुआ।

बीजिंग ने विदेशी जहाजों के खिलाफ कार्रवाई करने और चीनी जल क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने के संदेह में विदेशियों को हिरासत में लेने के लिए नए नियम जारी करने के बाद यह पहली ऐसी घटना हुई। चीन दक्षिण चीन सागर (एससीएस) के अधिकांश हिस्से पर




अपना दावा करता है, हालांकि फिलीपीन, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान भी उस पर हक जताते हैं जिसे लेकर क्षेत्र में गहरा विवाद है। चीन के तटरक्षक बल ने बताया कि फिलीपीन के एक पोत और एक चीनी जहाज के बीच टक्कर हो गई, यह घटना उस समय हुई जब फिलीपीन का जहाज 'सेकेंड थॉमस शोल' के पास के पानी में अवैध रूप से प्रवेश किया और खतरनाक तरीके से चीनी जहाज के पास पहुंच गया। इसमें कहा गया है कि एक फिलीपीन आपूर्ति जहाज, चीनी पक्ष की ओर से बार-बार दी गई कड़ी चेतावनियों की अनदेखी करते हुए, जानबूझकर और खतरनाक तरीके से रेनाई जियाओ के निकटवर्ती जलक्षेत्र में सामान्य रूप से नौकायन कर रहे चीनी जहाजों के पास पहुंच गया।बयान में कहा गया है कि इस घटना ने समुद्र में टकराव की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय विनियमों का उल्लंघन किया। इस घटना के कारण मामूली टक्कर हुई, जिसके लिए पूरी तरह से जिम्मेदारी फिलीपीन पक्ष की है। बयान में हालांकि किसी भी पक्ष को किसी प्रकार की क्षति या चोट का उल्लेख नहीं किया गया।

### चीन सागर में अपना दावा जमा रहा फिलीपीन

पिछले कुछ महीनों में दोनों देशों की नौसेनाओं और तटरक्षकों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि फिलीपीन ने दक्षिण चीन सागर में सेकेंड थॉमस शोल पर अपना दावा जताने के लिए जोरदार प्रयास किया है, जिस पर चीन का दावा है। चीन का आरोप है कि फिलीपीन ने 1999 में सेकेंड थॉमस शोल, जिसे वह रेनाई जियाओ कहता है, में जानबूझकर एक नौसैनिक जहाज को किनारे पर खड़ा कर दिया था और क्षतिग्रस्त जहाज को नौसैनिक कर्मियों द्वारा संचालित एक स्थायी प्रतिष्ठान में परिवर्तित कर दिया था। तटरक्षक बल के अनुसार, सोमवार की सुबह चीनी जहाज ने फिलीपीन के जहाज को निर्माण सामग्री पहुंचाने से रोकने के लिए उससे टक्कर मार दी। तटरक्षक बल के बयान में कहा गया कि उसके जहाज ने सोमवार की सुबह रेनाई जियाओ के निकट जलक्षेत्र में फिलीपीन के एक जहाज द्वारा अवैध घुसपैठ के जवाब में नियामक उपाय किए हैं।

# कृषि और किसानों का कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता : शिवराज सिंह

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में भाग लेने शहर में आए केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में हाजिरी लगाई।


दरबार में विधिवत दर्शन पूजन के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री मोदी आज पहली बार काशी आ रहे हैं। प्रधानमंत्री करीब 20 हजार करोड़ किसानों के खाते में डालेंगे। कृषि और किसान का कल्याण पीएम, भाजपा और एनडीए सरकार की प्राथमिकता रही है। इसलिए सबसे पहला फैसला प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि किसान के खाते में पहुंचाने का फैसला किया। बनारस आने के पहले कृषि मंत्री ने अपने सोशल मीडिया के एक्स अकाउंट पर लिखा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व



में सरकार किसानों के कल्याण के लिए संकल्पित है। आज प्रधानमंत्री उत्तर प्रदेश के वाराणसी में पीएम किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त के तहत 9.26 करोड़ किसानों के खातों में 20 हजार करोड़ रूपये से अधिक की राशि हस्तांतरित करेंगे। अब तक पीएम किसान सम्मान निधि से करोड़ों किसान लाभान्वित हुए हैं, यह योजना किसानों के जीवन को आसान व कृषि को प्रोत्साहित करने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हुई है। पत्रकारों से वार्ता के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

### बहादुर हिमवीरों पर हमें है गर्व : शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लाहौल और स्पीति में एक बचाव अभियान चलाने के लिए भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की माउंटेन रेस्क्यू टीम की सराहना की है। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में अमित शाह ने कहा कि हमें अपने बहादुर हिमवीरों पर गर्व है। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी की माउंटेन रेस्क्यू टीम ने हाल ही में लाहौल और स्पीति की दुर्गम चोटियों पर एक चुनौतीपूर्ण खोजी अभियान चलाया और एक अमरीकी नागरिक का पार्थिव शरीर वापस लेकर आए, जिनकी पैराग्लाइडिंग करते हुए एक दुर्घटना में मौत हो गई थी।
शाह ने कहा कि स्थानीय प्रशासन के अनुरोध पर आईटीबीपी टीम के सदस्य 14,800 फीट की चढ़ाई कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए मानवता की भावना दिखाते हुए पार्थिव शरीर को वापस लाए। उन्होंने कहा कि मानवता के प्रति आईटीबीपी का समर्पण प्रशंसनीय है। लाहौल और स्पीति में काजा के पास लापता हुए 31 वर्षीय अमेरिकी पैराग्लाइडर मिस्टर बॉकस्टहलर ट्रेवर के अवशेषों को 48 घंटे से अधिक समय तक चले सबसे चुनौतीपूर्ण बचाव मिशन में से एक के बाद आईटीबीपी पर्वतारोहियों द्वारा 14800 फीट से नीचे लाया गया। पार्थिव शरीर को पुलिस थाना काजा ले जाया गया है।



# बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों में झड़प के बाद भड़की हिंसा

▸ पूरे शहर में लगा कर्फ्यू लोगों से बाहर न निकलने की अपील

एजेंसी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर में गोहत्या के संदेह में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद भड़की हिंसा और आगजनी की घटनाओं के बाद कर्फ्यू लगा दिया गया। यह फैसला सोमवार दोपहर से देररात तक हुए उपद्रव के बाद बिगड़े हालात के मद्देनजर लिया गया। प्रशासन ने शहर के सभी प्रवेश द्वारों को सील कर दिया है। अगले आदेश तक सभी दुकानें, बाजार, स्कूल और कॉलेज बंद रहने के आदेश दिए गए हैं।।

एसपी (बालेश्वर) सागरिका नाथ का कहना है कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे शहर में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगाया गया है। उन्होंने नागरिकों से घरों से बाहर न निकलने की अपील की। एक-दूसरे को मारने-काटने पर आमादा भीड़ ने गोलापोखरी, मोतीगंज और सिनेमा चौक में जमकर हिंसा की है। उपद्रवियों ने कई मोहल्लों में तांडव करते हुए घरों पर पथराव किया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पूर्वी रेंज के आईजीपी डॉ. दीपक कुमार और एसपी सागरिका नाथ ने हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा किया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और स्थानीय सांसद प्रताप चंद्र षडंगी और बालेश्वर सदर विधायक मानस दत्त ने लोगों से संयम बरतने की अपील की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सोमवार दोपहर सुनहट मुख्य सड़क के किनारे नालियों का पानी लाल होता देख स्थानीय लोगों ने संदेह जताया कि यह गोवंश का रक्त है। स्थानीय लोगों ने यह देखकर नाराजगी जताई और विरोध किया। इससे दो समुदायों के कुछ लोगों के बीच तकरार के बाद टकराव की स्थिति उत्पन्न हुई । इस संबंध में एक शिकायतकर्ता से सूचना मिलने पर पुलिस और मीडिया प्रतिनिधि वहां पहुंचे। बताया गया है कि इस दौरान सैकड़ों मुस्लिम एकत्र हो गए और शिकायतकर्ताओं पर हमला कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### मन की बात 30 जून से, जनता से मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस बात पर खुशी जाहिर की है कि चुनाव के कारण थोड़े अंतराल के बाद फिर से आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम प्रसारित होने जा रहा है। उन्होंने लोगों से इस एपिसोड के लिए सुझाव मांगे हैं।'मन की बात' का 111वां एपिसोड 30 जून को प्रसारित होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से 'मन की बात' के 111वें एपिसोड के लिए अपने विचारों और इनपुट को मायगोव ओपन फोरम, नमो एप पर लिखकर या 1800 11 7800 पर संदेश रिकॉर्ड करके साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह साझा करते हुए खुशी हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद 'मन की बात' वापस आ गया है। इस माह का कार्यक्रम रविवार 30 जून को होगा। मैं आप सभी से इसके लिए अपने विचार और इनपुट साझा करने का आह्वान करता हूं।

### पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए भारतीय शॉटगन टीम घोषित

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मंगलवार को आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय शॉटगन टीम घोषित कर दी है। पृथ्वीराज टोंडाइमन ने पुरुष ट्रैप में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिला ट्रैप में निशानेबाजी करेंगी। अनंतजीत सिंह नरुका भारत के एकमात्र पुरुष स्कीट निशानेबाज होंगे जबकि रायजा ढिल्लन और माहेश्वरी चौहान महिला स्कीट में हिस्सा लेंगी। इससे शॉटगन टीम को मिले पांच कोटा पूरे हो जाएंगे। माहेश्वरी और अनंतजीत स्कीट मिक्स्ड टीम इवेंट में एकमात्र भारतीय जोड़ी के रूप में भी भाग लेंगे, जो पेरिस खेलों में पहली बार हो रहा है। संयोग से, नामित सभी पांच खिलाड़ी अपने पहले ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे। एनआरएआई के महासचिव, सुल्तान सिंह ने कहा, ऽस्थानों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा थी और अगर हाल ही में संपन्न लोनाटो विश्व कप में कुछ निशानेबाजों ने पदक जीते होते तो चीजें बदल सकती थीं। लेकिन हमारा मानना है कि हमारे पास एक बेहतरीन शॉटगन टीम है, जिसने किसी भी खेल में भारत के लिए अब तक के सर्वोच्च स्थान जीते हैं और निश्चित रूप से इस अनुशासन में दूसरा ओलंपिक पदक एक मजबूत संभावना है।ऽ उन्होंने यह भी बताया कि महिला ट्रैप शूटर श्रेयसी सिंह के नाम को भी समिति ने मंजूरी दे दी है और एनआरएआई ने कोटा स्वैप के लिए आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय शूटिंग खेल निकाय) को लिखा है। इस स्थिति में, आईएसएसएफ से आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ही उनका नाम प्रकाशित किया जा सकता है।

### बंगाल व हिमाचल की विस सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने दो राज्यों में विधानसभा के होने वाले उपचुनाव के लिए पार्टी के उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। इस संबध में आज मंगलवार को कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की एक और पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। कांग्रेस पार्टी ने हिमाचल प्रदेश की देहरा सीट से कमलेश ठाकुर को टिकट दिया है। वहीं पश्चिम बंगाल की रायगढ़ सीट से मोहित सेन गुप्ता और बागड़ा से अशोक हालदार को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी इस सूची को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की संतुति के बाद जारी किया गया है। भाजपा प्रत्याशी

### आशीष ने हमीरपुर विस उपचुनाव के लिए किया नामांकन

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी आशीष शर्मा ने मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। उपचुनाव 10 जुलाई को होगा है और वोटों की गिनती 13 जुलाई को होगी।

### विंक स्टूडियो के गानों ने 1.7+ बिलियन स्ट्रीम को किया पार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** डाउनलोड और दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं के मामले में भारत के नंबर वन म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप, विंक म्यूजिक– नवोदित संगीत कलाकारों के लिए अपने गानों को देश भर के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए लॉन्च पैड, ने विंक स्टूडियो के स्वतंत्र कलाकारों के गानों के लिए 1.7+ बिलियन स्ट्रीम की एक प्रभावशाली इंडस्ट्री–अग्रणी उपलब्धि हासिल की है। इन गानों ने, उल्लेखनीय रूप से, विंक स्टूडियो के लॉन्च के दो साल के भीतर इस मील के पत्थर को पार कर लिया है, जो संगीत को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली और उभरते कलाकारों का समर्थन करने के लिए विंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। भारती एयरटेल के मुख्य विपणन अधिकारी, अमित त्रिपाठी ने कहा, हमने उभरते कलाकारों के पास अपने संगीत से कमाई करने के लिए एक प्लेटफ़ॉर्म देने के लिए विंक स्टूडियो को लॉन्च किया साथ ही हमने अपने ग्राहकों को चुनने के लिए एक विशाल संगीत लाइब्रेरी उपलब्ध कराई। इन गानों के लिए 1.7 मिलियन स्ट्रीम यह दिखाता हैं कि हमारे ग्राहक इस संगीत का कितना आनंद ले रहे हैं जबकि हम इससे कलाकार की मदद कर पा रहे हैं। दो साल से भी कम समय में, विंक स्टूडियो इतना लोकप्रिय हो गया है कि हम देश भर से कलाकारों को साइन कर रहे हैं, जबकि हम विंक पर भाषा विविधता को भी बढ़ावा देते हैं। हम विविधता लाने और अधिक कलाकारों को संगीत में सफल कैरियर बनाने में सक्षम बनाने का वादा करते हैं। देश में संगीत प्रतिभाओं को पहचानने और कलाकारों को संगीत उद्योग में स्थायी करियर बनाने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से विंक स्टूडियो की शुरुआत की गई थी।



राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

### माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में मौसम खराब, हजारों पर्वतारोही फंसे

**काठमांडू।** माउट एवरेस्ट की चढ़ाई कर वापस लौट रहे हजारों पर्वतारोही अचानक मौसम खराब होने से रास्ते में फंसे हुए हैं। यह लोग एवरेस्ट बेस कैंप तक आ चुके हैं। बर्फीली हवाओं के बीच फंसे इन पर्वतारोहियों के पास मौसम खुलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। खराब मौसम के कारण बेस कैंप से सबसे करीब लुक्ला एयरपोर्ट (तेनजिंग हिलेरी विमानस्थल) पिछले 10 दिन से बंद है। नेपाल में मानसून प्रवेश कर चुका है। लगातार बारिश होने से मौसम बिगड़ गया है। इन पर्वतारोहियों में नेपाल के अलावा अन्य देशों के भी नागरिक भी शामिल हैं। लुक्ला के एयर ट्राफिक कंट्रोलर दिवेश दाहाल ने बताया है कि आठ जून से ही एक भी विमान ने उड़ान नहीं भरी है। मौसम विज्ञान विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों तक लुक्ला के मौसम में सुधार के कोई संकेत नहीं है। एयरपोर्ट बंद होने के कारण लुक्ला के सारे होटल फुल हैं। सैकड़ों पर्यटकों को रूम नहीं मिल पाए हैं। ऐसे लोगों को स्थानीय प्रशासन ने होम स्टे सुविधा उपलब्ध कराई है।

# 12 करोड़ से बकरा नदी पर बन रहा पड़रिया पुल ढहा

▸ सांसद ने मामले में उच्च स्तरीय जांच के दिए आदेश

एजेंसी

**अररिया।** बिहार में अररिया जिले के सिकटी अन्तर्गत पड़रिया में बकरा नदी पर कुल 12 करोड़ की लागत से बन रहा पुल मंगलवार को बकरा नदी में समा गया।पुल का तीन से चार पाया नदी में समा गया। पुल के नदी में समाने को लेकर सांसद प्रदीप कुमार सिंह और सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने इसे संवेदक और विभागीय लापरवाही का नतीजा करार दिया।

सांसद और विधायक ने बताया कि पुल की पाइलिंग में गड़बड़ी बरतने के साथ रात में संवेदक के द्वारा गुणवत्ता विहीन काम करने का नतीजा है पुल का गिरना। सांसद ने मामले की जांच उच्च स्तरीय टीम के साथ कराने के साथ जिम्मेवार संवेदक और विभागीय अधिकारियों पर कार्रवाई की बात कही। पुल निगम के अधिकारी इस बाबत कुछ भी नहीं बोल रहे हैं। सिकटी भाजपा विधायक विजय कुमार मंडल ने संवेदक द्वारा रात के अंधेरे में



पुल का निर्माण व पाइलिंग कार्य किये जाने की बात करते हुए कहा कि पुल का अगर पाइलिंग सही होता तो उसका तीन से चार पाया बकरा नदी के गर्भ में नहीं समाता। उन्होंने विभागीय अधिकारी व संवेदक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यहां तक कहा है कि तत्काल संवेदक व विभागीय कार्यपालक अभियंता व विभागीय अधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाय।

बकरा नदी पर पडरिया के पास बन रहा यह पुल जिले के सिकटी प्रखंड और कुर्साकांटा प्रखंड को जोड़ने वाला अति महत्वपूर्ण पुल था।शुरुआती दौर में यह 7 करोड़ 80 लाख की लागत का था,लेकिन बाद में नदी की धारा बदलने और एप्रोच सड़क को लेकर कुल 12 करोड़ की लागत का हो गया था।लेकिन पड़रिया पुल बनने से पहले ही अपने निर्माण के दौरान ही नदी के गर्भ में समा गया।

बकि वर्षों से स्थानीय लोगों की मांग पर सांसद प्रदीप कुमार सिंह और विधायक विजय कुमार मंडल ने अथक प्रयास से यहां पुल बनना शुरू हुआ था। इतना ही नहीं जब यह पुल बनना शुरू हुआ तो पहली बार नदी का किनारा बाढ़ के कारण दूर हो गया। इसके बाद 12 करोड़ की लागत से नदी को किनारे तक को जोड़ने के लिए पुल का निर्माण शुरू हुआ। लेकिन विभागीय लापरवाही व संवेदक की लापरवाही के कारण पुल बकरा नदी के गर्भ में समा गया। बकरा नदी व कुर्साकांटा के बीच डोमरा बांध पर इस पुल का निर्माण हो रहा था।

# छठी मैया की बिटिया में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी जया भट्टाचार्य

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अभिनेत्री जया भट्टाचार्य किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। फिल्म देवदास से लेकर मिमी तक और क्योंकि सास भी कभी बहू थी और थपकी प्यार की जैसे टीवी शोज़ में अपने उत्कृष्ट अभिनय से वे भारतीय मनोरंजन इंडस्ट्री में अपना एक महत्वपूर्ण स्थान बना चुकी हैं। अब, वे सन नियो के नए शो छठी मैया की बिटिया में एक नए किरदार के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार हैं।

जया शो में उर्मिला की भूमिका निभा रही हैं, जो मुख्य किरदार कार्तिक (आशीष दीक्षित द्वारा अभिनीत किरदार) की सौतेली माँ हैं। उर्मिला का किरदार कई जटिलताओं से भरा हुआ है, जो कहानी में कई नए तार जोड़ेगा। टीवी पर नकारात्मक भूमिकाओं को निभाने के लिए जानी जाने वालीं




अभिनेत्री ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्होंने सात साल तक काम क्यों नहीं किया। जया भट्टाचार्य ने इस पर खुलकर चर्चा करते हुए कहा, ऐसा लगता है जैसे मेरे माथे पर नकारात्मक शब्द लिखा हुआ है। अब तक के करियर में मुझे अधिकतर नकारात्मक भूमिकाएँ ही मिली हैं। इसलिए, मैंने सात साल तक काम नहीं करने का फैसला किया। मैं केवल नकारात्मक किरदार नहीं निभाना चाहती थी, मैं विविध भूमिकाएँ निभाना चाहती थी और एक पूर्ण चरित्र को प्रस्तुत करना चाहती थी, जिससे एक कलाकार को खुशी और संतुष्टि मिलती है।

# टी-20 वर्ल्ड कप : चार ओवर में बिना एक भी रन दिए 3 विकेट हासिल करने वाले पहले गेंदबाज बने फर्ग्यूसन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन ने सोमवार को पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए अनोखा रिकॉर्ड बना डाला। न्यूजीलैंड ने पीएनजी को 78 रन पर आउट कर 12.2 ओवर में इस स्कोर को हासिल कर लिया।

इस मुकाबले में लॉकी फर्ग्यूसन ने 4 ओवर में बिना एक भी रन दिए 3 विकेट हासिल की। इसके साथ ही वह टी-20 वर्ल्ड कप के इतिहास में ऐसा करने वाले पहले गेंदबाज बने हैं। फर्ग्यूसन ने 4 ओवर में 24 गेंदें फेकी और एक गेंद पर रन नहीं दिया. वह कनाड़ा के साद बिन जफर के बाद बिना एक भी रन दिए स्पैल डालने वाले टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं. इसके अलावा इस मुकाबले में ट्रेंट बोल्ट ने 14 रन देकर 2 विकेट झटके फर्ग्यूसन ने विपक्षी




बल्लेबाजों को इस हद तक परेशान करना जारी रखा कि पीएनजी अपने पहले तीन ओवरों में एक भी रन नहीं बना सका।

उनके इस स्पेल ने न्यूजीलैंड को विपक्षी टीम को 78 के कुल स्कोर पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। फर्ग्यूसन ने अपने शानदार स्पेल के दौरान असद वाला, चार्ल्स अमिनी और चाड सोपर के विकेट लिए। इसके अलावा, फर्ग्यूसन ने टी20 विश्व कप में सबसे किफायती 4-ओवर स्पेल की सूची में अपने साथी टिम साउथी को पीछे छोड़ दिया साउथी ने युगांडा के खिलाफ खेलते हुए मौजूदा संस्करण में चार रन लुटाते हुए तीन विकेट लिए थे। फ्रैंक न्सुबुगा तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने पीएनजी के खिलाफ चार रन देकर दो विकेट लिए थे, जबकि दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्टजे श्रीलंका के खिलाफ सात रन देकर चार विकेट लेकर चौथे स्थान पर हैं। ईश सोढ़ी, ट्रेंट बोल्ट और टिम साउथी ने भी दो-दो विकेट लिए और विपक्षी टीम को स्कोरबोर्ड पर अच्छा स्कोर बनाने नहीं दिया।

### सेना के आर आर अस्पताल ने त्वचा बैंक सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली।** सेना के रिसर्च और रेफरल अस्पताल (आर एंड आर) ने एक अत्याधुनिक त्वचा बैंक सुविधा केन्द्र की शुरूआत की है। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाओं में यह अपनी तरह की पहली सुविधा है। इस ऐतिहासिक पहल का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को आग में जलने के कारण शरीर में गंभीर बीमारी और त्वचा से संबंधित अन्य बीमारियों के उपचार में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। यह त्वचा बैंक 'स्किन ग्राफ्ट' के संग्रह, प्रसंस्करण, भंडारण और वितरण के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में काम करेगा। इस तरह यह देश भर में सैन्य चिकित्सा केंद्रों को महत्वपूर्ण संसाधन प्रदान करेगा। इस सुविधा केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य सैन्य कर्मियों और उनके परिवारों को सबसे उन्नत 'स्किन रिप्लेसमेंट' उपचार सुविधा प्रदान करना है। इस स्किन बैंक में प्लास्टिक सर्जन, टिश्यू इंजीनियर और विशेष तकनीशियनों सहित उच्च प्रशिक्षित चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम काम करेगी।

# चीनी नागरिक के पास से मिला नेपाली नागरिकता का प्रमाणपत्र

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में 6 किलो सोने और 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार चीनी नागरिक के पास से नेपाली नागरिकता का भी प्रमाणपत्र मिला है, जिससे सरकार में हड़कंप मच गया है। अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि चीनी नागरिक को नेपाली नागरिकता आखिर कैसे मिल गई? दरअसल, पिछले साल हुए 100 किलो सोने की तस्करी के मामले की नए सिरे से हो रही जांच के दौरान दो दिन पहले एक और चीनी नागरिक की गिरफ्तारी हुई थी।

उसके पास से पुलिस को 6 किलो सोना और 50 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे। पुलिस ने जब उसके ठिकाने पर छापा मारा तो उसके पास से नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र भी मिला है। फर्जी नागरिकता के सहारे सोने की तस्करी करने का खुलासा होने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सोने की तस्करी की जांच कर रहे नेपाल पुलिस की केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) के प्रवक्ता हविन्द्र बोगटी ने बताया कि 100 किलो सोने की तस्करी की जांच के क्रम में 37 वर्षीय चीनी नागरिक शेरम ग्याल्मो को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से सोनाम शेर्पा के नाम का नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र मिला है।

बोगटी ने बताया कि यह प्रमाणपत्र सिन्धुपालचोक जिला प्रशासन कार्यालय से जारी किया गया है। उनके मुताबिक अब इस बात की भी जांच की जा रही है कि चीनी नागरिक को नेपाली नागरिकता आखिर कैसे मिल गई? इससे पहले भी 100 किलो सोने की तस्करी के क्रम में गिरफ्तार कुछ और चीनी नागरिकों के पास भी नेपाली नागरिकता का प्रमाण पत्र बरामद हुआ था, जिसके बाद कुछ सरकारी कर्मचारियों की भी गिरफ्तारी हुई है।